नई दिल्ली
शनिवार, 16 दिसंबर 2023
मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 27, अंक : 251
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 07

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

# पीएम मोदी आज पांच राज्यों में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को दिखाएंगे हरी झंडी

## 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से भी संवाद करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज सायं 4 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' को झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इस दौरान वे सूचना-शिक्षा-संचार वैन को वर्चुअल रवाना करेंगे। कार्यक्रम में पीएम 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से संवाद करेंगे। पीएम इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। देश भर से हजारों 'विकसित ▶▶ शेष पेज 5 पर



### 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' कार्यक्रम का आयोजन

केन्द्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम आईईसी मोबाइल वैन के जरिए होगा। इसके जरिए प्रधानमंत्री मोदी का संदेश, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। इसके अलावा योजनाओं से संबंधित पम्फलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं के लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वेब पोर्टल से होगी मॉनिटरिंग

*भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनिटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी। यात्रा से संबंधित सामग्री इस वेब पोर्टल में साझा की जाएगी। साथ ही हितग्राहियों को दिये जाने वाले लाभ की सूचना पोर्टल में होगी। शिविरों में आने वाले आवेदनों के संबंध में भी जानकारी इस पोर्टल में होगी। बता दें कि पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। इस यात्रा के माध्यम से सरकार अपनी महत्वाकांक्षी पहल और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का काम कर रही है। इसका उद्देश्य सरकार और लोगों के बीच की दूरी को पाटना, समुदायों को सशक्त बनाना और एक समावेशी और विकासशील भारत की नींव रखना है।*

## नंबर-10 की तरह नंबर-7 की जर्सी को भी किया गया रिटायर




# धोनी को भी मिला सचिन जैसा सम्मान

*बीसीसीआई का बड़ा फैसला... अब भारत के किसी खिलाड़ी को इन दोनों नंबर की जर्सियां नहीं मिल पाएंगी*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई ने भारत के एक महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनकी जर्सी नंबर-10 को रिटायर कर दिया था। अब बीसीसीआई ने भारत के पूर्व महान कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के जर्सी नंबर-7 को भी रिटायर कर दिया है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने महेंद्र सिंह धोनी के सम्मान में ▶▶ शेष पेज 5 पर

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में धोनी के कीर्तिमान

महेंद्र सिंह धोनी ने अपने करियर में कुल 90 टेस्ट, 350 वनडे, और 98 टी20 मैच खेले हैं। इन फॉर्मेट में धोनी ने क्रमशः 38.09 की औसत से 4876 रन, 50.57 की औसत से 10,773 रन, और 37.60 की औसत से 1617 रन बनाए थे। इसके अलावा धोनी ने बतौर विकेटकीपर टेस्ट ▶▶ शेष पेज 5 पर

## पूछताछ में ललित ने खोले कई राज, सात दिन की रिमांड पर सभी आरोपी

# संसद का प्लान फेल होता तो बाहर फोड़ते स्मोक बम, ये था प्लान बी!

नए संसद भवन में घुसपैठ कर स्मोक बम फेंकने के मामले के मास्टरमाइंड ललित झा ने पूछताछ में बताया कि उसने संसद में घुसपैठ और प्रदर्शन के लिए दो प्लान तैयार किए थे। प्लान ए के फेल हो जाने पर प्लान बी भी बनाकर रखा था। पूछताछ में उसने बताया कि वो टीवी पर लगातार संसद सुरक्षा में चूक से जुड़ी हर अपडेट देख रहा था। इधर आरोपी सागर शर्मा के घर से मिली डायरी में भी उत्तेजक बातें लिखीं मिलीं। पुलिस ने सभी आरोपियों को सात दिन की रिमांड पर लिया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पुलिस का कहना है कि आरोपियों के पूरे प्लान के बारे में पता किया जा रहा है। इस पूरे कांड में अन्य आरोपियों की संलिप्तता का भी पता किया जा रहा है। इनके मददगारों और इरादे के बारे में भी पूछताछ में स्पष्ट हो पाएगा। पुलिस ने सुरक्षा उल्लंघन का जिक्र किया और कहा, दोनों आरोपी सांसद की तरफ से पास लेकर विजिटर गैलरी में पहुंचे थे। लोकसभा की हैंडबुक के मुताबिक ▶▶ शेष पेज 5 पर

■ हंगामे के बाद दोनों सदन सोमवार तक स्थगित



### प्लान ए फेल होता तो क्या था प्लान बी

प्लान बी के तहत अगर किसी कारण से नीलम और अमोल संसद के करीब नहीं पहुंच पाते तो उनकी जगह महेश और कैलाश दूसरी तरफ से संसद भवन के करीब जाते और मीडिया के कैमरों के आगे कलर ▶▶ शेष पेज 5 पर

### कुछ भी कर गुजरने की आग दहक रही

खुफिया एजेंसियों को सागर शर्मा के घर से पर्सनल डायरी मिली है। डायरी में सागर ने लिखा 'घर से विदा लेने का समय पास है। कुछ भी कर गुजरने की आग दहक रही है। 'पांच सालों से उम्मीद लगाया, प्रतीक्षा की है कि एक दिन आयेगा जब मैं अपने कर्तव्य की ओर बढ़ूंगा। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### लोकसभा व राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा

लोकसभा तथा राज्यसभा में विपक्षी सदस्यों ने संसद की सुरक्षा में चूक के मुद्दे पर शुक्रवार को भी जोरदार हंगामा किया, जिसके कारण सदन में कोई कामकाज नहीं हो सका और कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्षी दलों के सदस्य सुरक्षा चूक के मामले पर सदन में गृहमंत्री अमित शाह के वक्तव्य और चर्चा की मांग कर रहे हैं। कुछ विपक्षी सदस्य भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ ▶▶ शेष पेज 5 पर

### मथुरा शाही ईदगाह सर्वे पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार



# सर्वे पर 'सुप्रीम मुहर'

## मुस्लिम पक्ष को झटका, 9 जनवरी को अगली सुनवाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मथुरा के शाही ईदगाह मामले में सुप्रीम कोर्ट से मुस्लिम पक्ष को कोई राहत नहीं मिली है। अधिवक्ता सर्वे को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। अगली सुनवाई 9 जनवरी को होगी। गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह परिसर का अधिवक्ता आयुक्त (एडवोकेट कमिश्नर) से सर्वे कराए जाने की मांग से जुड़ी अर्जी मंजूर कर ली थी। इसके साथ ही शाही ईदगाह के सर्वे कमिश्नर की ▶▶ शेष पेज 5 पर







## भजनलाल ने ली सीएम पद की शपथ




### दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने ली डिप्टी सीएम की शपथ

जयपुर। भजनलाल शर्मा राजस्थान के नए सीएम बन गए हैं। शुक्रवार को जयपुर के अलबर्ट हॉल में आयोजित भव्य कार्यक्रम में राज्यपाल कलराज मिश्र ने भजनलाल शर्मा को सीएम पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। भजनलाल के साथ दो डिप्टी सीएम ▶▶ शेष पेज 5 पर

## निवेशकों ने कमाए 8.55 लाख करोड़

नई दिल्ली। अमेरिकी सेंट्रल बैंक फेड रिजर्व ने अगले साल ब्याज दरों में कटौती का संकेत दिया है।



भारत में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन इसका असर देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गए। निवेशकों ने पांच दिन में 8.55 लाख करोड़ रुपए कमाए। बीएसई सेंसेक्स 970 अंक यानी 1.37 परसेंट की तेजी के साथ 71,484 अंक पर बंद हुआ।

### ट्रैक पर गिरी, गंभीर रूप से घायल

## मेट्रो के दरवाजे में महिला की साड़ी और जैकेट फंसी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंद्रलोक मेट्रो पर गुरुवार को एक महिला की साड़ी और जैकेट दरवाजे में फंस गई। इसके बाद ट्रेन चल पड़ी और उसे कई मीटर तक घसीटते हुए आगे बढ़ गई। महिला ट्रैक पर गिर पड़ी और गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को तत्काल सफदरजंग अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे न्यूरो सर्जरी के आईसीयू वार्ड ▶▶ शेष पेज 5 पर



### जयनगर से मुंबई जा रही ट्रेन में आग

## एसी कोच की खिड़की तोड़कर यात्रियों को निकाला गया बाहर

एजेंसी ▶▶ मधुबनी

बिहार के मधुबनी जिले के जयनगर में मुंबई जाने वाली ट्रेन पवन एक्सप्रेस के एसी कोच में शुक्रवार को आग लग गई। घटना के बाद स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। ट्रेन के अंदर बैठे यात्री घबरा गए। उन्हें खिड़की तोड़कर ट्रेन से बाहर निकाला गया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग की ▶▶ शेष पेज 5 पर



### पहाड़ी इलाकों में तापमान शून्य के नीचे

ठंड का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिलेगा

# पहाड़ी क्षेत्रों में जबरदस्त बर्फबारी: शिमला से ठंडी हुई दिल्ली, पारा 5 डिग्री पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहाड़ी इलाकों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बीते कुछ दिनों से जारी बर्फबारी के चलते पंजाब, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में ठंड बढ़ गई है। पहाड़ बर्फ की चादर से ढंक गए हैं।

पहाड़ी इलाकों में तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया है। इससे साफ पता लगता है कि जल्दी ही इसका असर मैदानी इलाकों में देखने को मिलेगा। दिल्ली में ठंड के साथ नमी भी महसूस की गई। न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। ▶▶ शेष पेज 5 पर



### दिल्ली-यूपी में कोहरे की दस्तक

मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को दिल्ली के लोधी रोड, आयानगर, कर्तव्य पथ सहित कई इलाकों में घना कोहरा भी छाया रहा। मौसम विभाग ने कहा कि हरियाणा, चंडीगढ़, यूपी, एमपी, बिहार, असम, मेघालय, उत्तरी राजस्थान और त्रिपुरा में भी मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। दिल्ली में अगले चार दिन तक हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इसके साथ अगले सप्ताह से देश के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट की उम्मीद है।



# प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर 45 राउंड फायरिंग करने वाला रोहतक से दबोचा

## हिमांशु उर्फ भाऊ और नवीन बाली गैंग से है संबंध

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने हिमांशु उर्फ भाऊ-नवीन बाली गिरोह के कुख्यात शूटर सुभाष (35) को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू), रोहतक, हरियाणा से गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद बिंदापुर इलाके के हत्या के प्रयास एवं रंगदारी के मामले का 24 घंटे के अंदर हुआ खुलासा हुआ है। मामले में एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस पर 45 से अधिक राउंड फायरिंग की गई थी। गिरफ्तार शूटर के पास से एक पिस्टल, दो कारतूस और एक चोरी की स्कूटी बरामद हुई है। आरोपी पहले भी आठ मामलों में शामिल रहा है।



स्पेशल सीपी रविंद्र यादव के अनुसार अपराध शाखा की टीम द्वारा गिरफ्तार शूटर सुभाष जुरासी खास गांव, जिला पानीपत, हरियाणा का रहने वाला है। एक दिन पहले ही इसके खिलाफ बिंदापुर थाने में केस दर्ज हुआ था। इसने 13 दिसंबर को अपने साथियों के साथ मिलकर द्वारका मोड़ के पास अपने कार्यालय में बैठे ओम प्रॉपर्टीज के ऑफिस पर करीब 45 राउंड गोलियां चलाई थी। एक पर्ची भी फेंकी गई थी जिसमें हिमांशु उर्फ

■ अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की स्कूटी, एक पिस्टल व दो कारतूस बरामद

भाऊ-नवीन बाली-चीता बालंद गैंग द्वारा 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। मौके से भागते समय शूटरों ने इलाके के प्रॉपर्टी डीलरों और लोगों को आतंकित करने के लिए हवा में भी कई राउंड फायरिंग की थी। मामले की संवेदनशीलता को ध्यान में रखते हुए, एजीएस, अपराध शाखा की टीम को भी बदमाशों की धरपकड़ का काम सौंपा गया था। घटनास्थल के आसपास के एरिया के सीसीटीवी फुटेज की जांच और विश्लेषण किया गया।

संदिग्धों पर मैनुअल और तकनीकी निगरानी रखी गई। कड़ी मेहनत और इनपुट से एक गैंगस्टर की पहचान हो गई। इसके बाद एसआई सचिन गुलिया को सूचना मिली कि शूटर अपने साथियों से मिलने के लिए एमडीयू यूनिवर्सिटी, रोहतक में आएगा। इसके बाद इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व वाली टीम ने एमडीयू के पास जाल बिछाकर सुभाष को पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान शूटर ने खुलासा किया कि उसने वारदात के बाद धूलसिरस-छावला जंगल रोड के पास झाड़ियों में अवैध हथियार के साथ एक स्कूटी खड़ी की थी। अभियुक्त की निशानदेही पर चोरी की स्कूटी, एक पिस्टल व दो कारतूस बरामद कर लिये गये। स्कूटी उत्तम नगर से चोरी की पाई गई।

### आरोपी महिला को शक था, बच्चे के पिता ने उसके घर से चुराये थे 10 हजार रुपए

# बवानाः ढाई साल के मासूम को मौसी ने पानी की टंकी में डूबोकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

बवाना में एक ढाई साल के मासूम को उसकी सगी मौसी ने ही पानी की टंकी में डूबोकर मार डाला। दरअसल आरोपी महिला को शक था कि बच्चे के पिता ने उसके घर से 10 हजार रुपए चुराये हैं। इसे लेकर उनके बीच झगड़ा भी हुआ था। परिवार को सबक सिखाने के मकसद से महिला ने मासूम की बलि ले ली। पुलिस ने आरोपी महिला को अरेस्ट कर लिया है।

पुलिस के अनुसार यह मामला 13 दिसंबर की शाम लगभग 5.46 बजे सामने आया था। बवाना थाने में एक बच्चे की चोरी के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। कॉल मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची कॉलर बसंती ने बताया कि उसकी बहन रीना का ढाई साल का बच्चा आयुष पुत्र प्रकाश दास निवासी प्लॉट नंबर, 8 डाक खाने वाली गली, रमेश नगर गायब है। महिला ने यह भी बताया कि जब वह घर पहुंची तो बच्चा घर के बाहर



रो रहा था। वह बच्चे को अंदर ले गई और उसे सोने के लिए अपने माता-पिता के कमरे में छोड़ दिया था। जब बच्चे की बड़ी बहन (माला उम्र 7 वर्ष) आई तो उसे बच्चा नहीं मिला। उसने पड़ोसियों को बच्चे के गायब होने की सूचना दी और पीसीआर कॉल कर दी। सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर पता चला कि बसंती ही बच्चे को लेकर घर के अंदर गई थी और कुछ मिनट बाद अकेले बाहर आ गई थी। जब तक बड़ी बहन ने बच्चे के गायब होने का शोर नहीं मचाया तब तक घर में कोई नहीं आया था। सीसीटीवी फुटेज के अनुसार बसंती की गतिविधियां भी संदिग्ध नजर आई। घर की जांच के दौरान बच्चे को पानी की टंकी से मृत हालत में बरामद किया गया। परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर बसंती को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। उसने स्वीकार किया कि उसने बच्चे की हत्या कर दी क्योंकि उसे संदेह था कि बच्चे के पिता ने लगभग 20 दिन पहले उसकी मां के 10,000 रुपए चुराए थे। उस समय उसका अपने पति (विजय) और मृतक के परिवार के साथ झगड़ा चल रहा था। उसने उन्हें सबक सिखाने के लिए बच्चे की हत्या कर दी। बवाना थाने में आईपीसी की धारा 302 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है।

## मालवीय नगर : पार्क में नाबालिग को चाकू से गोदने के बाद पत्थरों से कुचला

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में पिटाई का बदला लेने के लिए आधा दर्जन नाबालिगों ने मिलकर एक 17 साल के लड़के की हत्या कर दी। युवक पर पहले चाकुओं से और फिर पत्थर से हमला किया गया था। पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए तीन नाबालिगों को पकड़ लिया है। जबकि तीन फरार नाबालिगों की तलाश जारी है। हत्या में इस्तेमाल दो चाकू भी पुलिस ने बरामद कर लिये हैं। डीसीपी चंदन चौधरी के अनुसार शुक्रवार सुबह 7:30 बजे मालवीय नगर पुलिस को सूचना मिली कि खिड़की एक्सटेंशन स्थित सतपुला पार्क में एक लड़के का शव पड़ा हुआ है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची



■ हत्या के आरोप में तीन नाबालिग पकड़े, तीन की तलाश

और शव को पंचनामे के बाद मोर्चरी भिजवाया। मृतक की पहचान इंद्रा कैंप, बेगमपुर मालवीय नगर निवासी विवेक उर्फ सोना के तौर पर हुई। उसके सीने, पेट, गर्दन और चेहरे पर चाकू के घाव पाए गए। शव के पास ही एक बड़ा पत्थर भी खून से सना पड़ा था। हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और तीन नाबालिगों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में पता चला कि विवेक की हत्या कुछ समय पहले नाबालिग की पिटाई का बदला लेने के इरादे से की गई थी। बाकायदा योजना बनाकर इस वारदात को अंजाम दिया गया। आरोपियों ने विवेक को ड्रिंक के बहाने से पार्क में बुलाया था। वहां पर पहले से पांच नाबालिग मौजूद थे। सभी ने साथ शराब पीने पी और फिर चाकू और पत्थर से विवेक पर हमला कर उसकी हत्या कर दी।

### डीयू ईसी की बैठक आयोजित

## वीपीसीआई को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने की मिली मंजूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय के वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट (वीपीसीआई) अस्पताल को मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल बनाने के लिए ढाका में 12.76 एकड़ भूमि आवंटित करने को कार्यकारी परिषद (ईसी) में मंजूरी प्रदान की गई, जिसके बाद अब वीपीसीआई के विस्तार और अपग्रेड करने की महती आवश्यकता है ताकि एक ही छत के नीचे पल्मोनरी रोगों सहित गंभीर बीमारियों के लिए भी उपचार प्रदान किया जा सके।

डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डीयू ईसी की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वीपीसीआई के विस्तार और अपग्रेडेशन से पल्मोनरी रोगों के लिए गुणवत्तापूर्ण नैदानिक और अनुसंधान सुविधाएं प्रदान करने में काफी मदद मिलेगी। पल्मोनरी मेडिसिन और एमएससी मनोरोग (मेंटल हेल्थ) नर्सिंग कोर्स शुरू होंगे। डीयू में 6134 शिक्षकों की पदोन्नति हुई और 3577 की नियुक्तियां हुई। क्यूएस रैंकिंग में डीयू 381-400 रैंक से 220वें स्थान पर पहुंचा। बता दें कि बैठक का आयोजन शुक्रवार को डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह की अध्यक्षता में हुआ। विश्वविद्यालय के कन्वेंशन हाल में आयोजित इस बैठक के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी चर्चा हुई और उन्हें पारित किया गया।

### वित्त पोषित 12 कॉलेजों को लेकर हुआ गहन विचार विमर्श

कुलपति ने बताया कि बैठक में दिल्ली सरकार द्वारा वित्त पोषित 12 कॉलेजों को लेकर दिल्ली की शिक्षा मंत्री द्वारा केंद्र सरकार को लिखे पत्र पर जीरो आवर के दौरान गहन विचार विमर्श हुआ। कुलपति द्वारा इस मुद्दे पर एक ईसी कमेटी के गठन का सुझाव दिया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कुलपति ने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है और इसलिए इस मामले को गंभीरता से देखने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कमेटी शनिवार से ही काम शुरू करेगी और 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## न्यूनतम पारा लुढ़क कर पहुंचा 4.9 डिग्री



**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** दिनभर सामान्य मौसम के बावजूद दिल्ली की सुबह शिमला से भी बेहद ठंडी दर्ज हो रही है। हालात यह है कि राजधानी की सुबह पहाड़ी क्षेत्र शिमला से भी दो डिग्री नीचे ठंडी दर्ज हुई है। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में सुबह न्यूनतम पारा 4.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 4 डिग्री कम है। जबकि दूसरी तरफ शिमला में न्यूनतम तापमान 6.5 डिग्री दर्ज हुआ जो दिल्ली से लगभग दा डिग्री गर्म है। यानी पहाड़ी क्षेत्रों से ज्यादा ठंडी इस समय दिल्ली की सुबह दर्ज हो रही है। प्रादेशिक मौसम विभाग केंद्र दिल्ली (आईएमडी) का कहना है कि सुबह की तुलना में दिल्ली का दिन में अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में पारा और गिर सकता है। बात अगर एक सप्ताह की करें तो न्यूनतम पारा 4-6 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

### मेट्रो के दरवाजे में फंसी महिला की साड़ी व जैकेट, घसीटने से घायल

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल में एक महिला यात्री की साड़ी और जैकेट फंसने के कारण चलती ट्रेन में घसीटने का मामला सामने आया है। यह मामला गुरुवार का बताया जा रहा है। घायल महिला को तुरंत सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना रेड लाइन अंतर्गत इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन पर उस समय घटित हुई जब मेट्रो नांगलोई से मोहन नगर की तरफ जा रही थी। दिल्ली के इंद्रलोक मेट्रो पर बृहस्पतिवार को एक महिला की साड़ी और जैकेट दरवाजे में फंसने से वह आगे तक घसीटते हुए चली गई। इस बारे में डीएमआरसी का कहना है उक्त घटना गुरुवार दोपहर 1 बजकर 4 मिनट पर इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन (रेड लाइन) की है। घटना की सूचना मिली कि जहां एक महिला यात्री की साड़ी इंद्रलोक से शहीद स्थल न्यू बस अड्डा की ओर बढ़ने वाली ट्रेन के बंद हो रहे दरवाजे में फंस गई है। डीएमआरसी के अनुसार इससे पहले कि कोई घटना के बारे में ट्रेन के ऑपरेटर या स्टेशन स्टाफ के ध्यान में ला पाता, उससे पहले ही ट्रेन प्लेटफॉर्म से आगे बढ़ते ही वह पटरियों पर गिर गई। उसी समय दूसरी दिशा से आ रही अन्य ट्रेन के ऑपरेटर ने तुरंत स्टेशन स्टाफ को सतर्क कर दिया, जो घटनास्थल पर पहुंचे और उस समय तक वहां एकत्र हुए अन्य यात्रियों की मदद से यात्री को बचाया। टक्कर के कारण वह घायल हो गईं और उन्हें तुरंत डीएमआरसी कर्मचारियों के साथ नजदीकी अस्पताल भेजा गया।

## देशभर के 32 जल संरक्षकों को प्रतिष्ठित जल प्रहरी सम्मान से किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

जल संरक्षण को बढ़ावा देने और जल आत्मनिर्भर भारत निर्माण के प्रति सामूहिक चेतना को बढ़ावा देने की दृढ़ प्रतिबद्धता के तहत जल प्रहरी सम्मान समारोह का चौथा संस्करण का आयोजन नई दिल्ली के न्यू महाराष्ट्र सदन में किया गया। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से यूएनओपीएस, राष्ट्रीय जल जीवन मिशन, राष्ट्रीय जल मिशन, सीईईडब्ल्यू, जर्मन जीआईजेड और एनआईयूए को नॉलेज पार्टनर के रूप में आयोजित किया गया था। जल आत्मनिर्भर भारत की थीम के तहत, देश भर के 32 से अधिक जल संरक्षकों को उनके द्वारा वर्षों से किए गए प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित जल प्रहरी सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जल संसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत थे जबकि वित्त राज्य मंत्री ससंदीय समिति के सभापति एवं गुजरात से सांसद परबत भाई पटेल, भागवत कराड, सांसद गोपाल शेट्टी, उन्मेश पाटिल, रमेश बिधूड़ी और संत बलबीर सिंह सीचेवाल ने जल संरक्षकों को संबोधित किया। आयोजक अमेया साठे एवं अनिल सिंह ने अनियमित मौसम पैटर्न पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, जल प्रहरी ऐसा मंच है जहां भारतीय एवं वैश्विक जल चुनौतियों से निपटने के लिए हितधारकों के बीच आपसी सहयोग, जागरूकता, जमीनी कार्यों को पहचान मिलती है।

## खेलों के क्षेत्र में भारत बना रहा नये कीर्तिमान : ठाकुर



हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

खेलों के क्षेत्र में भारत नये कीर्तिमान बना रहा है और इसका पूरा श्रेय हमारे खिलाड़ियों की मेहनत और खेलों के विकास को लेकर मोदी सरकार की नीतियां हैं। आज पूरे भारत में विभिन्न खेल आयोजनों-प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को खेलने-निखरने का मंच मिल रहा है। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शुक्रवार को दिल्ली स्थित नजफगढ़ में भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित जिला स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता के फाइनल मैच में शामिल हुए व खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उक्त संबोधन दिया। इस दौरान भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राज कुमार चाहर, राष्ट्रीय महामंत्री किसान मोर्चा डॉक्टर शुभू, दिल्ली भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष विनोद सहरावत सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### खेल मंत्री आतिशी ने 67वें 'नेशनल स्कूल गेम्स' का किया शुभारंभ

**नई दिल्ली।** राष्ट्र निर्माण के लिए खेल भी पढ़ाई जितना ही महत्वपूर्ण है। जब छात्र खेलों में सक्रिय रूप से भाग लेंगे तभी उनका सर्वांगीण विकास होगा। यह बात दिल्ली की खेल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम में 67वें नेशनल स्कूल गेम्स का उद्घाटन अवसर पर कहीं। दरअसल केजरीवाल सरकार का शिक्षा निदेशालय इस वर्ष इन खेलों की मेजबानी कर रहा है, जिसमें राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और अन्य बोर्डों सहित देश भर के कुल 44 इकाइयों के खिलाड़ी अपनी कौशल और प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खेल मंत्री ने देश भर से आए खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि हमारे शैक्षिक पाठ्यक्रम में खेलों को शामिल करना राष्ट्र निर्माण के लिए आवश्यक है।

### 'छात्रों के खिलाफ जारी सभी जांच बंद हो'

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के कई छात्र संगठनों ने शुक्रवार को कुलपति शांतिश्री पंडित को विरोध प्रदर्शन से जुड़े मामलों में छात्रों के खिलाफ जारी सभी तरह की जांच रोकने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस मुद्दे को हल करने के उनके आश्वासन के बावजूद छात्रों को नोटिस दिए गए हैं। जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू) ने कुलपति को लिखे पत्र में मांग की है कि चीफ प्रॉक्टर कार्यालय (सीपीओ) द्वारा छात्रों के खिलाफ सभी अनुशासनात्मक कार्रवाई को रद्द किया जाना चाहिए।

### संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने का मामला

# आरोपी को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेजा

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में गिरफ्तार ललित झा को शुक्रवार को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। दिल्ली पुलिस ने दावा किया कि झा इस घटना का 'मुख्य साजिशकर्ता' है।

विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने अभियोजन पक्ष द्वारा दाखिल उस अर्जी पर झा को दिल्ली पुलिस की हिरासत में भेज दिया, जिसमें कहा गया था कि पूरी साजिश का खुलासा करने के लिए उससे पूछताछ की जरूरत है। सुनवाई के दौरान अभियोजक ने अदालत को बताया कि झा को बृहस्पतिवार की रात गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद उससे 'विस्तृत पूछताछ' की गई। लोक अभियोजक ने झा को 15 दिन



की हिरासत में भेजे जाने का अनुरोध करते हुए कहा कि उसने खुलासा किया कि कैसे वह पूरी घटना का साजिशकर्ता है... उसे पूरी साजिश और तौर-तरीकों का खुलासा करना है। पुलिस ने यह भी कहा कि उससे उस फोन के बारे में पूछताछ करने की जरूरत है जिसका वह इस्तेमाल कर रहा था और अभी तक उसका पता नहीं चला है। पुलिस ने दावा किया कि झा ने स्वीकार किया है कि आरोपियों ने संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की साजिश रचने के लिए कई बार मुलाकात की। पुलिस ने अदालत से कहा कि झा ने खुलासा किया कि वे (आरोपी) देश में अराजकता पैदा करना चाहते थे ताकि वे सरकार को अपनी मांगों को पूरा करने के लिए मजबूर कर सकें। उसने बड़ी साजिश के तहत उन्हें छुपाने और सबूत नष्ट करने के लिए (अन्य आरोपियों के) फोन ले लिए। उसने खुलासा किया कि जयपुर से दिल्ली जाते वक्त रास्ते में उसने अपना फोन फेंक दिया था। पुलिस ने कहा कि 'हमले की बड़ी साजिश, अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता और हमले के पीछे के वास्तविक मकसद का पता लगाने के लिए गहन जांच' के लिए झा से हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता है। पुलिस ने कहा कि इसके अलावा, यह पता लगाने के लिए भी उससे पूछताछ की आवश्यकता है कि क्या आरोपी का किसी दुश्मन देश या आतंकवादी संगठन से कोई संबंध तो नहीं है। संसद पर 2001 में किए गए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन बुधवार को, सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग सागर शर्मा और मनोरंजन डी. सदन के भीतर कूद गए और 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया। इस घटना के कुछ देर बाद ही पीले और लाल रंग का धुआं छोड़ने वाली 'केन' लेकर संसद भवन के बाहर प्रदर्शन करने वाले एक पुरुष और एक महिला को गिरफ्तार किया गया। संसद भवन के बाहर से गिरफ्तार किए गए दो लोगों की पहचान हरियाणा के जींद जिले के गांव घासो खुर्द की निवासी नीलम और लातूर (महाराष्ट्र) के निवासी अमोल शिंदे के रूप में हुई है।

हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला
घोषणा
परिणाम दिनांक 13.12.2023 के तहत विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षाएं आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | जेल विभाग, हरियाणा में उप अधीक्षक जेल (पुरुष) | 10/2023 | 10.01.2024 दोपहर 12:00 बजे से अप. 03:00 बजे तक |
| 2. | निर्वाचन विभाग, हरियाणा में निर्वाचन तहसीलदार | 04/2022 | |
| 3. | महिला एवं बाल विकास विभाग, हरियाणा में जिला कार्यक्रम अधिकारी (महिला) | 13/2022 | |
| 4. | बागवानी विभाग में बागवानी विकास अधिकारी (ग्रुप-बी) | 12/2023 | |
| 5. | बागवानी विभाग में जिला बागवानी अधिकारी और समकक्ष (ग्रुप-बी) | 21/2023 | |

*टिप्पणी : यह घोषणा आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर भी उपलब्ध है।*

हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग
पंचकूला
दिनांक : 15.12.2023
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/228/2024/23468/88/7 दि. 15.12.23

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम गुरुग्राम | गांव बजघेड़ा, नये विस्तारित क्षेत्र, जोन नं. 2, गुरूग्राम में सामुदायिक केन्द्र के बकाया कार्य (सिविल कार्य, प्लम्बिंग कार्य और वैद्युत कार्य) हेतु आकलन। | 13.12.2023 04.01.2024 | 56.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015891509 manojbagotia@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23458/I/88/7 दि. 15.12.23

## विधानसभा की कार्यवाही सोमवार तक के लिए हुई स्थगित

# बेघरों की मौत पर विधानसभा में हुआ हंगामा विपक्ष के सभी सदस्यों को किया मार्शल आउट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में सर्दी के मौसम में ठंड के कारण अब तक 203 बेघरों की मौत होने का दावा करते हुये विपक्ष के सभी सदस्यों ने मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जवाब मांगा। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने विपक्ष के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया जिसके बाद विपक्ष के सदस्य अपनी मांग में अड़े रहे। इस पर सदन की कार्यवाही के संचालन में व्यवधान उत्पन्न होता देख अध्यक्ष ने विपक्ष के सभी सदस्यों को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर करा दिया। वहीं सत्तापक्ष के सदस्यों के द्वारा एक चर्चा के दौरान अध्यक्ष के आसन के पास आकर विपक्षी दल के खिलाफ नारेबाजी करने पर सोमवार तक के लिए सदन को स्थगित कर दिया गया।

दरअसल भोजनावकाश के बाद जब विधानसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई तो विपक्षी पार्टी (भाजपा) द्वारा दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सफाई कर्मचारियों के नियमितीकरण में कथित रूप से बाधा डालने पर नियम 55 के तहत एक अल्पकालिक चर्चा शुरू हुई। जैसे ही सत्तापक्ष के सदस्य दुर्गेश पाठक ने चर्चा शुरू की तभी विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मौजूदा सर्दी के मौसम में पिछले एक माह में दिल्ली में 203 बेघर लोगों की कथित मौत पर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का नोटिस दिया। और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी के नेतृत्व में विपक्ष के सभी सदस्यों मोहन सिंह बिष्ट, विजेंद्र गुप्ता, ओमप्रकाश शर्मा, जितेंद्र महाजन, अनिल वाजपेयी, अजय महावर और अभय वर्मा ने जोर देकर ठंड से 203 मौतों के विषय पर सबसे पहले चर्चा कराने की मांग की और सरकार से जवाब मांगा। लेकिन विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल ने कहा कि वह मामले का अध्ययन करेंगे और इसके बाद इस पर निर्णय लेंगे।

भाजपा विधायकों के अपनी मांग पर अड़े रहने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मार्शल को सभी विपक्षी सदस्यों को सदन से बाहर करने का आदेश दिया।



### तानाशाहीपूर्ण और मनमाने तरीके से चलाई जा रही है विधानसभा : बिधूड़ी

नेता विपक्ष बिधूड़ी ने कहा है कि इस बार भी विधानसभा तानाशाहीपूर्ण और मनमाने तरीके से चलाई जा रही है। दिल्ली सरकार जनता की किसी समस्या पर तो चर्चा कराना ही नहीं चाहती, दिल्ली में 203 लोगों की मौत पर भी सरकार अपने आपको जवाबदेह नहीं मान रही। बिधूड़ी ने मांग की कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सदन में बुलाया जाए और वह इस विषय पर आकर बयान दें। सरकार की अकर्मण्यता के कारण 203 बेघर लोग सड़कों पर मर गए हैं और यह कोई आरोप नहीं बल्कि दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट में बताया गया है। बिधूड़ी और अन्य विपक्षी सदस्यों ने इस मनमाने व्यवहार की निंदा की।

### विपक्ष ने विधानसभा को किया गुमराह, चल सकता है अवमानना का मुकदमा : सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली। विधानसभा में शुक्रवार को विपक्षी सदस्यों द्वारा उठाए गए ठंड से 203 मौतों के मामले को सत्तापक्ष ने झूठा करार दिया है। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि शुक्रवार दिल्ली विधानसभा में विपक्षी सदस्यों ने झूठ बोला है। विधानसभा की अवमानना का मामला उन पर बनता है। विपक्षी सदस्यों ने दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से ली गई अलग अलग कारणों से मृत लोगों की सूची दिखाकर दिल्ली की विधानसभा को गुमराह करने की कोशिश की। सौरभ ने कहा कि दिल्ली पुलिस की जिपनेट वेबसाइट पर साफ है कि सर्दियों में ही नहीं, गर्मियों और सुहाने मौसम में भी लगभग 300-350 मृत शरीर दिल्ली पुलिस रिपोर्ट करती है। दिल्ली पुलिस की वेबसाइट जिपनेट अनुसार 1 जून 2023 में 270, जुलाई 2023 में 370, अगस्त में 382, सितंबर में 313, अक्टूबर में 316, नवंबर में 319 और दिसंबर 2023 में 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक 108 मृत शरीर के बारे में दिल्ली पुलिस द्वारा रिपोर्ट किया गया हैं। इस बात से साफ होता है कि दिल्ली में पूरे वर्ष चाहे कोई भी मौसम हो लगभग 300 से साढ़े तीन सौ मृत लोगों के शरीर बरामद होते हैं और इनकी मृत्यु के अलग-अलग कारण होते हैं। उन्होंने बताया कि आज दिल्ली विधानसभा के पटल पर भाजपा के विधायकों द्वारा दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से ली गई एक सूची दिखाकर, दिल्ली की केजरीवाल सरकार को बदनाम करने की शर्मनाक कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि यह सूची पिछले महीने दिल्ली की सड़कों पर हुई मृत्यु से संबंध रखती है, जिसमें उन सभी मृत व्यक्तियों की जानकारी एवं तस्वीरें हैं जिनकी मृत्यु बीते दिनों दिल्ली की सड़कों पर हुई। यह दिल्ली पुलिस की एक सामान्य प्रक्रिया है जिसे दिल्ली पुलिस निरंतर करती है। भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले सभी लोग इस बात को भली-भांति जानते हैं, कि नवंबर के महीने में दिल्ली में इतनी ठंड थी ही नहीं की किसी व्यक्ति की ठंड से मृत्यु हो जाए।

### 'विधायक निधि को चार से बढ़ाकर किया गया 7 करोड़ रुपए'

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने विधायक निधि को चार करोड़ रुपए से बढ़ाकर 7 करोड़ रुपए कर दी है। इस बात की जानकारी शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने विधानसभा में सत्तापक्ष के सदस्य दुर्गेश पाठक के सवाल के जवाब में दी। शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि विधायक निधि को चार से 7 करोड़ रुपए कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अनुमति व टेंडर राशि की जानकारी सभी विभागों से उपलब्ध करवाने के लिए कहा गया है। विपक्ष के सदस्य मोहन सिंह बिष्ट के पूरक सवाल को हालांकि स्पीकर ने यह कह कर टाल दिया कि किन विभागों द्वारा विधायक निधि के काम करवा सकते हैं उसकी सूची उपलब्ध करवा देंगे। नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अपने पूरक प्रश्न में पूछा कि मंत्रिमंडल की बैठक में विधायक निधि को 10 करोड़ रुपए किया गया था। अब 4 साल तक 4 करोड़ रुपए ही दिए गए हैं, क्या बाकी राशि विकास के लिए दी जाएगी। शहरी विकास विभाग मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि सभी विधायकों की यह चिंता थी इसीलिए यह राशि 10 करोड़ की गई थी। लेकिन कोरोना के बाद चार करोड़ कर दी थी और अब 7 करोड़ किए जा रहे हैं। हां, जरूरत हुई तो फिर बढ़ा सकते हैं। वहीं विपक्षी सदस्य विजेंद्र गुप्ता ने 2018-19 में 10 करोड़ करने के फैसले को याद दिलाते हुए कहा किजो पैसा पिछले वर्षों में नहीं मिला है क्या वह सरकार देगी तो इस पर सरकार की ओर से यही आश्वासन मिला कि मंत्रिमंडल ने जो फैसला किया है उसे लागू किया जाएगा।

### महापौर ने पश्चिमी जोन के विष्णु गार्डन में नवनिर्मित निगम प्राथमिक स्कूल भवन का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को पश्चिमी जोन के विष्णु गार्डन में नवनिर्मित निगम प्राथमिक स्कूल की बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है और इसे जनवरी माह में जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। निगम की सरकार प्राथमिक विद्यालयों में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर देने के लिए अग्रसर है। इंदिरा पार्क, विष्णु गार्डन, पश्चिमपुरी, मादीपुर जेजे कॉलोनी, प्रेम नगर, बवाना, मुकुंदपुर सरस्वती विहार में स्कूल भवनों के निर्माण का कार्य पूरा हो गया है और जल्द ही इनका उद्घाटन किया जाएगा। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्कूल में छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाएँ की व्यवस्था करे। स्कूल में नये ड्यूल डेस्क, क्लास रूम में वाइट बोर्ड, छात्रों की सुरक्षा के लिए छोटे गेट लगाये जाये। साथ ही स्कूल व आस पास पेड़ पौधे लगाए जाएं और हरियाली भी विकसित की जाये।

### भाजपा पार्षदों ने महापौर को सौंपा ज्ञापन

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष व पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह के साथ शुक्रवार को शाहदरा दक्षिणी जोन के पार्षदों ने बैठक में न बुलाए जाने के विरोध में दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय को ज्ञापन सौंपा और महापौर कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा के पार्षद संदीप कपूर, नीमा भगत, शशि चन्ना, भारत गौतम, राम किशोर, संजीव सिंह, मोनिका पंत व शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के सभी निगम पार्षद उपस्थित थे। राजा इक़बाल सिंह ने बताया कि महापौर द्वारा शाहदरा दक्षिणी जोन के विभिन्न कार्यों के संबंध में बैठक बुलायी गई थी जिसके अंदर भाजपा के पार्षदों को छोड़कर सभी लोग उपस्थित थे जिसके विरोध में शुक्रवार को शाहदरा दक्षिणी जोन के सभी भाजपा पार्षदों ने महापौर को ज्ञापन सौंपा है और प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया है।

### पेंशन नहीं मिलने से परेशान डीटीसी के पूर्व कर्मचारियों ने किया एलजी हाउस पर प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** करीब 4 महीने से पेंशन नहीं मिलने से परेशान डीटीसी के पूर्व कर्मियों ने शुक्रवार को राज निवास के बाहर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। प्रदर्शन की अगुवाई डीटीसी सेवानिवृत कर्मचारी संघ ने की। इस मौके पर सैकड़ों पेंशन कर्मी मौजूद थे। पेंशन कर्मियों ने जमकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की और पेंशन जारी करने की मांग की। उम्र के इस पड़ाव पर विरोध के लिए उतरे पेंशन कर्मियों ने हाथों में पोस्टर बैनर पकड़े हुए थे जिन पर लिखा था, भीख नहीं पेंशन हमारा अधिकार। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष सुखबीर सैनी, उपाध्यक्ष राज सिंह दहिया, महासचिव बाला दत्त, संगठन मंत्री देशराज लखनपाल सहित भारी संख्या में पूर्व कर्मचारी मौजूद थे। अपने संबोधन में संघ के अध्यक्ष सुखबीर सैनी ने कहा कि डीटीसी बोर्ड ने 31 अगस्त 2022 को सभी को डीटीसी पेंशन देने तथा कैशलेस मेडिकल (डी.जी. ई.एच.एस) लागू करने का प्रस्ताव पास किया था, किंतु अभी तक सरकार के पास वह प्रस्ताव लंबित पड़ा है।

### आतिशी द्वारा सीएस व डिविजनल कमिश्नर पर लगाए आरोपों को एलजी ने नकारा!

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में सीएम के बाद सबसे पावरफुल मंत्री आतिशी द्वारा मुख्य सचिव (सीएस) नरेश कुमार व वेस्ट जिले के डीएम हेमंत कुमार के खिलाफ लगाए गए सभी आरोपों को उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने सिरे से खारिज कर दिए है। जिसके बाद मंत्री आतिशी द्वारा इन दोनों पर बामनोली भूमि मुआवजा मामले के खिलाफ जांच फिलहाल शुरू नहीं होगी। राजनिवास से जुड़े सूत्रों का कहना है कि उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली की सतर्कता विभाग की मंत्री आतिशी द्वारा सीएस नरेश कुमार व डीएम हेमंत कुमार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों को नकार दिया है। आतिशी ने गत दिनों सीएस नरेश कुमार व वेस्ट जिले के डीएम हेमंत पर दक्षिणी दिल्ली के बामनौली में जमीन के मुआवजा राशि को 41.50 करोड़ से बढ़ाकर 353 करोड़ रुपये करने के आरोप लगाए थे। इससे पहले इस मामले के खुलने के बाद मुख्यमंत्री केजरीवाल ने विजिलेंस मंत्री आतिशी को जांच के आदेश दे दिए थे। इन आरोपों पर मुख्य सचिव नरेश कुमार व डीएम हेमंत पहले ही आतिशी के आरोपों को सिरे से नकार चुके है। बाद में आतिशी ने गत 14 नवंबर को राजनिवास को एक रिपोर्ट भेजी थी, जिसमें उक्त दोनों आला अधिकारियों के खिलाफ जांच शुरू करने के लिए अपील की गई थी। इसी रिपोर्ट को एलजी ने सही नहीं मानते हुए खारिज कर दिया। सूत्रों की मानें तो उपराज्यपाल का मानना है कि आतिशी द्वारा भेजी गई रिपोर्ट बामनोली भूमि अधिग्रहण मामले में भेजी गई रिपोर्ट फाइल सिद्धांतों से परे है। सनद रहे कि इस मामले में मुख्य सचिव नरेश कुमार पर अपने बेटे से संबंधित एक निजी कंपनी को 315 करोड़ों रुपए का फायदा पहुंचाने के गंभीर आरोप लगे है।

### अध्यक्ष ने दिल्ली विधानसभा के 30 साल पूरे होने पर दी बधाई

दिल्ली विधानसभा की शुक्रवार को कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने विधानसभा के 30 वर्ष पूरे होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सदन स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों का साक्षी रहा है और अब आधुनिक भारत में भी भागीदार है। इस अवसर पर उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। वहीं वित्त मंत्री आतिशी ने जहां जीएसटी संशोधन विधेयक सदन पर रखने के साथ कई दस्तावेज, आईपी सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान की सीएजी रिपोर्ट भी सदन पटल पर रखी। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य महेंद्र यादव ने अन्य पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति की तीसरी रिपोर्ट भी सदन में रखी।

### सीएम आवास में काटे गए पेड़ों पर पर्यावरण मंत्री ने दिया जवाब

विपक्षी सदस्य अभय वर्मा के सीएम आवास में काटे गए पेड़ों से संबंधित प्रश्न पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि वृक्ष काटने में सजा के प्रावधान हैं और यह पूरा मामला सीबीआई व एनजीटी के संज्ञान में है इसलिए इस पर टिप्पणी नहीं की जा सकती। हालांकि अभय वर्मा ने कहा कि सीबीआई, एनजीटी ने किसी भी जवाब को देने से रोका नहीं है। विपक्ष सदस्य विजेंद्र गुप्ता के सवाल पर गोपाल राय ने दावा किया कि दिल्ली, पंजाब में किए उपायों, पराली जलाने की कम घटनाओं से प्रदूषण के दिन कम हुए हैं और हालात बेहतर हुए हैं। राय ने बताया कि दिल्ली की सभी 1799 अनधिकृत कॉलोनियों, झुग्गियों में दिसम्बर 2024 व मार्च 2024 तक तीन बड़े नालों को भी यमुना नदी में गिरने से रोकने से संबंधी कार्य योजना से जोड़ा जाएगा। गुप्ता ने पूरक प्रश्न में डीपीसीसी को बजट न दिए जाने का उल्लेख किया तो पर्यावरण मंत्री ने कहा कि कई संस्थाएं स्वायत्त तरीके से काम कर रही हैं और जरूरत होती तो उन्हें धन देंगे।

### विधानसभा के पेपरलेस न होने पर सत्तापक्ष के सदस्य ने जताई चिंता

सत्तापक्ष के सदस्य मदनलाल ने विधानसभा के पेपरलेस न होने पर जहां चिंता जताई वह स्पीकर ने कहा कि दिल्ली सरकार के वित्त विभाग द्वारा जो बाधा पहुंचाई जा रही है उसमें एक यह योजना भी शामिल है जिसमें एक कंसलटेंट की नियुक्ति को लेकर मंजूरी नहीं मिली है।

### नियम 280 के तहत सदस्यों ने उठाए अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे

दिल्ली विधानसभा में शुक्रवार को नियम 280 (विशेष उल्लेख) के तहत कई सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे उठाए। इसमें सबसे पहले सत्तापक्ष के सदस्य संजीव झा ने बुराड़ी में अनधिकृत कॉलोनी में काम करवाने की चुनौतियों की ओर सदन का ध्यान आकर्षित करवाया। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य अजय दत्त ने अंबेडकर नगर अस्पताल में सुविधाओं की कमी का उल्लेख करते हुए दूसरी एंट्री के लिए डीडीए से जमीन देने का आग्रह किया। वहीं चौधरी सुरेंद्र कुमार ने सेवाधाम मार्ग पर भारी जाम का मुद्दा उठाया और सत्तापक्ष के सदस्य महेंद्र गोयल ने 110 गलियों में तुरंत सीवर लाइन डालने की मांग की। वहीं सत्तापक्ष की सदस्या भावना गौड़ ने मंत्री आतिशी की सदन में सराहना की। वहीं सत्तापक्ष के सदस्य नरेश बाल्यान, विपक्षी सदस्य मोहन सिंह बिष्ट, अजय महावर, जितेंद्र महाजन आदि ने अपने क्षेत्रों के मामले उठाए।

RERA Registration No: RC/REP/HARERA/GGM/764/496/2023/108 Date: 04.12.2023




**तथास्तु 35 परियोजना का विवरण**

| | |
|---|---|
| 1. कॉलोनाइजर/डेवलपर | तथास्तु रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड |
| 2. परियोजना मंजूरी | अनुमोदन क्रमांक 131, वर्ष 2023, तिथि: 23.06.2023, भवन योजना संबंधी आवश्यक स्वीकृति पत्र, सं. जिला पंचायत- ZP-1821/JD (RA)/2023/40401, तिथि: 23-11-2023 हरेरा पंजीकरण संख्या आरसी/आरईपी/हरेरा/जीजीएम/764/496/2023/108, तिथि: 04.12.2023 |
| 3. स्थानगाँव | गाँव- मोहम्मदपुर गुज्जर, सोहना, सेक्टर-35, तहसील सोहना, जिला गुरूग्राम, हरियाणा |
| 4. प्रावधान परियोजना क्षेत्र | 9.90625 एकड़ में कुल 1368 नं। अपार्टमेंट्स शामिल हैं, जिनमें से 5% फ्लैट्स प्रबंधन कोटा (MQ) के लिए आरक्षित हैं और 95% अपार्टमेंट्स जनता के लिए हैं। सामुदायिक सुविधाएं: एक 2000 वर्गफुट का समुदाय हॉल और एक 2000 वर्गफुट का आंगनवाड़ी-सह-क्रेच। |
| 5. अपार्टमेंट विवरण, आवंटन दर* | उल्लेखित दर में जीएसटी और अन्य विधायिक शुल्क शामिल नहीं हैं। पंजीकरण शुल्क अतिरिक्त हैं। देय शेष भुगतान देय राशि के बराबर होगा। प्रासंगिक बिंदु समय पर निर्माण संबंधित चरणों के अनुसार परियोजना के निर्माण लिंक भुगतान योजना के समय के अनुसार कोई ब्याज देय नहीं होगा। भुगतान की देय तिथि से पहले भुगतान में कोई अक्षमता होने पर, हरेरा के नियम 2017 के नियम 15 द्वारा प्रदान की गई दर पर ब्याज आमंत्रित किया जाएगा। |
| 6. पार्किंग | 2-पहिया पार्किंग |
| 7. आवेदन की समयसीमा | 1. आवेदन पत्र ऑनलाइन भरा जाएगा। पंजीकरण के लिए http://edraw.tcpharyana.gov.in/tcp-dms/home पर जाएं। 2. बुकिंग शुरू तिथि 09.12.2023 से है। 3. आवेदन पत्र जमा करने की आखिरी तारीख 25.12.23 है। |

| इकाई श्रेणी | इकाई प्रकार | यूनिट संख्या | कारपेट एरिया ;वर्ग मीटर | कारपेट एरिया ;वर्ग फीट | बालकोनी एरिया;वर्ग मीटर | बालकोनी एरिया ;वर्ग फीट | इकाई लागत | बालकनी लागत | यूनिट की मूल लागत | आवेदन के समय ;कारपेट एरिया @4500 प्रति वर्ग फीट केवल फ्लैट की 5% लागत | आवंटन केसमय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2BHK+Store | 1A-GF(MQ) | 20 | 59.99 | 645.73 | 20.38 | 219.37 | 2905785 | 120000 | 3025785 | 145289.25 | 618721.46 |
| 2BHK+Store | 1A-FF(MQ) | 11 | 59.99 | 645.73 | 8.11 | 87.30 | 2905785 | 104760 | 3010545 | 145289.25 | 614873.36 |
| 2BHK+Store | 1B-GF(MQ) | 15 | 59.99 | 645.73 | 20.80 | 223.89 | 2905785 | 120000 | 3025785 | 145289.25 | 618721.46 |
| 2BHK+Store | 1B-FF(MQ) | 8 | 59.99 | 645.73 | 9.93 | 106.89 | 2905785 | 120000 | 3025785 | 145289.25 | 618721.46 |
| 2BHK+Store | 1C-GF(MQ) | 10 | 59.99 | 645.73 | 15.81 | 170.18 | 2905785 | 120000 | 3025785 | 145289.25 | 618721.46 |
| 2BHK+Store | 1C-FF(MQ) | 4 | 59.99 | 645.73 | 5.85 | 62.97 | 2905785 | 75564 | 2981349 | 145289.25 | 607501.37 |
| 2BHK+Store | 2A | 521 | 59.99 | 645.73 | 8.11 | 87.30 | 2905785 | 104760 | 3010545 | 145289.25 | 614873.36 |
| 2BHK+Store | 2B | 517 | 59.99 | 645.73 | 9.93 | 106.89 | 2905785 | 120000 | 3025785 | 145289.25 | 618721.46 |
| 2BHK+Store | 2C | 262 | 59.99 | 645.73 | 5.85 | 62.97 | 2905785 | 75564 | 2981349 | 145289.25 | 607501.37 |

**नोट: इकाई की कुल मौलिक लागत को अधिकतम 100 वर्ग फुट के बालकनी क्षेत्र पर आधारित किया जाता है, जैसा कि आफर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार।**

TATHASTU
Sector 35
South of Gurugram (Sohna)
More life, granted.
2 BHK + store starting at ₹ 29.5 lakh*
www.tathastu.co | Call +91 999 0650 650
10th Floor, Tower B, Vatika Tower, Sector 54, Gurugram, Haryana

**अपार्टमेंट के व्यापक विनिर्देश :** लॉबि: फ्लोर–विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग–ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल–ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर 'बेड रूम: फ्लोर– विट्रिफाइड टाइल्स, सीलिंग– ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, वॉल–ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर 'किचन: फ्लोर–विट्रिफाइड/सिरेमिक टाइल्स , वॉल/सीलिंग– ऑयल बॉन्ड डिस्टेंपर, डेडो–सिरेमिक टाइल्स काउंटर से 600 मिमी ऊपर, काउंटर टॉप–ग्रीन मार्बल/ग्रेनाइट, फिटिंग्स और फिक्स्चर–आईएसआई मार्क वाली सीपी फिटिंग्स और सिंगल ड्रेन बोर्ड सिंक 'बालकनी: फ्लोर–एंटीस्किड/मैट फिनिश सिरेमिक टाइल्स, रेलिंग–एम एस रेलिंग इनेमल पेंट फिनिश के साथ 'टॉयलेट और बाथ: फ़्लोर–एंटी स्किड सिरेमिक टाइलें, दीवार–सिरेमिक टाइलें 4फीट/ 7'-0" ऊँचे तक और ऊपर ऑयल बाउंड डिस्टेंपर, सीलिंग–ग्रिड फ़्लेज़ सीलिंग, फिटिंग और फिक्स्चर ISI मार्क वाली CP फिटिंग, W.C. और वॉशबेसिन 'दरवाजे और खिड़कियां: आंतरिक दरवाजे का हार्डवुड/लाल मेरांडी, आंतरिक दरवाजे शटर मुख्य दरवाजा – दोनों तरफ लैमिनेटेड फ्लश डोर और आंतरिक फ्लश डोर दोनों तरफ पेंटेड फिनिश के साथ, बाहरी दरवाजे और विंडोज–एल्युमिनियम पाउडर कोटेड/यूपीवीसी 'इलेक्ट्रिकल: वायरिंग–कॉपर इलेक्ट्रिका एल प्रकाश बिंदु, स्विच/सॉकेट– आईएसआई चिह्नित स्विच और सॉकेट के लिए छुपा नाली में तार 'टेरेस–ईंट बैट कोबा या जल प्रूफिंग उपचार, संरचना– सेस्मिक जोन के अनुसार भूकंप प्रतिरोधी आरसीसी फ्रेमयुक्त संरचना, 'बाहरी विकास: आंतरिक सड़कें– ट्रेमिक्स कंक्रीट रोड/इंटरलॉकिंग ब्लॉक, बाउंड्री वॉल–आरसीसी/ईंट की दीवार प्लास्टर के साथ और बाहरी मौसम प्रूफ पेंट फिनिश 'बाहरी विकास–मौसम प्रूफ बनावट/बाहरी पेंट

**पात्रता:** 1. आवेदक को किसी प्रचलित कानून के तहत कानूनी रूप से बाध्यकारी अनुबंध करने से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। 2. कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है, हालांकि, ''प्रधानमंत्री आवास योजना–सभी के लिए आवास'' कार्यक्रम के तहत शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा द्वारा पहचाने गए पीएमएवाई लाभार्थियों, जिसमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, को आवंटन में वरीयता दी जाएगी। हरियाणा राज्य के अन्य पीएमएवाई लाभार्थियों के बाद उक्त शहर के पहचाने गए लाभार्थियों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। तत्पश्चात, शेष फ्लैटों के लिए ऐसे व्यक्ति जिनमें उनके पति या आश्रित बच्चे शामिल हैं, जिनके पास हुडा द्वारा विकसित किसी भी कॉलोनी/सैक्टर में कोई फ्लैट/प्लॉट नहीं है या हरियाणा, केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और एनसीटी दिल्ली में किसी भी शहरी क्षेत्र में कोई लाइसेंस प्राप्त कॉलोनी है। फ्लैटों के आवंटन में अगली वरीयता दी गई।3. कोई भी आवेदक केवल एक ही आवेदन कर सकता है। इस नीति के तहत कोई भी सफल आवेदक इस नीति के तहत किसी अन्य कॉलोनी में किसी अन्य फ्लैट के आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा। यदि वह एक से अधिक कॉलोनी में सफल होता/होती है, तो उसके पास केवल एक फ्लैट बनाए रखने का विकल्प होगा। 4. आवंटन के लिए आवेदन जमा करते समय सहायक हलफनामा और पात्रता का सुझाव देने वाले प्रमाण पत्र टीसीपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य है।

**आवंटन मापदंड:** 1. अपार्टमेंट का आवंटन उपायुक्त या उनके प्रतिनिधि (कम से कम हरियाणा सिविल सेवा संवर्ग), वरिष्ठ नगर नियोजक (सर्कल कार्यालय), संबंधित डीटीपी की एक समिति की उपस्थिति में ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। जिला एवं संबंधित कॉलोनाइजर का प्रतिनिधि। 2. लॉटरी निकालने की तारीख तय होने के बाद, विकासकर्ता द्वारा ड्रॉ निकालने की तारीख/समय और स्थान के बारे में विवरण के बारे में उसी समाचार पत्र में जिसमें मूल विज्ञापन जारी किया गया था, विकासकर्ता द्वारा एक विज्ञापन जारी किया जाएगा। 3. छानबीन और आवंटन के लिए अपनाए जाने वाले विस्तृत मानदंड और समय–सीमा के लिए, आवेदक किफायती आवास नीति 2013 में दिए गए विवरण को भी देख सकते हैं। पीएफ–27/48921 दिनांक 19.08.2013 (विभाग की वेबसाइट https://www.tcpharyana.gov.in पर उपलब्ध)।

**अस्वीकरण:** रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 और उसके तहत बनाए गए नियमों ने रियल एस्टेट क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव लाए हैं। प्रमोटर/डेवलपर रेरा के तहत निर्धारित प्रावधानों के साथ शिकायत करने के लिए है तरह से प्रतिबद्ध है। प्रमोटर/डेवलपर प्रत्येक आवेदक से उस साइट का निरीक्षण करने का आग्रह करता है जहां परियोजना का निर्माण प्रस्तावित है और केवल किसी वास्तुशिल्प प्रभाव, योजना या बिक्री ब्रोशर पर निर्भर नहीं होगा और इसलिए आवेदन जमा करने से पहले व्यक्तिगत निर्णय लेने का अनुरोध किया जाता है। बुकिंग। यहां दिखाए गए चित्र डिजाइन के संकेतक हैं और केवल उदाहरण के उद्देश्य के लिए ऊपर प्रदर्शित एक से वास्तविक डिजाइन फिट और फिनिश में भिन्न हो सकते हैं, परियोजना विवरण/विनिर्देश हरियाणा रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की वेबसाइट https:// के कार्यालय में भी देखे जा सकते हैं। /hrera.in, 'नियम एवं शर्तें लागू। 1 वर्ग मीटर – 10.764 वर्ग फुट।

**खबर संक्षेप**

## टैक्स बार एसो. के राजीव गौड़ प्रधान चुने गए



**फरीदाबाद।** जिला टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी एसके भारद्वाज की देख-रेख में शांतिपूर्ण चुनाव हुआ, जिसमें प्रधान पद के उम्मीदवार के लिए 223 मतों में से 125 मत राजीव गौड़ को मिले और उन्हें प्रधान पद के लिए चुना गया। महासचिव पद के लिए एडवोकेट राजेश गुप्ता 114 मत प्राप्त हुए।

## हैकथॉन-2023 में 32 टीमें लेंगी हिस्सा

**फरीदाबाद।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज, स्मार्ट इंडिया हैकथॉन 2023 की मेजबानी करेगा। 19 से 23 दिसंबर तक देशभर के 47 केंद्रों पर सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर श्रेणियों में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता के लिए हरियाणा राज्य में जिला फरीदाबाद स्थित मानव रचना को हार्डवेयर श्रेणी के तहत चुना गया है। इसे लेकर संस्थान में तैयारियां जारी है। एमआरआईआईआरएस हैकथॉन और इनोवेशन कार्यक्रमों में लगातार सहयोगी संस्थान रहा है।

## भगत सिंह कॉलोनी में भारत संकल्प यात्रा



**फरीदाबाद।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत फरीदाबाद के शहरी क्षेत्र में एमसीएफ नर्सरी तथा भगत सिंह कॉलोनी में पहुंचने पर वहां के निवासियों ने यात्रा वाहन का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम बड़खल अमित मान ने की, वहीं मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कार्यक्रम में शिरकत की।

## मुख्यमंत्री उड़न दस्ता ने हुडा का किया निरीक्षण



**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री उड़न दस्ता को हुडा की सर्वे शाखा में निजी व्यक्ति के कार्य करने की सूचना मिली थी, जिस पर मनीष सहगल डीएसपी के नेतृत्व में जगदीश निरीक्षक, राजेन्द्र कुमार व सतबीर सिंह उप निरीक्षक जय प्रकाश नायब तहसीलदार एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ निरीक्षण किया गया, जिसमें दो महिलाएं बिना अनुमति के सरकारी करती हुई पाई गईं।

## न्यूड वीडियो बनाकर रुपए मांगने लगे ठग

**गुरुग्राम।** साइबर थाना साउथ एरिया में न्यूड वीडियो बनाकर साइबर ठग ने युवक से रुपए मांगकर ब्लैकमेल किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। शिकायत में एक व्यक्ति ने बताया कि उन्हें एक अनजान नंबर ने वीडियो कॉल आई थी। कॉल लेने पर आपत्तिजनक वीडियो चलने लगी। एक कॉल आई जिसने उन्हें यह कॉल रिकॉर्ड होने की बात कही और उनसे रुपयों की मांग की जाने लगी।

## परिवार को बंधक बनाकर लूटने वाले काबू



**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम पुलिस ने घर में घुसकर परिवार को बंधक बनाकर लूट करने वाले 8 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से लूटी गई ज्वैलरी, 46 हजार 200 रुपए, 1 तंमचा,व चाकू बरामद किया है। एसीपी ने बताया कि सुशील त्यागी की लिखित तहरीर पर तत्काल कार्यवाही करते हुए दो टीमें गठित की गई थी।

### रेहड़ी पटरी वालों को किया जागरूक

# पोलीथीन का प्रयोग न करें और न करने दें

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद में पोलीथीन के प्रयोग पर रोक लगा रखा है। किन्तु रेहड़ी, पटरी व अन्य दुकानदारों के द्वारा पोलीथीन का ही प्रयोग किया जा रहा है।

सामान खरीदने वालों को भी पोलीथीन में ही समानों को दिया जा रहा है। पोलीथीन के प्रयोग के कारण फरीदाबाद में जगह-जगह कूड़ा आदि दिखाई दे रहे है। पोलीथीन के प्रयोग से स्वास्थ को भी नुकसान हो रहा है। इसलिए जिला के सभी रेहड़ी, पटरी वालों एवं बाजारों में पोलीथीन का प्रयोग करने वालो को रोकवाने एवं प्रयोग न करने का निर्देश, जागरूक करवाने का कष्ट करें।



### थाना प्रबंधक सारन, इंचार्ज चौकी पर्वतीय कॉलोनी व क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी एसआईटी टीम के सदस्य

# महेश को आग लगाने के मामले में एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में एसआईटी टीम गठित

हरियाणा में फरीदाबाद की पर्वतीय कॉलोनी में गौ रक्षा बजरंग फोर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिट्टू बजरंगी के भाई महेश को आग लगाने के मामले में पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है। एसीपी क्राइम अमन यादव की अध्यक्षता में एसआईटी का गठन किया गया है, इसमें थाना प्रभारी सारन, पर्वतीय कॉलोनी चौकी इंचार्ज और क्राइम ब्रांच सेक्टर-48 प्रभारी सदस्य हैं।

### जुडिशल मजिस्ट्रेट द्वारा महेश के 164 आईपीसी के बयान कराए गए




हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नूंह मामले में आरोपी राजकुमार उर्फ बिट्टू बजरंगी के भाई महेश पांचाल निवासी पर्वतीय कॉलोनी को आग लगाने के मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर राकेश कुमार आर्य के द्वारा मामले में तुरंत कार्रवाई के लिए एक एसआईटी टीम का गठन किया गया है। जिसके अध्यक्ष एसीपी क्राइम अमन यादव, सदस्य थाना सारन एसएचओ, पुलिस चौकी पर्वतीय कॉलोनी और क्राइम ब्रांच सेक्टर.48 है।

**खंगाले जा रहे हैं सीसीटीवी फुटेज**

घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है सीसीटीवी कैमरे चैक किए जा रहे है। आरोपियों की धरपकड़ के लिए क्राइम ब्रांच व थाना पुलिस की टीम तलाश में जुटी है। वारदात में शामिल आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। गौरतलब है कि सूचना के बाद डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन, एसीपी विनोद कुमार, एसीपी क्राइम अमन यादव आदि घटनास्थल पर पहुंचे थे।

### फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के वार्षिकोत्सव में विधायक नागर ने कहा-

# आईएमटी आने वाले समय में देश व पूरी दुनिया में एमएसएमई का सिरमौर बनेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

> विधायक ने कहा कि हमारी केंद्र एवं राज्य की सरकारों ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्कीम चालू की और उनकी सफलता इसी में है कि इससे करोड़ों लोगों को लाभ हुआ है।

भाजपा विधायक राजेश नागर ने कहा कि नई सदी के विकास की कहानी एमएसएमई इंडस्ट्रीज लिखेंगे। वह फरीदाबाद आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के तीसरे वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। विधायक ने कहा कि हमारी केंद्र एवं राज्य की सरकारों ने एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए अनेक स्कीम चालू की और उनकी सफलता इसी में है कि इससे करोड़ों लोगों को लाभ हुआ है और इसमें अरबों रुपयों के लोन विभिन्न एमएसएमई को दिए गए हैं। नागर ने कहा कि मेक इन इंडिया और स्किल इंडिया जैसे प्रोग्राम हमारी भाजपा सरकारों ने दिए। जिनके जनक पीएम नरेंद्र मोदी हैं और इन्हें राज्य में लागू करने के लिए सीएम मनोहर लाल ने कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ी है।

**खास बातें**

- हरियाणा में जीएसटी कलेक्शन के मामले में फरीदाबाद प्रथम पायदान पर
- सरकार के सहयोग से एसोसिएशन का योगदान देश और राज्य के विकास में मिलता रहेगा

### लघु उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने शुरू की कई स्कीम




फरीदाबाद आईएमटी आने वाले समय में पूरी दुनिया में एमएसएमई का सिरमौर बनेगा। यहां पर सैकड़ों की संख्या में कंपनियों ने अपने प्लांट लगाए हैं और अपनी मेहनत के दम पर रोजगार सृजित किये हैं। यह वर्ग न केवल सरकार को विभिन्न करों के रूप में सहयोग दे रहा है बल्कि राज्य और देश की जीडीपी में भी सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जीएसटी कलेक्शन के मामले में फरीदाबाद नंबर वन है। हमें अपने उद्यमियों पर गर्व है। हमारे उद्यमी सरकार और समाज दोनों को सहयोग करते रहे हैं और हमारी औद्योगिक संगठन विभिन्न सामाजिक कार्यों में भी निरंतर सहभागिता करते हैं।

राजेश नागर ने कहा कि एमएसएमई के संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार भी देख रहे होंगे कि फरीदाबाद का उद्यमी अपनी मेहनत, जज्बे और योग्यता के दम पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संयुक्त निदेशक को कहा कि वह यथासंभव फरीदाबाद के उद्यमियों को सहयोग दें जिससे कि इनका योगदान देश और राज्य के विकास में मिलता रहे।

इस अवसर पर एमएसएमई संयुक्त निदेशक दिनेश कुमार ने कहा कि वह फरीदाबाद के उद्यमियों की सृजनशीलता के प्रशंसक हैं और इसके लिए वह अन्य लोगों के सामने भी मिसाल देते हैं। कार्यक्रम में राहुल दूबे इंडस बैंक, असोसिएशन के अध्यक्ष वीरभान शर्मा, महासचिव दीपक पाराशर, कोषाध्यक्ष योगराज गुप्ता, एच एल भूटानी, दीपक प्रसाद, एम के मेहतानी, जी बी दहिया, किशन कौशिक, के एम शर्मा, अंशु लाल, संजीव चावला, सुभाष चंद्र, कपिल गर्ग, विजय गुप्ता, रमेश चंद्र आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### विकास प्राधिकरण को 38 करोड़ की आय

# जीडीए ने नीलामी के माध्यम से बेची 3.26 करोड़ रुपए की संपत्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शुक्रवार को नीलामी के माध्यम से 15 सम्पत्तियां बेची। जिससे जीडीए को 38 करोड़ रुपए की आय होगी। जीडीए के अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में रिक्त व्यवसायिक भूखण्ड, कन्वीनियेन्ट शोपिंग भूखण्ड, दुकान भूखण्ड, आवासीय भूखण्ड एवं पेट्रोल पम्प आदि अन्य सम्पत्तियों की नीलामी हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में आयोजित की गई। नीलामी में मधुबन बापूधाम योजना के 1 व्यवसायिक वइं दिरापुरम योजना के 01 व्यवसायिक भूखण्ड पर बोली/निविदा के माध्यम से प्रतिभाग किया गया। सम्पत्तियों की सर्वोच्च बोली/निविदा के अनुसार प्राधिकरण को लगभग रुपए 3.26 करोड़ की सम्भावित आय होगी। आवेदको/क्रेताओं के रूझान को देखते हुए प्राधिकरण द्वारा रिक्त सम्पत्तियों की नीलामी पूर्व की भांति प्रत्येक शुक्रवार (अवकाश को छोड़कर) को नियत समय व नियत स्थान पर आयोजित की जाएगी।

नीलामी में प्रभारी मुख्य अभियन्ता मानवेन्द्र सिंह ,विषेश कार्याधिकारी/प्रभारी व्यवसायिक सुशील चौबे, सहायक अभियन्ता रजीत,लेखाकार योगेन्द्र कुमार तथा वरिष्ठ सहायक प्रभात कुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

### घर से बुलाकर क्रैशर जोन ले जाकर दिया था वारदात को अंजाम

# रंजिश के चलते कैंटर से कुचलकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

बिलासपुर थाना एरिया में पुरानी रंजिश के चलते कैंटर से कुचलकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है।

पुलिस को दी शिकायत में उटोन निवासी नुरसद ने कहा कि प्रदीप व दलबीर दोनों चचेरे भाई हैं। जिनसे क्रैशर को लेकर काफी दिनों से रंजिश चली आ रही थी। लेकिन पिछले एक साल से सब कुछ ठीक चल रहा था। प्रदीप व दलबीर दोनों के क्रैशर जोन हैं। नुरसद दोनों पक्षों का डंपर व ट्रेक्टर से क्रैशर व रोड़ी सप्लाई करता था। बुधवार की रात करीब 7.30 बजे प्रदीप ने कॉल कर नुरसद को सड़क पर बुलाया। नुसरत अपने भाई जुबेर को लेकर वहां पहुंचा तो प्रदीप व दलबीर ने दोनों को गाड़ी में बैठाया और क्रैशर जोन पर चले गए। इसके बाद प्रदीप व दलबीर ने कहा कि एक चक्कर गाड़ी से गुरुग्राम ले जाना है। लेकिन जब क्रैशर पर पहुंचे तो तीसरे नंबर क्रैशर पर गाड़ी रोकी और रोकते ही नुरसद व जुबेर से प्रदीप व दलबीर ने कहा कि तुम्हें झगड़े का मजा चखाते हैं। इसके बाद जुबेर को दोनों ने पकड़ लिया, जबकि नुरसद मौके से भाग गया। नुरसद के अनुसार दोनों ने पहले मारपीट की और फिर जुबेर को प्रदीप ने गाड़ी के सामने धक्का दे दिया और दलबीर ने उस पर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे जुबेर की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने नुरसद के बयान पर प्रदीप व दलबीर के खिलाफ हत्या की धाराओं में केस दर्ज कर लिया।



# विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यालय पर कर्मचारी असेंबली का एलान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान मे कर्मचारी एसेम्बली रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला प्रधान नवल सिंह नरवत की अध्यक्षता में चार प्रस्ताव पारित किए, जिसमें पहला प्रस्ताव कच्चे कर्मचारियों को समान काम-समान वेतन देने व नियमित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। प्रस्ताव में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल, मान्य पदों पर भर्ती आदि शामिल है। पूर्व प्रधान लज्जाराम ने कहा कि 18 दिसंबर को जिला मुख्यालय पर मेज कुर्सी लगाकर कर्मचारी असेंबली आयोजित की जाएगी, जिसमे कर्मचारियों की मांग व जनसंगठनो महिलाओं, दलित, किसानों की समस्याओं व बिजली कानून संशोधन.स्मार्ट मीटरए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, रोड ट्रांसपोर्ट, कानून, सामाजिक न्याय व एकता पर प्रस्ताव पारित कर महामहिम राज्यपाल के नाम उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा।

जिला वरिष्ठ उपप्रधान बलबीर बालगुहेर, सचिव युद्धवीर सिंह खत्री ने नगर पालिका कर्मचारी संघ की 14 व 15 की दो दिवसीय टूल डाउन पेन डाउन हड़ताल का समर्थन करते हुए सरकार से 3480 नगर निगम गुरुग्राम के छंटनी किए कर्मचारियों को नौकरी पर रखने की मांग की है। मुकेश बेनीवाल, पीडब्लयू डी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के जगदीश चन्द, जितेंद्र भडाना, देवीसिह आदि ने जिला मैजिस्ट्रेट को राज्यपाल, सीएम, विधानसभा अध्यक्ष के नाम ज्ञापन भी सौंपा।

### लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वालों पर ड्रोन की नजर

# लेन बदल कर वाहन चलाने वाले 412 वाहनों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

ड्राइविंग के दौरान लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों की खैर नहीं है। ऐसे वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ड्रोन की सहायता से चालान कर रही है। विशेष अभियान चलाकर ट्रैफिक पुलिस ने ड्रोन की सहायता से लेन चेंज करने पर 412 वाहन चालकों के चालान किए। जिसकी कुल जुर्माना राशि 3 लाख 12 हजार रुपए है। ट्रैफिक पुलिस ने दिसम्बर माह के दरमियान लेन चेंज करने के कुल 6 हजार 866 चालान किए। दरअसल, प्रदेश के डीजीपी शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व गुरुग्राम के पुलिस कमिश्नर विकास अरोड़ा के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस द्वारा ड्रोन का प्रयोग करके लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाया गया।



**दिसंबर माह में 6866 वाहनों पर जुर्माना**

ट्रैफिक पुलिस ने ड्रोन की सहायता से लेन चेंज के कुल 412 चालान किए। जिसकी कुल जुर्माना राशि 3 लाख 12 हजार रुपए है। जबकि दिसंबर माह के 15 दिनों के दरमियान लेन चेंज ड्राइविंग व लेन ड्राइविंग की उल्लंघना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्ती से कार्यवाही करते हुए कुल 6866 चालान किए गए। जिसमें 5797 ट्रक, 518 सवारी बस व 211 शिक्षण संस्थानों की बसें हैं। इन चालानों की कुल जुर्माना राशि 58 लाख 9 हजार 600 रुपए है।

### सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल में मना संस्थापक दिवस

# कलात्मक व अकादमिक प्रतिभा का अनूठा संगम



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

सेठ आनंदराम जैपुरिया स्कूल ने 19वां संस्थापक दिवस रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक एवं कलात्मक प्रदर्शनियों और अकादमिक प्रतिभा की स्वीकार्यता के मिश्रण को बखूबी प्रदर्शित किया गया । ' शिवोऽहम - द लीजेंड ऑफ शिव' नामक नृत्य और नाटक का प्रस्तुतिकरण बेहतरीन रहा। भगवान शिव के जीवन को दर्शाती इस संगीतमय गाथा ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और छात्रों की अपार प्रतिभा और रचनात्मकता को प्रदर्शित किया।

**अभिनेता राहुल बोस रहे अतिथि**

इस कार्यक्रम में अभिनेता, निर्देशक, पटकथा लेखक और थियटर कलाकार राहुल बोस मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष शिशिर जैपुरिया, उपाध्यक्ष सुनीता जैपुरिया, निदेशक ध्वनि जैपुरिया, निदेशक स्कूल डॉ. नीता बाली, और निदेशिका प्रधानाचार्या शालिनी नांबियार शामिल थे। समारोह का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन की औपचारिकता के साथ हुआ। जोशीले ऑर्केस्ट्रा प्रदर्शन, 'किशोर दा यादों में' ने भारतीय उस्तादों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिसने सांस्कृतिक समृद्धि की शाम का माहौल तैयार किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम 'अनादि- शिव आराधना' के साथ अग्रसर हुआ , जिस के अंतर्गत नृत्य द्वारा भगवान शिव का आह्वान किया गया । मुख्य अतिथि, राहुल बोस को शानदार प्रदर्शनियों का दौरा करवाया गया, जिसमें 'प्रत्यावर्तन', पूरे इतिहास में विभिन्न युद्धों की कहानियों को प्रदर्शित करने वाली एक प्रदर्शनी, और 'कलाकृति - कला की यात्रा', के विकास पर समय अवधि में कला एक प्रतिबिंब शामिल है।

**HDFC BANK** We understand your world
**AUCTION NOTICE FOR GOLD ORNAMENTS**

**CORRIGENDUM**

Please refer to the **"AUCTION NOTICE FOR GOLD ORNAMENTS"** published in Rashtriya Sahara Delhi Edition on 13.12.2023, the general public hereby intimated that in the Following Loan A/c No's Correct Loan Amount Should be read as given below in the table.

| Auctions Date | Loan/Account No | Correct Loan Amount | Auctions Date | Loan/Account No | Correct Loan Amount |
|---|---|---|---|---|---|
| 20-12-2023 | 73352625 | 622000 | 20-12-2023 | 73630892 | 63800 |
| 20-12-2023 | 73283069 | 687000 | 20-12-2023 | 73176771 | 65800 |
| 20-12-2023 | 73125134 | 179000 | 20-12-2023 | 74089395 | 240000 |
| 20-12-2023 | 73292408 | 82000 | 20-12-2023 | 74484464 | 159000 |

**Rest of the notice will remain same**
**DATE : 16.12.2023, PLACE : DELHI** **AUTHORISED OFFICER, HDFC BANK LTD.**

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एम.सी. रोहतक के तहत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के लिए टेंटेज की आपूर्ति व फिक्सिंग (पुनः आमंत्रण)। | 14.12.2023 20.12.2023 | - | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड नं. 6, नगर निगम रोहतक में छोटू राम चौक से गोहाना अड्डा तक बिटुमिनस रोड की रिकार्पेटिंग। | 11.12.2023 05.01.2024 | 39.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23428/I/88/7 दि. 15.12.23

**हरियाणा सरकार निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम सोनीपत | एम.सी. सोनीपत में कुमासपुर नंदीशाला में स्टॉर्म वाटर लाइन का प्रावधान व बिछाना + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.01.2024 | 3.58 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 1302260100 ajaynirala45@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in**
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23425/I/88/7 दि. 15.12.23

## महज 38 दिन का करना होगा इंतजार...

# फिर... होंगे अयोध्या के भव्य-दिव्य मंदिर में रामलला के दर्शन, तीन मूर्तियों में एक चुनने की प्रक्रिया शुरू

अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर बन रहे भव्य मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। प्रथम तल का भी 80% काम पूरा हो चुका है। रामलला के तीनों मूर्तियों का निर्माण लगभग पूरा हो गया है।

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में श्रीरामजन्म भूमि पर बन रहे भव्य राममंदिर का इंतजार अब बस 38 दिन का रह गया है। मंदिर का उद्घाटन 22 जनवरी को होना है। प्रथम तल का 80 फीसदी काम पूरा हो चुका है। भूतल और प्रथम तल पर काम पूरा करने की समय सीमा 31 दिसंबर है। तय समय पर काम पूरा करने के लिए कार्यदायी संस्था दिन रात एक करके युद्ध स्तर पर काम कर रही है।



### 51 इंच के रामलला विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा

रामलला के तीनों मूर्तियों का निर्माण लगभग पूरा हो गया है। अब तीनों मूर्तियों में से एक चुनने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। गर्भगृह में आधार आसन (पैडेस्टल) का निर्माण शुरू हो गया है। भूतल में कमल दल स्वरूप में निर्माणाधीन इसी आसन पर रामलला विराजमान होंगे। लगभग 4 फुट के इस आधार आसन के ऊपर 51 इंच के रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा अगले वर्ष 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों होनी है।

### 8 एकड़ का है परकोटा

राम मंदिर में प्रवेश का पहला पूर्वी द्वार का निर्माण अंतिम दौर में है। वहीं इस प्रवेशद्वार के दक्षिण-पूर्व कोने में भगवान शिव शंकर के शिवालय का निर्माण शुरू हो गया है। इसके अलावा उत्तर-पूर्व में विघ्नहर्ता गणपति के मंदिर के निर्माण की भी तैयारी है। राम मंदिर का यह परकोटा आठ एकड़ में निर्मित हो रहा है और यह वर्गाकार नहीं बल्कि आयताकार है। इस परकोटे के पूरब में प्रवेश द्वार और पश्चिम में रिटेनिंग वाले का निर्माण किया गया है। इसके अलावा उत्तर-दक्षिण की दोनों भुजाओं पर तीन-तीन मंदिर प्रस्तावित है।

### कई भगवानों के मंदिर तैयार

श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र महासचिव चंपतराय का कहना है कि पंचायतन पूजा पद्धति में भगवान विष्णु के अंशावतार भगवान श्रीराम है। इनका दिव्य मंदिर मध्य में है। इसके अलावा भगवान शंकर, माता दुर्गा व गणपति के अलावा सूर्यदेव इस पंचायतन उपासना के अन्तर्गत आते हैं। इसीलिए इनके मंदिर प्रस्तावित किए हैं। इसके अतिरिक्त उत्तर-दक्षिण की भुजाओं के मध्य में दक्षिण तरफ हनुमान जी व उत्तर तरफ मां अन्नपूर्णा को स्थान दिया जाएगा।

### फर्श की पालिशिंग का काम चल रहा

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के न्यासी डॉ. अनिल मिश्र कहते हैं कि भूतल पर तो सिर्फ फिनिशिंग का काम चल रहा है। फर्श की घिसाई के बाद अब पालिशिंग का काम चल रहा है। यह काम पूरा हो जाने के बाद स्वर्ण जड़ित दरवाजों को लगाने का काम किया जाएगा। कुल मिलाकर भूतल पर लगाए जाने वाले 18 दरवाजों को लगाए जाने का मुख्य काम ही बचा है। वह भी तय समय सीमा के अंदर पूरा कर लिया जाएगा।

#### रंगमंडप व नृत्य मंडप के आमलक तैयार

मिश्र ने बताया कि भूतल पर लाइटिंग की टेस्टिंग हो चुकी है। स्तंभों का काम भी पूरा हो चुका है। स्तंभों को अंतिम रूप कलाकार दे रहे हैं। भूतल पर सभी कार्यों की सिर्फ फिनिशिंग की जा रही है। वहीं प्रथम तल पर गर्भगृह व छत आदि का काम बाकी है। रंगमंडप व नृत्य मंडप के ऊपर आमलक को तैयार किया जा चुका है। प्रथम तल पर गुड़ी मंडप पर आमलक तैयार किए जाने का काम किया जा रहा है।

#### विशेष तकनीकी से तैयार किए गए हैं आमलक

निर्माण में सबसे विशेष तकनीकी का इस्तेमाल मंडपों के ऊपर आमलक तैयार करने में किया जा रहा है। गोलाकार कई कई परतों वाली नक्काशी युक्त आमलक को बड़ी क्रेनों के सहारे इंजीनियरों की कैलकुलेशन के आधार पर रखा जा रहा है। थोड़ा सा भी कोण में अंतर आने पर आमलक खराब होने का खतरा रहता है। आमलक को पहले से अलग अलग कई परतों में तैयार किया जाता है।

**समूचा मंदिर भूकंपरोधी:** देश के शीर्षस्थ इंजीनियरिंग संस्थानों के वैज्ञानिकों- इंजीनियरों की तकनीकी दक्षता देखिए कि रिक्टर स्केल पर 8 तीव्रता का भूकंप झेलने में भी यह आमलक समेत समूचा मंदिर सक्षम रहेगा। सीबीआरआई रुड़की व आईआईटी चेन्नई के वैज्ञानिकों ने इसे भूकंपरोधी बनाया है।

### मंदिर की अनुमानित लागत 1800 करोड़

राम मंदिर के सापेक्ष परकोटे की लागत 100 करोड़ अधिक राम मंदिर की कुल अनुमानित लागत करीब 1800 करोड़ है। इसमें राम मंदिर का मूल स्ट्रक्चर के निर्माण की लागत करीब साढ़े सात सौ से आठ सौ करोड़ के मध्य है। इसके विपरीत परकोटे की लागत आठ सौ करोड़ से साढ़े नौ सौ करोड़ है। इस परकोटे की लागत बढ़ने का मुख्य कारण इसके निर्माण में प्रयुक्त होने वाला ग्रेनाइट पत्थर है। राम मंदिर में जहां करीब साढ़े चार लाख घन फिट पिंक सैंड स्टोन का प्रयोग किया जा रहा है। वहीं परकोटे में साढ़े छह लाख घन फिट ग्रेनाइट का प्रयोग हो रहा है। बताया गया कि यह परकोटा बहुआयामी है।

---

## खबर संक्षेप

### रुपए नहीं देने पर बेटे ने मां की कर दी हत्या



**प्रयागराज।** एक बेटे ने अपनी मां की महज इसलिए हत्या कर दी कि उसने रुपए देने से मना कर दिया था। इसके बाद बेटे ने मां के शव को एक सूटकेस में बंद करके उसे ठिकाने लगाने के लिए हरियाणा से ट्रेन में बैठा और प्रयागराज के संगम क्षेत्र में पहुंच गया। बेटा मां के शव को ठिकाने लगाने वाला ही था कि पुलिस की नजर पड़ी और शव के साथ बेटे को धर दबोचा। पुलिस उपायुक्त (नगर) दीपक भूकर ने यह बताया।

### धर्म गुरु दलाई लामा पहुंचे बोधगया



**पटना।** बौद्ध धर्म के शीर्ष धर्मगुरु दलाई लामा अपने 35 दिनों के प्रवास कार्यक्रम पर शुक्रवार की सुबह गया पहुंचे। पश्चिम बंगाल के बागडोगरा एयरपोर्ट से विशेष विमान द्वारा वे गया एयरपोर्ट पहुंचे। गया एयरपोर्ट पर डीएम डॉ. त्यागराजन एसएम सहित वरीय अधिकारियों ने दलाई लामा का स्वागत किया। एयरपोर्ट से उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सड़क मार्ग से बोधगया ले जाया गया।

---

### सीएम योगी ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'बायोनेचर कॉन-2023' के उद्घाटन सत्र में कहा-

# शिक्षण संस्थाएं पुस्तकीय ज्ञान के बजाए फील्ड में अनुभव हासिल करने और शोध पर दें ध्यान

*नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। शिक्षण संस्थाओं को पुस्तकीय ज्ञान के बजाए फील्ड में अनुभव हासिल करने और शोध पर ध्यान देना होगा।*

एजेंसी ▶▶ गोरखपुर

शिक्षण संस्थाओं को पुस्तकीय ज्ञान के बजाए फील्ड में अनुभव हासिल करने और शोध पर ध्यान देना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय व फार्मेसी संकाय के संयुक्त तत्वावधान एवं ट्रांसलेशन बायोमेडिकल रिसर्च सोसायटी के सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही।

एडवांसेज एंड ऑपर्चुनिटीज इन ड्रग डिस्कवरी फ्रॉम नेचुरल प्रोडक्ट्स 'बायोनेचर कॉन-2023' विषयक संगोष्ठी के शुभारंभ पर सीएम ने कहा कि नवाचार और अनुसंधान से तटस्थ होने के कारण भारत पिछड़ गया था और यहां के शिक्षण संस्थान डिग्री बांटने के केंद्र तक सीमित हो गए थे। हालांकि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ सालों में इस दिशा में सुधार के प्रयास हुए तो अब अच्छे परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

#### खास बातें

- पीएम के नेतृत्व में शोध कार्यों में सुधार हुआ
- प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन
- दवाओं की पैकेजिंग पर दें ध्यान
- मेडिकल डिवाइस पार्क विकसित किया जा रहा
- बीमारियों से जुड़े आंकड़ें बन सकते हैं शोध का आधार

#### प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को मिलेगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने दुनिया में प्राकृतिक संसाधनों से पारंपरिक चिकित्सा भारत की देन है। वर्तमान समय मे इसे आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने कई विभागों के बीच आपसी समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि आपसी आयुर्वेद, फार्मेसी, बायो केमिस्ट्री, कृषि जैसे कई विभागों के समन्वय से प्राकृतिक संसाधनों से चिकित्सा को एक नई ऊंचाई मिल सकती है। उन्होंने कहा कि कृषि से जुड़े लोग प्राकृतिक संसाधनों से औषधि बनाने के क्षेत्र में बहुत योगदान दे सकते हैं।



#### औषधियों की गुणवत्ता पर दें ध्यान

सीएम ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों से बनने वाली औषधियों की गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने के साथ पैकेजिंग पर भी पूरा ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद की दवा पुड़ियां बांधकर देने से रोगी को ही विश्वास नहीं होता जबकि यही दवा टैबलेट के रूप में उसका विश्वास बढ़ाती है। दवाओं को इसी अनुरूप में तैयार और पैक करना होगा।

#### दो हजार एकड़ में बन रहा फार्मा पार्क

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ललितपुर में दो हजार एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। इसके साथ ही मेडिकल डिवाइस पार्क को विकसित करने पर भी तेजी से काम चल रहा है। सीएम ने डाटा संग्रहण को वर्तमान समय की आवश्यकता बताते हुए कहा कि डॉक्टर और नर्स रोगियों से जुड़े विभिन्न आंकड़ों को संग्रहित कर उसे एक बड़े शोध का आधार बना सकते हैं।

#### 40 साल के दंश को 4 साल में दूर किया

सीएम ने इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के बारे में बताया कि 1977 से लेकर 2017 तक करीब 50 हजार बच्चों की मौत इंसेफेलाइटिस की वजह से हो गई। जापान में इसके लिए वैक्सीन 1905 में ही बन गई थी जबकि भारत में वैक्सीन 2005 में उपलब्ध हुई, उसका भी उत्पादन मांग से काफी कम रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश की करीब तीन करोड़ की आबादी के सापेक्ष इंसेफेलाइटिस वैक्सीन महज एक लाख डोज मिल रही थी। सीएम ने बताया कि 2017 में प्रदेश की कमान सम्भालने के बाद स्वास्थ्य विभाग को नोडल बनाकर कई विभागों के बीच अंतर विभागीय समन्वय से चालीस साल के दंश को चार साल में दूर कर दिया गया। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण का यह मॉडल कोरोना के सफल प्रबंधन में भी काम आया और हर जगह यूपी के कोरोना प्रबंधन की सराहना हुई।

---

### विधानसभा शीत सत्र के पहले दिन हंगामा

# जींद के स्कूल में छात्राओं से छेड़छाड़ के मुद्दे पर घमासान

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू हो गया। पहले ही दिन कई विषयों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। हंगामे के बीच एक बार कांग्रेसी विधायकों ने वॉकआउट भी किया। सदन में जलभराव, बारिश व ओलावृष्टि से नुकसान, मुआवजे, जहरीली शराब जैसे विषय छाए रहे। जींद के सरकारी स्कूलों में छात्राओं के यौन शोषण के मामले को लेकर जमकर घमासान हुआ। कांग्रेस विधायक गीता भुक्कल ने यह मुद्दा उठाते हुए सरकार पर तीखा हमला बोला तो डिप्टी सीएम ने उन्हें उनके कार्यकाल की याद दिलाते हुए गंभीर आरोप लगाए। इस पर दोनों के बीच जमकर तू-तू, मैं-मैं हुई। भुक्कल ने दुष्यंत से माफी की मांग की, लेकिन डिप्टी सीएम ने सदन में खड़े होकर आरोपों को दोहरा दिया, जिसके बाद में भुक्कल ने कुछ इस तरह के शब्द भी बोल दिए, जिन्हें सदन की कार्यवाही से हटाना पड़ा। इसके मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने बीच बचाव करते हुए सदन को आश्वस्त किया कि स्कूलों में बालिकाओं से छेड़छाड़ की घटनाओं की जांच हाईकोर्ट के सिटिंग जज से करवाई जाएगी।



हंगामे के बीच हरियाणा के सीएम मनोहर का ऐलान

#### किसने क्या कहा

**भुक्कल:** जींद के उचाना में छात्राओं के यौन शोषण व अन्य घटनाओं पर सरकार पर हमला बोला, तो हंगामा शुरू।

**कंवरपाल:** शिक्षा मंत्री ने कांग्रेस नेत्री को अपना वक्त याद करने को कहा, सदन को बताया कि हमारी सरकार ने आरोपित को बर्खास्त कर दिया है।

**दुष्यंत:** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत ने भुक्कल पर हमला बोला व कहा कि आरोपित की इन्होंने 2005 और 2011 में मदद की थी। वह लंबे वक्त तक भुक्कल के संरक्षण के कारण जहां चाहता था, वहां तैनात रहा। दो बार शिकायत हुई। भुक्कल ने इसे बचा लिया अपने घर पर मामले में समझौता करा दिया, डीडीआर से एफआईआर नहीं होने दी गई।

---

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी आज पांच राज्यों...

भारत संकल्प यात्रा' लाभार्थी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में केंद्रीय मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। दरअसल, केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने एवं इनसे लाभ लेने वाले हितग्राहियों से संवाद करने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा देश भर में निकाली जा रही है। इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचे।

**स्वास्थ्य मेला और अन्य सुविधाओं के कैंप:** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्ज्वला योजना, आधार कार्ड अपडेटेशन आदि के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही नागरिक उपयोगी अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने भी इन स्टाल में व्यवस्था होगी। 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी।

### 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी'...

भी होंगे। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

### धोनी को भी मिला...

उनके लोकप्रिय और आइकोनिक जर्सी नंबर-7 को रिटायर कर दिया है। इससे पहले बीसीसीआई ने सचिन तेंदुलकर की जर्सी नंबर-10 को 2017 में रिटायर किया था। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीसीसीआई ने सभी खिलाड़ियों को पहले ही यह सूचना दे दी है कि अब उनके पास नंबर-10 के साथ-साथ नंबर-7 की जर्सी पहनने का भी विकल्प नहीं बचा है। भारतीय क्रिकेट टीम के वर्तमान खिलाड़ियों और नए आने वाले सभी युवा खिलाड़ियों को बीसीसीआई ने सूचित कर दिया है कि महेंद्र सिंह धोनी के ऐतिहासिक जर्सी नंबर-7 को उपयोग ना करें। बीसीसीआई ने धोनी के द्वारा भारतीय क्रिकेट को दिए गए योगदान के कारण उनके जर्सी नंबर को रिटायर करने का निर्णय लिया है।

### अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट...

में 256 कैच, और 38 स्टंप आउट किए थे। वहीं, वनडे में धोनी ने 321 कैच, और 123 स्टंप आउट किए थे, जबकि टी20 में उन्होंने 57 कैच और 34 स्टंप आउट किया था।

### सर्वे पर 'सुप्रीम...

नियुक्ति, सर्वे के तौर-तरीकों और शर्तों पर सुनवाई के लिए 18 दिसंबर की तारीख तय कर दी थी। मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त करने के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस पर कहा कि यदि हाईकोर्ट के आदेश से कोई परेशानी होगी तब आप सर्वोच्च न्यायालय आ सकते हैं। शीतावकाश में भी सुप्रीम कोर्ट आ सकते हैं। हिंदू पक्ष की ओर से यह तर्क दिया गया था कि कटरा केशव देव की 13.37 एकड़ जमीन श्रीकृष्ण विराजमान की है और इसे लेकर 12 अक्टूबर 1968 को हुआ समझौता अवैध है।

### संसद का प्लान...

दोनों को सिर्फ विजिटर गैलरी तक ही रहना था लेकिन, वो अचानक गैलरी से वेल में कूद गए, यह नियमों के खिलाफ था।

**प्लान ए ही हो गया सक्सेस:** दरअसल संसद भवन में प्रवेश के लिए मनोरंजन डी और सागर शर्मा के नाम से पास बना था इसलिए इन्हीं दोनों को अंदर भेजने का फैसला लिया गया। प्लान के मुताबिक दोनों को संसद दीर्घा में कूदकर कलर स्मोक जलाना था। मनोरंजन और सागर शर्मा इसी प्लान के तहत अंदर गए और उन्होंनें वहां हंगामा किया।

**आरोपी सात दिन की कस्टडी में, कोर्ट ने दिया वकील:** पुलिस ने यह भी बताया कि चार आरोपी सागर शर्मा, मनोरंजन डी, नीलम और अमोल को कोर्ट ने सात दिन की कस्टडी में दिया है. इन चारों आरोपियों के खिलाफ यूएपीए के तहत एफआईआर दर्ज की है। वहीं, कोर्ट ने आरोपियों के लिए कानूनी मदद के लिए वकील नियुक्त किया है। आरोपियों का कहना था कि उनके पास उनका प्रतिनिधित्व करने के लिए कोई वकील नहीं है।

**ललित ने पहले बना लिया था छिपने का प्लान:** इस प्लान में महेश को जिम्मेदारी दी गयी थी कि जब वो पुलिस से बच कर दिल्ली से निकलेगा तो राजस्थान से उसके छुपने में मदद करेगा। महेश मजदूरी का काम करता है। बता दें कि कैलाश और महेश मौसेरे भाई हैं। महेश ने अपनी आईडी पर ललित को एक गेस्ट हाउस में कमरा दिलवाया था। ललित, महेश और कैलाश तीनों लगातार टीवी पर इस पूरे मामले की जानकारी ले रहे थे।

**आरोपियों के मोबाइल को किया नष्ट:** सूत्रों के मुताबिक राजस्थान से दिल्ली आकर सरेंडर करने से पहले ललित ने वहीं पर चारों मोबाइल को नष्ट कर दिया। बुधवार को संसद भवन में कांड के बाद गुरुवार की सुबह ही ललित ने सभी फोन नष्ट कर दिए थे। हालांकि पुलिस को ललित की बातों पर पूरी तरह भरोसा नहीं है और हर एंगल से इस मामले की जांच कर रही है।

### प्लान ए फेल होता...

स्मोक जलाते हुए नारेबाजी करते। 12 दिसंबर की रात जब महेश और कैलाश गुरुग्राम में विक्की के घर नहीं पहुंचे तो अमोल और नीलम को हर हाल में ये काम करने का जिम्मा सौंपा गया।

### कुछ भी कर...

दुनिया में ताकतवर व्यक्ति वह नहीं, जो छीनना जानता हो ताकतवर वह है, जो हर सुख त्यागने की क्षमता रखता है। काश मैं स्थिति माता पिता को समझा सकता मगर ऐसा नहीं है।

### लोकसभा व राज्यसभा...

कार्रवाई की भी मांग कर रहे थे जिनके हस्ताक्षर से मिले 'पास' पर संसद भवन में प्रवेश करने वाले दो युवक बुधवार को लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूद गए थे। इधर, निलंबित सांसदों ने कांग्रेस नेत्री सोनिया गांधी से मुलाकात की। निलंबित सांसदों सहित सभी सांसद महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचे। उनके हाथ में गृहमंत्री इस्तीफा दो की तख्तियां थीं।

### दीया कुमारी और...

दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने भी शपथ ली। खास बात ये है कि भजनलाल का आज जन्मदिन भी था। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। समारोह में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, पीयूष गोयल शामिल हुए। इसके अलावा मप्र के नए सीएम मोहन यादव, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, वसुंधरा राजे, अर्जुनराम मेघवाल, गोवा के सीएम प्रमोद सावंत, त्रिपुरा के सीएम मणिक साहा, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी, यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य समेत तमाम नेता पहुंचे।

### मेट्रो के दरवाजे में...

में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि मेट्रो के दरवाजे का सेंसर फेल होने से महिला यात्री का कपड़ा फंसने के बाद दरवाजा खुल नहीं पाया। महिला अपने बेटे के साथ नांगलोई से मोहन नगर जा रही थी।

### एसी कोच की खिड़की...

वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। शुक्रवार दोपहर में पवन एक्सप्रेस ट्रेन जयनगर स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर लगी थी। ट्रेन खुलने का समय दोपहर एक बजे था। यात्री अंदर चढ़कर बैठ गए। ट्रेन के अंदर साफ-सफाई का काम चल रहा था। ट्रेन खुलने से पहले ही एसी कोच बी1 में अचानक आग लग गई। यात्रियों ने हल्ला मचाना शुरू कर दिया।

**आग बुझने पर ली राहत की सांस:** आनन-फानन में रेलवे कर्मचारी बोगी के पास पहुंचे। उन्होंने एसी कोच की खिड़की का शीशा तोड़ा और अंदर फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। इसके बाद पाइप के जरिए खिड़की से पानी की बौछार की गई। आग के बुझने पर सभी ने राहत की सांस ली। मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही असली वजह सामने आएगी। हालात सामान्य होने पर ट्रेन को रवाना कर दिया गया। बता दें कि पवन एक्सप्रेस बिहार से मुंबई रूट पर चलने वाली एक प्रमुख ट्रेन है। बड़ी संख्या में अप्रवासी कामगार इसमें यात्रा करते हैं। मधुबनी, दरभंगा, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, वैशाली, सारण जिले के यात्री इसमें सफर करते हैं।

### पहाड़ी क्षेत्रों में जबरदस्त...

गया। दिल्ली में शिमला से भी ज्यादा ठंड देखी जा रही है। जबकि शिमला में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, हरियाणा का हिसार भारत के मैदानी इलाकों में सबसे ज्यादा ठंडा रहा। यहां न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। भारत के अधिकांश हिस्सों में ठंड के कारण विजिबिलिटी 500 मीटर से भी कम रही।

---

### सोरेन ने शुरू किया मिशन 2024

# 14 सीटें जीतकर बकाया राशि केंद्र सरकार से लेंगे

एजेंसी ▶▶ रांची



सीएम हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय कमेटी के सदस्यों और कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम के दौरान 2024 के चुनावों के लिए हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना है। लोकसभा की सभी 14 सीटों पर जीतेंगे, तो केंद्र सरकार से राज्य का 1.36 लाख करोड़ रुपए बकाया मिल जाएगा।

#### कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दें

सीएम ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, घर-घर जाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने की जिम्मेदारी दी। सोरेन ने कहा कि आगामी चुनाव वर्ष में राज्य विरोधी लोग तथा पार्टियां धर्म और समुदाय के नाम पर हमारी अखंडता और एकजुटता को तोड़ने का प्रयास कर रही हैं। ऐसे राज्य विरोधी लोगों से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

### भाजपा ने किया हारी हुई 16 सीटें जीतने पर महामंथन

# सशक्त होते भारत की गाथा प्रत्येक आम जन तक पहुंचाएं

एजेंसी ▶▶ वाराणसी



17 दिसंबर को दो दिवसीय दौरे पर काशी आ रहे पीएम नरेंद्र मोदी से पहले प्रदेश संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह वाराणसी पहुंचे। मिशन 2024 को लेकर धर्मपाल सिंह अभी से पूर्वांचल को भाजपा का किला बनाने में जुट गए हैं। इसको लेकर धर्मपाल सिंह ने पूर्वांचल के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में धर्मपाल सिंह ने छह जिलों की हारी 16 सीटों पर मंथन किया।

#### यूपी की सभी लोकसभा सीटें भाजपा जीतेगी

सिंह ने कहा कि विश्व में बढ़ती भारत की शक्ति, आर्थिक, सांस्कृतिक व सामरिक रूप से सशक्त होते भारत की गाथा प्रत्येक जन तक पहुंचाने का कार्य अनवरत रूप से करना है। इसके साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की प्रदेश भाजपा सरकार की सशक्त कानून व्यवस्था तथा अंत्योदय के लक्ष्य को पूर्ण करती जनकल्याणकारी योजनाएं हमारी चर्चाओं में सम्मिलित होना चाहिए।



# सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

**मुंबई।** देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

## लाइफ Style



# जाह्नवी छोटी बहन को दी सलाह

एजेंसी ⏭ मुंबई

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारगेट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

## हॉलीवुड मसाला



# ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

**लॉस एंजेलिस।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।



# माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

**लॉस एंजेलिस।** एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।



# कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

**मुंबई।** रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



# फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किलस के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

## टीवी मसाला



# सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

**मुंबई।** कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

# वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार



टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

# परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका



मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ



**मुंबई।** एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।



# जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

**मुंबई।** 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

## अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

# नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।



### विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा



एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

### शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

### कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज़ 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।

# कांग्रेस को एक वर्ग विशेष के धार्मिक स्थल के लाउडस्पीकर से इतनी मोहब्बत क्यों?: रामेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



धार्मिक स्थलों पर बजने वाले लाउडस्पीकर और खुले में बिकने वाले मांस की दुकान को लेकर राजनीति गरमा गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने धार्मिक स्थलों पर अनियंत्रित आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर और खुले में बिक रहे मांस को लेकर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के फरमान के बाद से ही सियासत तेज हो गई है। जहां सत्ता पक्ष ने इस फैसले का स्वागत किया तो वहीं विपक्ष ने इसे भ्रम फैलाने की राजनीति बताया है। मुख्यमंत्री के फैसले का स्वागत करते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस वालों को एक वर्ग विशेष के धार्मिक स्थल के लाउड स्पीकर से इतनी मोहब्बत क्यों है। कांग्रेस क्या सुप्रीम कोर्ट से ऊपर है। सरकार क्या कांग्रेस से पूछकर निर्णय लेगी? अगर सरकार ने निर्णय लिया है तो वे हर चीज पर आपत्ति करेंगे। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मंदिर के आसपास मांस की दुकान नहीं लगाने देने का फैसला सरकार का स्वागत योग्य कदम है। पहले भी इस पर कार्रवाई हुई है। अब आगे और सख्ती से एक्शन होगा। वहीं लाउडस्पीकर मामले में शर्मा ने कहा कि अब किसी की हिम्मत हो तो बजाकर दिखाएं। यहां कानून का राज है। हम मोहन यादव कैबिनेट को धन्यवाद देते हैं।

### कांग्रेसी सदैव अपराधी मानसिकता का समर्थन करते हैं



भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व विधायक सज्जन सिंह वर्मा के संसद के सुरक्षा घेरे को तोड़कर उत्पात मचाने वालों का समर्थन करने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कांग्रेस नेता को नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेसी सदैव जिहादी, अपराधी और अराजक मानसिकता का समर्थन करते हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इनके विचारों का समर्थन सोनिया गांधी व राहुल गांधी भी करते हैं, इसे स्पष्ट करना चाहिए। अग्रवाल ने अपने ट्वीटर एक्स हैंडल पर किए गए ट्वीट में कहा कि इनके दुर्जन विचारों को सुनिए...। उन्होंने लिखा कि वर्मा संसद के सुरक्षा घेरे को तोड़कर उत्पात मचाने वालों का समर्थन कर रहे हैं। आखिर क्यों कांग्रेसी सदैव जिहादी, अपराधी और अराजक मानसिकता का समर्थन करती है। क्या इनके विचारों का समर्थन सोनिया गांधी और राहुल गांधी भी करते हैं उन्हें स्पष्ट करना चाहिए।

## सरकार के नए आदेश पर कांग्रेस की आपत्ति, पूर्व सीएम कमलनाथ बोले- विवाद के लिए कुछ न कुछ बहाना ढूंढ रही है भाजपा



भोपाल। प्रदेश सरकार के तेज आवाज में बजने वाले लाडउस्पीकर और खुले में मांस की बिक्री पर रोक लगाने के फैसले पर कमलनाथ का बयान सामने आया है। पीसीसी चीफ ने गुरुवार को छिंदवाड़ा में कहा, भाजपा विवाद के लिए कुछ न कुछ बहाना ढूंढ रही है। कुछ भी करे समाज में विवाद नहीं होना चाहिए। हमारी संस्कृति जोड़ने की और प्यार-मोहब्बत की है। वहीं कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार ने तेज आवाज में बजने वाले लाउडस्पीकर और खुले में मांस बिक्री पर सरकार के रोक लगाने पर कहा कि ये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का एजेंडा है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले महाकाल से शुरूआत हो। यहां श्रद्धालुओं से लिए जाने वाले शुल्क पर रोक लगनी चाहिए। कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार को सबसे पहले शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। शिक्षा ऐसी होना चाहिए, जिससे बेरोजगारी खत्म हो। युवा भाजपा सरकार से नाखुश हैं। विधायक फूल सिंह बरैया ने कहा कि लाउडस्पीकर हटाने का फैसला यदि प्रदूषण कम करने के लिए हुआ है तो इसका स्वागत है, लेकिन किसी गलत धारणा से किया गया है तो यह गलत है।

### पूर्व मंत्री सज्जन ने किया हमलावरों का समर्थन

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने संसद में हुए हमले को लेकर हमलावरों का समर्थन किया है। सज्जन सिंह वर्मा का कहना है कि जो हमलावर सदन के अंदर दाखिल हुए थे, उन्होंने अपने विरोध की आवाज उठाई थी। बेरोजगारी सहित कई मुद्दों को लेकर अब उनके पास कोई चारा नहीं था। इसलिए सदन के अंदर दाखिल होकर ऐसा कदम उठाया है। आज देश की यही स्थिति बन रही है। उन्होंने देश की युवाओं की बात को संसद तक पहुंचाने की कोशिश की है।

## खबर संक्षेप

### सीएम बोले- बलिदानी जवान के स्वजन के साथ पूरा छत्तीसगढ़ प्रदेश



रायपुर। नारायणपुर जिले में हुए आईईडी ब्लास्ट में सक्ती जिले के हसौद निवासी बलिदानी जवान कमलेश साहू को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन कर श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं। मुख्यमंत्री ने बलिदानी जवान के स्वजन के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा प्रदेश उनके साथ है। कमलेश साहू ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति प्राप्त की है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा भी गुरुवार को हसौद पहुंचकर बलिदानी कमलेश साहू को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने बलिदानी के पिता मुंगेश्वर साहू को गले लगाकर ढांढस बंधाया। उप मुख्यमंत्री ने बलिदानी की माता तारा देवी साहू, पत्नी वृंदाबाई साहू, बड़ी बहन कमलेश्वरी साहू और छोटे भाई यशवंत साहू सहित अन्य स्जवन से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि बलिदानी कमलेश साहू ने देश की सेवा करते हुए वीरगति प्राप्त की है। उनकी शहादत को नमन है।

### पूर्व विधायक आरके राय ने आइपीएस पर लगाया मारपीट का आरोप



रायपुर। गुंडरदेही के पूर्व विधायक और भाजपा नेता राजेंद्र कुमार राय ने आजाद चौक सीएसपी आइपीएस मयंक गुर्जर पर डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाया है। राय गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पहुना स्थित आवास में मिलकर इसकी शिकायत करते हुए आईपीएस को निलंबित करने की मांग की। राय के अनुसार यह घटना बुधवार को साइंस कॉलेज मैदान में शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर घटी। इधर आईपीएस मयंक गुर्जर ने पूर्व विधायक से किसी तरह की मारपीट से साफ इन्कार किया है।

### महादेव एप मामला: रवि उप्पल को एक सप्ताह में लाया जाएगा भारत

रायपुर। महादेव सट्टा एप के संचालक रवि उप्पल की गिरफ्तारी के बाद अब कई और बड़े नाम आ सकते हैं। रवि उप्पल को पूछताछ के लिए ईडी रायपुर ला सकती है।



जानकारी के अनुसार एक सप्ताह के भीतर उसे भारत लाया जाएगा। इसके बाद ईडी रायपुर में जेल में बंद आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों और प्रशासनिक अधिकारियों के नामों का राजफाश हो सकता है। रवि उप्पल की गिरफ्तारी के बाद भारतीय एजेंसियां दुबई की सुरक्षा एजेंसियों के संपर्क में हैं। जल्दी ही उप्पल को भारत डिपोर्ट किया जाएगा। उप्पल से भारतीय जांच एजेंसियां पूछताछ करेंगी। भारत में शिकंजा कसने के बाद उन्होंने माफिया डॉन दाऊद के भाई के साथ मिलकर एक नया बेटिंग एप खेलो यार भी चला रहे हैं।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर दिए निर्देश

# प्रधानमंत्री की जनहित व जनकल्याण की मंशा को पूरा करेगी 'विकसित भारत संकल्प यात्रा'

- प्रदेश में आज से होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत
- क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो
- सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं
- ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के संबंध में कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो।

केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से यात्रा आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा।



### बच्चों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों को जोड़ें

डॉ. यादव ने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवाशक्ति और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाएं। यात्रा से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हों और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए।

### यात्रा का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाएं। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को सभी जिलों के जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्चुअल संवाद करेंगे। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रुचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

### स्वास्थ्य मेला सहित कई स्टॉल लगेंगे

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान/पशुपालक मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्व-सहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### यात्रा में शामिल जनहितैषी योजनाएं

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना आदि योजनाएं शामिल हैं।

### यात्रा में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कृषि कार्यों के लिए ड्रोन प्रदर्शन भी होगा

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं, इनमें स्वस्थ भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए 'मेरी कहानी-मेरी जुबानी' जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने बैठक में दिए निर्देश

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए निगम के सभी जोन कार्यालयों में लगेंगे शिविर

भोपाल। भारत सरकार द्वारा आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत नगर निगम द्वारा सभी 21 जोन क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन शनिवार 16 दिसम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही हितग्राहियों से आवेदन आदि प्राप्त करने के लिए योजनावार स्टॉल शिविर स्थल पर लगाए जाएंगे। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए ने निगम अधिकारियों की बैठक में यह जानकारी दी। इन शिविरो में विभिन्न विभागों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। बैठक में अपर आयुक्त टीना यादव व रणबीर सिंह, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, सहायक आयुक्त आनन्द कुमार सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।

विशेष रूप से डिजाइन की गई 366 आईईसी वैन उपलब्ध कराई

### प्रधानमंत्री आज विकसित भारत संकल्प यात्रा की सूचना-शिक्षा-संचार वैन को वर्चुअल करेंगे रवाना

भोपाल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 दिसंबर को विकसित भारत संकल्प यात्रा की पांच राज्यों मप्र, छत्तीसगढ, तेलंगाना राजस्थान और मिजोरम में सूचना- शिक्षा -संचार वैन को वर्चुअल रवाना करेंगे। सभी राज्य प्रभारियों को अपने-अपने राज्यों में उपयुक्त स्थान चयन करने और प्रधानमंत्री कार्यालय को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए टू-वे-लिंक उपलब्ध कराया जाएगा। विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्यों को जन-जन तक ले जाने के लिए विशेष रूप से डिजाइन की गई 366 आईईसी वैन उपलब्ध कराई गई है। ये वैन नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में जाएंगी और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें आडियो विजुअल एड, ब्रोशर, पंपलेट, बुकलेट उपलब्ध रहेगी जो केन्द्र सरकार की जन हितैषी योजनाओं की जानकारी देंगी। इन आईईसी वैन का कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर स्वागत होगा। प्रधानमंत्री का संदेश प्रसारित किया जाएगा। संकल्प वीडियो विकसित भारत का प्रदर्शन होगा। फिल्म का प्रदर्शन होगा। इसके साथ ही मेरी कहानी मेरी जुबानी कार्यक्रम में योजनाओं के लाभार्थियों की व्यक्तिगत कहानियों का उल्लेख होगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव को दिया न्यौता



### गाथा श्रीराम मंदिर की संगीतमय कथा के पोस्टर का किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गाथा श्री राम मंदिर की संगीतमय कथा प्रस्तुति के पोस्टर का विंध्य कोठी स्थित निवास पर विमोचन किया। मुख्यमंत्री को कार्यक्रम का आमंत्रण भी दिया गया। उन्हें बताया गया कि 7 जनवरी को रवींद्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में गाथा श्री राम मंदिर की प्रस्तुत की जाएगी, जिसमें अयोध्या में रामलला के मंदिर के निर्माण के लिए की गई तपस्या और संघर्ष प्रस्तुत किया जाएगा। प्रस्तुति में हृदय बैंड से सहयोग लिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने करुणा धाम आश्रम भोपाल की ओर से हो रही इस प्रस्तुति के प्रमुख एंकर मोहित शेवानी और गीतकार प्रबुद्ध सौरभ को इस प्रयास के लिए बधाई दी।

## पीएम मोदी की गारंटी को पूरा करना ही पहली प्राथमिकता: सीएम साय



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में केवल विकास होगा। गुरुवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट रूप से कहा कि वे पूर्वाग्रह से काम नहीं करेंगे। सब मिलकर टीम भावना से काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा के बाद ही कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम जीरो टालरेंस की नीति पर काम करेंगे। मतातंरण, नक्सलवाद जैसी विषयों पर उन्होंने कहा कि हमारी सरकार इनके विरुद्ध कड़ाई करेगी। हम नक्सलवाद से मजबूती से लड़ेंगे।

### भाजपा ने दिया आदिवासियों को मान-सम्मान

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों को सदा वोट बैंक समझा। भाजपा ने आदिवासियों को मान-सम्मान दिया। आज देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी आदिवासी समाज से हैं। हमें इस बात पर गर्व है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य हिस्से छत्तीसगढ़ को अलग राज्य बनाया, ताकि आदिवासियों का सर्वांगीण विकास हो सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तो अलग मंत्रालय बनाकर आदिवासियों के कल्याण के लिए कीर्तिमान रच दिया। मैं भी 'छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया' की बात को चरितार्थ करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास के लिए काम करुंगा।

स्पेशल डीजी अभियोजन एवं एफएसएल संचालक मिश्रा जनवरी 2024 में सेवानिवृत होंगे

## 30 साल की सेवा के साथ डीजी पद पर पदोन्नत हो जाएंगे चार आईपीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर।

भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी पवन देव, अरुण देव गौतम, हिमांशु गुप्ता और एसआरपी कल्लूरी जल्द ही डीजी के पद पर पदोन्नत हो जाएंगे। दरअसल पदोन्नति की पात्रता रखने वाले ये चारों अधिकारी वर्तमान में एडीजी के पद पर कार्यरत हैं। जनवरी 2023 में 30 साल की सेवा पूरी करने पर ये डीजी पद के लिए पात्र हो जाएंगे। वहीं स्पेशल डीजी अभियोजन एवं एफएसएल के संचालक राजेश मिश्रा



जनवरी 2024 में सेवानिवृत हो रहे हैं।

चारों अफसरों के डीजी बनने के बाद किसी एक को डीजीपी और एक को स्पेशल डीजी बनाया जाएगा। वहीं अन्य को डीजी रैंक की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद फैसला

पुलिस मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद से डीजीपी अशोक जुनेजा को हटाए जाने की चर्चा तेज हो गई है, हालांकि इस पर फैसला विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद ही लिया जाएगा। इसे देखते हुए पुलिस महकमे में संभावित फेरबदल की कवायद भी तेज हो गई।

## पांच दिवसीय जीवन कौशल कार्यशाला का समापन

गुरुग्राम। गुरुग्राम के 3 ब्लॉक गुरुग्राम ,सोहना और पाटौदी ब्लॉक में 11 से 15 दिसंबर को जीवन कौशल पर टीचर्स ट्रेनिंग शुरु हुई। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शुक्रवार को समापन हुआ। डीपीसी मनीराम ने रिबन कटिंग कर सरस्वती माता के सामने दीपक जलाकर किया कार्यशाला का समापन किया। हरियाणा सरकार शिक्षा विभाग और मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन कि ओर से दीपक विजयवर्गीय ने सभी अध्यापकों और डीपीसी का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। यह कार्यक्रम पंचकूला, यमुनानगर और गुरुग्राम के सरकारी स्कूलों में जीवन कौशल की शिक्षा बच्चों को दी जाएगी। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए एक पायलेट



प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल के सिद्धांतों से रूबरू करवाया जाएगा। गुरुग्राम में तीनों ब्लॉक में टीचर्स ट्रेनिंग 8 बैंच में लगातार पांच दिन तक सुचारू रूप से चली। इस ट्रैनिंग में ट्रेनर के रूप में शुभोमोय, नितिन, स्वप्निल, आकाश, लक्ष्मी, माला, पूजा, सायली, अर्जुन, स्वाति, दीपिका, सुशील रहे। तीनों ब्लॉक में लगभग 250 टीचर्स शामिल रहे। मनीराम ने बताया कि 2020 की नई पॉलिसी के अंतर्गत जीवन कौशल को एक मौलिक अधिकार के रूप में माना गया है ! मैजिक बस संस्था से प्रोजेक्ट मैनेजर दीपक विजयवर्गीय सर ने सभी को अपने अनुभव और कहानी से ये समझाने की कोशिश की। मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन की गवर्नमेंट पार्टनरशिप हेड स्मिता ने ट्रेनिंग के दौरान अपनी विजिट की एवं अध्यापकों के साथ इस ट्रेनिंग में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। इस कार्यक्रम का मंच संचालन मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के एसएसओ ने किया एवं उनके साथ अनुज , सिवानी, पियूष, नेहा,चितरांशु, उत्सव, शिवम,शुभम, सरस्वती, शुभ्रा, शब्बीर ,अरूद आशा, कविता, विकास सरिता,अंकित ,और भी मौजूद रहे।

नगर निगम के अलावा जिले के कुल 355 पंच पदों के लिए भी उप चुनाव होगा

# नगर निगम के वार्ड 41 में उप चुनाव के लिए मतदान 5 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल नगर निगम के वार्ड 41 में पार्षद पद के लिए उप चुनाव 5 जनवरी को मतदान होगा। इसके लिए गुरुवार को कार्यक्रम घोषित हो गया। यह सीट मौजूदा परिषद के सबसे सीनियर पार्षद मोहम्मद सगीर के निधन से खाली हुई है। पद रिक्त के बारे में नगर निगम ने कलेक्टर को रिपोर्ट भेजी थी। इस वार्ड के साथ जिले की कुल 355 पंचायतों में भी उप चुनाव होंगे। इसके लिए कार्यक्रम जारी हुआ है। शुक्रवार से ही नामांकन भरने की प्रक्रिया शुरू होगी।

कुल 355 पंच पदों के लिए उप चुनाव होगा। जिसमें बैरसिया की 220 पंच एवं फंदा में 135 पंच पदों के लिए 5 जनवरी को वोटिंग होगी। वार्ड क्रमांक 41 के लिए नरेला एसडीएम रविश श्रीवास्तव को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। मप्र राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल




के अनुसार निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की कार्रवाई, स्थानों सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केंद्रों की सूची का प्रकाशन 15 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तारीख 22 दिसंबर से सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी।

### 26 दिसंबर को कर सकते हैं नाम वापसी

इसी प्रकार नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा जांच 23 दिसंबर को सुबह 10.30 बजे से अभ्यर्थीता से नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 26 दिसंबर को सुबह 10.30 से दोपहर 3 बजे तक रहेगी। निर्वाचन प्रतीकों का आवंटन भी इसी दिन होगा। मतदान 5 जनवरी को सुबह 7 से शाम 5 बजे तक होगी। वहीं मतगणना और परिणाम की घोषणा 9 जनवरी को सुबह 9 बजे से की जाएगी।

## नगरीय निकायों व पंचायतों के उप निर्वाचन की गतिविधियों का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

भोपाल। राज्य निर्वाचन आयोग के सचिव अभिषेक सिंह ने संबंधित कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन की विभिन्न गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। सिंह ने कहा कि मतदाताओं तथा अभ्यर्थियों को मतदान की प्रक्रिया, मतदान के दौरान दी जाने वाली सुविधाओं, संबंधित चुनाव के लिये स्थापित किए गए सहायता केन्द्रों की जानकारी, मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने वाले दस्तावेजों की जानकारी, नाम-निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान, तिथियों तथा मतदान केन्द्रों एवं मतदान दिनांक की जानकारी का स्थानीय तौर पर व्यापक प्रचार-प्रसार आवश्यक रूप से कराया जाए। संबंधित नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों की साधारण सभा की बैठकों, हाट-बाजारों, मेलों, भीड़ वाले क्षेत्रों तथा आंगनबाड़ियों में पूर्ण जांच एवं परीक्षण के उपरांत अभिप्रमाणित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का विधिवत प्रदर्शन करते हुए, उसकी कार्यप्रणाली एवं संचालन की प्रक्रिया विस्तारपूर्वक समझाई जाए। प्रचार-प्रसार के लिए परम्परागत साधनों ग्राम पंचायतों में डोंडी पिटवाकर (मुनादी) तथा नगरीय निकायों के संबंधित वार्डों में लाऊड स्पीकर के माध्यम से का उपयोग किया जा सकता है। जिला जनसंपर्क अधिकारी मतदाता जागरूकता अभियान में प्रो एक्टिव की भूमिका का निर्वहन करें।

## चिंतन

# जजों की कमी से कोर्टों में बढ़ रहे लंबित केस

सर्वोच्च न्यायालय को हमारे संविधान निर्माताओं ने संविधान का संरक्षक इसलिए कहा था क्योंकि वे चाहते थे कि देश की जनता को किसी प्रकार की तकलीफ न हो, शासन सुचारू रूप से चले, सबके मौलिक अधिकार सुरक्षित रहें, धर्म-जाति के नाम पर विवाद न हों। किसी भी देश में न्याय पर आधारित समाज की स्थापना में उस देश की न्यायपालिका की अहम भूमिका होती है। धर्म-निरपेक्ष एकीकृत भारत में सामाजिक और सांस्कृतिक विविधता को अक्षुण्ण व आर्थिक विकास के अवसर को निरंतर बनाए रखना आवश्यक है, किन्तु आज यह सबसे अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। ऐसे में न्यायपालिका की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा व्यापक हो गई है, जिसमें न्यापालिका का कार्य एक विवाद निवारक तंत्र से कहीं अधिक बढ़ गया है। लेकिन अहम सवाल है कि क्या बदली हुई जरूरतों के हिसाब से न्यापालिका बदल पाई है? हमारा समूचा न्याय तंत्र इन्फ्रास्ट्रक्चर से लेकर मानव संसाधन तक की भारी कमी से गुजर रहा है। देश की अदालतों में जजों की काफी कमी है, अदालतों का काम करने का तरीका औपनिवेशिककालिक है, अदालतों के बुनियादी ढांचे आधुनिक नहीं हो सके हैं, न्यायपालिका और कार्यपालिका के मध्य टकराव बढ़ता ही गया है, ऐसे अनेक प्रश्न हैं, जिनसे हमारी न्यायपालिका जूझ रही है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने लोकसभा में आवाम को बताया है कि देश की अदालतों में एक दिसंबर तक पांच करोड़ से अधिक (5,08,85,856) मामले लंबित हैं, जिनमें उच्चतम न्यायालय में 80 हजार मामले पेंडिंग हैं। सभी 25 उच्च न्यायालयों में 61 लाख से अधिक और जिला व अधीनस्थ अदालतों में 4.46 करोड़ से अधिक मामले लंबित हैं। कानून मंत्री ने यह भी बताया कि न्यायपालिका में न्यायाधीशों की कुल स्वीकृत संख्या 26,568 है, शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 है, वहीं उच्च न्यायालयों में यह आंकड़ा 1,114 न्यायाधीशों का है। जिला और अधीनस्थ न्यायालयों में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 25,420 है। आज भारत की अदालतों में 6 हजार से ज्यादा जजों की कमी है। इनमें से 5 हजार जजों की कमी निचली अदालतों में है। देश में 10 लाख की आबादी पर सिर्फ 19 जज हैं। भारत में जज-आबादी का अनुपात 19.46 प्रति 10 लाख है। कोर्ट में लंबित केस व जजों की कमी के आंकड़े सरकार वर्ष दर वर्ष संसद में जारी करती रही है, पर जजों की भर्ती की प्रक्रिया सुस्त ही रही है। अगर जज ही पर्याप्त नहीं रहेंगे, तो मामलों की तेजी से सुनवाई कैसे होगी? सरकार को पता है कि देश की अदलातों में जजों की संख्या में भारी कमी है और पांच करोड़ से अधिक केस पेंडिंग हैं, इसके बावजूद अगर सरकार जजों की नियुक्ति पर जोर नहीं दे रही है, तो यह चिंता की बात है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य नयायाधीश टीएस ठाकुर जब सेवारत थे, तब उन्होंने जजों की कमी का उल्लेख करते हुए एक भावनात्मक भाषण दिया था। न्यायमूर्ति ठाकुर ने तब कहा था कि लंबित मामलों की भारी संख्या के निपटारे के लिए देश को 70 हज़ार से अधिक न्यायाधीशों की ज़रूरत है। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देते हुए कहा था कि अमेरिका में 9 जज पूरे साल में 81 केस सुनते हैं जबकि भारत में एक जज 2600 केस सुनता है। विदित हो कि 1987 में ही विधि आयोग ने सुझाव दिया था कि लंबित मामलों की समस्या से प्रभावी तरीके से निपटने के लिए 44 हज़ार न्यायाधीशों की जरूरत है। भारतीय न्यायिक व्यवस्था पिछले करीब 36 वर्षों से जजों के अपर्याप्त संख्याबल से ही काम चला रही है। 'जस्टिस डिलेड इज़ जस्टिस डिनाइड', इसलिए जजों की कमी अविलंब दूर की जानी चाहिए, ताकि लंबित केसों की संख्या में भी कमी आए और नए केसों का अंबार भी नहीं लगे। भारत को एक व्यापक न्यायिक सुधार की आवश्यकता है।

## सारा संसार



विश्व प्रसिद्ध काशी विश्वनाथ मंदिर वाराणसी में स्थित है। काशी विश्वनाथ मंदिर भगवान शिव के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। इस मंदिर को विश्वेश्वर के नाम से भी जाना जाता है। इस शब्द का अर्थ है 'ब्रह्मांड का शासक'। यह मंदिर 15 .5 मीटर ऊंचा है। वर्तमान मंदिर का निर्माण महारानी अहिल्या बाई होल्कर ने वर्ष 1780 में करवाया था। बाद में महाराजा रणजीत सिंह ने 1853 में 1000 किलो शुद्ध सोने से इसे बनवाया था। अभी वहां नया कोरिडोर बन रहा है।

## परम्परा

डॉ. मोनिका शर्मा



# सादगी से विवाह का संदेश

हाल ही में चर्चित अभिनेता रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम की परंपरागत रीति-रिवाज से हुई शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया में छा गईं। चमक-दमक से परे इन छवियों में हमारे देश के एक हिस्से के सुंदर रंग नजर आए। बिग फैट इंडियन वेडिंग के दौर में अपने देश में, अपनों के बीच हुए इस वैवाहिक समारोह की मोहक छवियां कई मायनों में अहम रहीं। इस आयोजन में जड़ों से जुड़े रहने और परम्पराओं को पोसने का भाव नजर आया। हालिया बरसों में जब फिल्मों और खेल की दुनिया के चेहरे महंगी शादियों को प्राथमिकता दे रहे हैं, रणदीप और लिन की मणिपुर की सांस्कृतिक विवाह रस्म मैतई के जरिये संपन्न हुई शादी की तस्वीरों में दिखते भाव-चाव आम लोगों को बेहद मोहक लगे। यह समारोह विवाह योग्य युवक-युवतियों और उनके परिजनों में संदेश भी गया। दरअसल, एक नामी-गिरामी चेहरे की शादी से जुड़ा सरल सा आयोजन परंपरागत जीवन से जोड़ने के साथ ही सहजता को भी पोसने वाला कहा जाएगा। बीते कुछ बरसों से हमारे यहां शादियों की फिजूलखर्ची को सामाजिक और आर्थिक रुतबे से इस कदर जोड़ दिया गया है कि आम परिवारों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। जाने-माने चेहरों की चलाई दिखावे की रीत कमोबेश समाज के हर तबके तक जा पहुंची। इसके चलते बने सामाजिक-मनोवैज्ञानिक दबाव ने इस मानसिकता को कम करने के बजाय और बढ़ावा ही दिया। पहले से आर्थिक विषमता के हालात से जूझते हमारे देश में वैवाहिक इंतज़ामों के खर्चे आम परिवारों के लिए बड़ी परेशानी बन गए। ऐसे में सफ़ेद धोती-कुर्ता पहने रणदीप और मणिपुरी दुल्हन के परंपरागत वैवाहिक परिधान पोटलोई पहने लिन का शानो-शौकत दिखाने के बजाय साधारण ढंग शादी करने के अंदाज़ ने इस शुभ कारज को और असाधारण बनाया। एक समय था जब शादी समारोह समाज को जोड़ने वाले परम्परागत आयोजन भर हुआ करते थे। परिवार और रिश्तेदारों से घिरे दूल्हा-दुल्हन और हंसते-खिलखिलाते परिजन। धीरे-धीरे रीति-रिवाज की जगह एक अजब-गजब धूम धड़ाके और सहज जुड़ाव का स्थान महंगी शादियों से जुड़े रुतबे ने ले लिया। इस फेर में रिश्तों में औपचारिकता और धन के प्रदर्शन को उकसावा ही मिला। सगे-संबंधियों के मेलजोल को पोसने वाले आयोजन महंगी सजावटों और बनावटी बर्ताव तक सिमट गए। हालिया बरसों में किसी सेलिब्रिटी ने विदेशी धरती पर भव्य आयोजन कर चर्चा में रहने का रास्ता चुना तो किसी ने देश में ही आर्थिक समृद्धि का दिखावा किया। इस दिखावे का आम लोगों की मानसिकता भी गहरा असर पड़ता है। ऐसे में नामी-गिरामी हस्तियों के घरों में शादी के कार्यक्रम का सहज आयोजन करना वाकई सराहनीय है। ऐसे समारोह सीधे-सीधे आमजन की मनःस्थिति पर असर डालते हैं। आर्थिक सम्पन्नता की चमक दिखाने का प्रयोजन बनने के बजाय परंपरागत जीवन से जोड़ने वाले उत्सव बन जाते हैं। यही वजह है कि इन दिनों हुए ये सादगी भरे वैवाहिक समारोह कई मोर्चों पर आमजन के लिए भी मिसाल बन गए हैं।

(लेखिका फ्रीलांसर हैं ये उनके अपने विचार हैं।)

# आधी आबादी की सुरक्षा का सवाल



एनसीआरबी रिपोर्ट

योगेश कुमार गोयल

एनसीआरबी की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है।

राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो(एनसीआरबी) की नवीनतम रिपोर्ट में एक बार फिर महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों की चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है। इस रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 2022 में महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के 4,45,256 मामले दर्ज किए गए जबकि 2021 में यह आंकड़ा 4,28,278 और 2020 में 3,71,503 था। महिलाओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं के ये मामले 2021 की तुलना में करीब चार प्रतिशत ज्यादा हैं। आंकड़ों से स्पष्ट है कि 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' तथा ऐसे ही कई अन्य नारों के जरिए भले ही सरकार महिला सशक्तिकरण का कितना ही दंभ क्यों न भरे, परन्तु वास्तविकता यही है कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामलों में कोई सुधार नहीं आया है। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा बढ़े हैं, जबकि दिल्ली में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर सर्वाधिक बताई गई है। दूसरे राज्यों के मुकाबले उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में सर्वाधिक प्राथमिकी दर्ज हुई।

हालांकि महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में दिल्ली सबसे ऊपर है, जो लगातार तीसरे साल भी 19 महानगरों में सबसे आगे है। प्रायः सभी राजनीतिक दल चुनावों के दौरान घोषणा करते हैं कि सत्ता में आने के बाद वे महिलाओं की सुरक्षा हर स्तर पर सुनिश्चित करेंगे, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। महिलाओं के प्रति अपराधों को लेकर हर साल सामने आते एनसीआरबी के आंकड़े हर बार बेहद अफसोसनाक तस्वीर प्रस्तुत करते हैं, जिनसे साफ पता चलता है कि महिलाएं स्वयं को कहीं भी सहज और सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। देश में शायद ही कोई ऐसा राज्य हो, जहां महिलाओं के खिलाफ अपराधों में बढ़ोतरी न हुई हो। एनसीआरबी की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 2022 में कुल 58,24,946 आपराधिक मामले दर्ज हुए, जिनमें से 4,45,256 मामले महिलाओं के खिलाफ अपराध के हैं। हैरान करने वाली बात है कि महिलाओं पर अपराध के मामलों में अधिकतर पति, प्रेमी, रिश्तेदार या कोई अन्य करीबी शख्स ही आरोपी निकले। इन मामलों में महिलाओं के पति या रिश्तेदारों द्वारा 31.4 फीसदी क्रूरता, 19.2 फीसदी अपहरण, 18.7 फीसदी बलात्कार की कोशिश और 7.1 फीसदी बलात्कार करने के मामले शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक देश में बलात्कार के कुल 31,516 मामले दर्ज किए गए, जिनमें सर्वाधिक 5399 मामले राजस्थान में, 3690 मामले उत्तर प्रदेश, 3029 मध्य प्रदेश, 2904 महाराष्ट्र और 1787 मामले हरियाणा में दर्ज किए गए। महिलाओं के प्रति अपराध के मामले में देश की राजधानी दिल्ली सबसे आगे है, जहां 2022 में महिलाओं के खिलाफ अपराध के 14247 मामले दर्ज किए गए। यहां 2021 में 14277 और 2020 में 10093 ऐसे मामले दर्ज हुए थे। दिल्ली में अपराध की उच्चतम दर 144.4 दर्ज की गई है, जो देश की औसत अपराध दर 66.4 से बहुत ज्यादा है। उत्तर प्रदेश में दहेज के लिए 2138 और बिहार में 1057 महिलाओं की हत्या कर दी गई जबकि मध्य प्रदेश में 518, राजस्थान में 451 और दिल्ली में 131 महिलाओं की हत्या दहेज के लिए की गई। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार प्रति एक लाख जनसंख्या पर महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर 2021 में 64.5 फीसदी से बढ़कर 2022 में 66 फीसदी हो गई, जिसमें से 2022 के दौरान 19 महानगरों में महिलाओं के खिलाफ अपराध के कुल 48,755 मामले दर्ज किए गए, जो 2021 के 43,414 मामलों की तुलना में 12.3 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों को लेकर अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि तमाम दावों, वादों और नारों के बाद भी आखिर देश में ऐसे अपराधों पर लगाम क्यों नहीं लग पा रही है? यह कितनी बड़ी विडंबना है कि भारत जैसे धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को महत्त्व देने वाले देश में भी महिलाओं को भय के वातावरण में जीना पड़ता है। वे न अपने परिवार में, न आस-पड़ोस में और न ही बाहर के वातावरण में खुद को पूरी तरह सुरक्षित महसूस करती हैं।




राष्ट्रीय महिला आयोग के आंकड़े देखें तो इस साल 19 सितंबर तक ही आयोग में महिलाओं के खिलाफ अपराध की कुल 20,693 शिकायतें मिलीं, जो इस वर्ष के अंत तक काफी बढ़ने की संभावना है 2022 में आयोग को 30,957 शिकायतें मिली थीं, जो 2014 के बाद सर्वाधिक थी। 2014 में 30,906 शिकायतें दर्ज की गई थी। 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की 30 हजार से ज्यादा शिकायतें मिली थी। आयोग ने तेजाब हमले, महिलाओं के खिलाफ साइबर अपराध, दहेज हत्या, यौन शोषण और दुष्कर्म जैसी कुल 24 श्रेणियों में शिकायत दर्ज की। सर्वाधिक शिकायतें गरिमा के साथ जीने के अधिकार को लेकर दर्ज की गई, उसके बाद घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार, छेड़खानी और बलात्कार की शिकायतें हैं। दिल्ली में निर्भया कांड के बाद महिलाओं के प्रति अपराधों पर लगाम कसने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उससे लगा था कि समाज में संवदेनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्त्वों के हौसले पस्त होंगे, पर विडंबना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले ऐसे कई मामले सामने आने के बाद भी हालात ऐसे हैं कि शायद ही कोई दिन ऐसा बीतता हो, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले सामने न आते हों। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है। यह निश्चित रूप से कानून-व्यवस्था और पुलिस-प्रशासन की उदासीनता का ही नतीजा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराध करने वालों में शायद ही कभी खौफ दिखता हो। सवाल यह है कि कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों, छेड़छाड़, मर्यादा हनन या फिर अपहरण, क्रूरता, आधी दुनिया के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका सबसे बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्त्वों पर अपेक्षित कड़ी कार्रवाई नहीं होती। स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से महिलाओं के प्रति हो रहे अपराधों पर लगाम नहीं कसी जा सकेगी। इसके लिए जरूरी है कि सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त दुरुस्त करने के साथ उसकी जबाबदेही सुनिश्चित करें। ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं। पुलिस किस प्रकार ऐसे अनेक मामलों में पीड़िताओं को ही परेशान करके उनके जले पर नमक छिड़कने का काम करती रही है, ऐसे उदाहरण अक्सर सामने आते रहे हैं। ऐसी परिस्थितियों के मद्देनजर अपराधियों के मन में पुलिस और कानून का भय कैसे उत्पन्न होगा और कैसे महिलाओं के खिलाफ अपराधों में कमी की उम्मीद की जाए?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## धर्म को मनुष्य के भीतरी अनुभवों का हिस्सा होना चाहिए



संकलित

दर्शन

आध्यात्मिकता को धर्म के साथ जोड़ने की हमारी स्वाभाविक प्रवृत्ति है। इसलिए हमें मनुष्य के रूप में अपनी क्षमता और भीतरी रूपांतरण के महत्व को समझना जरूरी है। इसे मानसिक विकास की प्रक्रिया द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। मैं, कभी-कभी इसे जीवन का आध्यात्मिक आयाम कहता हूं। आध्यात्मिकता के दो स्तर होते हैं। इसका एक स्तर हमारे धार्मिक विश्वास से जुड़ा है। इस संसार में अनेक तरह के लोग, अनेक तरह की स्थितियां हैं। यहां सात अरब लोग हैं और एक तरह से मुझे लगता है कि हमारे यहां सात अरब धर्म होने चाहिए क्योंकि यहां इतने विभिन्न तरह के विन्यास मौजूद हैं। मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने अलग आध्यात्मिक मार्ग पर चलना चाहिए, जो उसके अपने मानसिक विन्यास, स्वाभाविक रुझान, चित्त प्रकृति, मत, परिवार और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के अनुसार हो। उदाहरण के लिए, बौद्ध भिक्षु होने के नाते, मुझे बौद्ध धर्म सबसे अनुकूल लगता है। इसलिए मेरे अपने लिए, बौद्ध धर्म सबसे अच्छा है। परंतु इसका यह अर्थ नहीं है कि बौद्ध धर्म सबके लिए सर्वश्रेष्ठ है। यह साफ बात है। यह निश्चित भी है। यदि मैं सोचूं कि बौद्ध धर्म ही सबके लिए अच्छा है तो यह मूर्खता होगी, क्योंकि अलग-अलग लोगों की सोच अलग होती है। इसलिए विभिन्न लोगों के लिए विभिन्न धर्मों की जरूरत है। धर्म का उद्देश्य लोगों को लाभ पहुंचाना है और मुझे लगता है, यदि एक ही धर्म होगा तो वह कुछ समय के बाद अधिक लोगों को लाभ नहीं दे सकेगा।

## बच्चों को राम और कृष्ण की कहानी सुनाएं



संकलित

प्रेरणा

जया किशोरी कहती हैं कि बेड टाइम स्टोरी में आज के पैरेंट्स सिंड्रेला और स्नोबेल की कहानियां सुनाते हैं. लेकिन हमारे पास खुद इतनी कहानियां है. अपने बच्चों को बचपन से श्री राम और श्री कृष्ण की कथाएं सुनाएं. प्रभु की लीलाएं बताएं. इन लीलाओं का अर्थ बच्चों को बताएं. तभी बच्चे भगवान से प्रेम कर सकेंगे. सुंदरता का प्रेम कुछ समय का होता है. असली प्रेम स्वभाव से होता है. जब हमें किसी का स्वभाव पता चलता है, जब हम व्यक्ति के बारे में जानना शुरू करते हैं. तो हम उससे प्रेम करने लगते हैं. भगवान से प्रेम करने के लिए कथाओं के जरिए उनके स्वभाव का पता चलता है. तब जाकर ही भगवान से प्रेम होगा. राम के जन्म की बात करते हैं तो श्री राम के अवतार का ही नाम है मर्यादा पुरुषोत्तम. श्रीराम के लिए कई बार कहा जाता है, कि वह ये कर सकते थे, वो कर सकते थे. लेकिन ऐसा नहीं है. वो अपनी मनमानी नहीं कर सकते थे. इसलिए उनके अवतार का नाम मर्यादा पुरुषोत्तम हैं. वह मर्यादित रूप में आए थे. जो मर्यादा में बनाई गई हैं, जो नियम बनाए गए हैं. उसके अंदर रहकर ही उन्होंने काम किया. वह नियम तोड़ नहीं सकते थे. रावण को मारने के लिए वह तत्काल सेना बुला सकते थे. उन्हें वानरों की सेना बुलाने की जरूरत ही नहीं पड़ती. जिस दिन सीता माता का हरण हुआ, उसी दिन वह सेना बुला सकते थे. उस समय भी उन्होंने मर्यादाओं को नहीं तोड़ा. वनवास में आए हैं, तो एक बनवासी की तरह ही अपना जीवन जिएं. जो उनके पास है वह उसी की तैयारी करने लगे.

## अंतर्मन




### आज की पाती

**जैविक खेती की ओर**

पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को देखते हुए हमें अब जैविक कृषि पर पर्याप्त जोर देना चाहिए। अभी स्थिति यह है कि चाहकर भी आम आदमी रासायनिक खाद से मुक्त जैविक शाक-सब्जी सुलभता से नहीं खरीद सकता। आज जिस तरह से बीमारियां बढ़ रही हैं, सेहत को लेकर हर कोई सावधान रहना चाहता है। ऐसे में, सभी लोग जैविक खाद्य उत्पादों का सेवन करना चाहते हैं। इसी वजह से बजट में जैविक कृषि पर जोर देने की वकालत की गई थी। जब तक किसानों को जैविक कृषि के लिए सुविधाएं नहीं दी जाएंगी, या विपणन व्यवस्था दुरुस्त करते हुए उनको सरकारी सहायता नहीं दी जाएगी, तब तक रासायनिक खाद का प्रयोग उनके लिए अनिवार्य रहेगा। **-शाहीन बेगम**, रायपुर

## करंट अफेयर

# संसद में नहीं था जो विपक्षी सांसद उसे भी कर दिया लोकसभा से सस्पेंड



संसद की सुरक्षा में हुई चूक मामले में सदन में हंगामा करने को लेकर कांग्रेस समेत विपक्ष के कई सांसदों को गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया। इसमें एक ऐसे विपक्षी सांसद को भी सस्पेंड किया गया, जोकि संसद में थे ही नहीं। वे चेन्नई में मौजूद थे। हालांकि, बाद में सरकार ने साफ किया कि गलती से डीएमके सांसद एसआर पार्थिबन का नाम सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में चला गया था। बाद में उनके नाम को हटा दिया गया, जिसके बाद कुल सस्पेंड किए गए सांसदों की संख्या 13 हो गई। इन सभी को सदन में अनियंत्रित आचरण के लिए निलंबित किया गया है। सस्पेंड किए गए सांसदों की लिस्ट में पार्थिबन का नाम आने के बाद डीएमके सांसदों ने इसकी शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि एसआर पार्थिबन सदन में भी नहीं थे और वह चेन्नई में हैं। इसके अलावा, कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने भी यह मुद्दा उठाया था। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, ' 'कल लोकसभा में जो हुआ वह अत्यंत चिंताजनक था। आज लोकसभा में जो हुआ वह बिल्कुल विचित्र है। तमिलनाडु के एक सांसद जो सदन में मौजूद भी नहीं थे और वास्तव में नई दिल्ली से बाहर थे, उन्हें कार्यवाही में बाधा डालने के लिए निलंबित कर दिया गया।

## ऑफ बीट

# भारत-मालदीव के टूट रहे रिश्ते जल सर्वे समझौता भी किया खत्म




करीब एक महीन पहले मालदीव ने भारत को अपने सैनिकों को वापस बुलाने के लिए कहा था। अब वहां के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की सरकार ने द्वीप के जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वे को लेकर भारत के साथ पिछली सरकार के समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है। चुनाव प्रचार के दौरान इनकी पार्टी ने 'इंडिया आउट' का अभियान चलाया था। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और तत्कालीन राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह के निमंत्रण पर मालदीव का दौरा किया था। 8 जून 2019 को दोनों देशों के बीच समझौता हुआ था। भारत को मालदीव के क्षेत्रीय जल का हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण करने के साथ-साथ चट्टानों, लैगून, समुद्र तट, समुद्री धाराओं और ज्वार के स्तर का अध्ययन और चार्ट बनाने की इजाजत दी गई थी। नई सरकार बनने के बाद यह पहला द्विपक्षीय समझौता है जिसे आधिकारिक तौर पर समाप्त किया जा रहा है। गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में मालदीव के राष्ट्रपति कार्यालय में सार्वजनिक नीति के अवर सचिव मोहम्मद फिरुज़ुल अब्दुल खलील ने कहा कि मुइजू सरकार ने 7 जून 2024 को समाप्त होने वाले हाइड्रोग्राफी समझौते को रिन्यूअल नहीं करने का फैसला किया है।

## ट्रेंड

### दिल्ली का एम्स लाइट हाउस



दिल्ली का एम्स एक लाइट हाउस है। दिल्ली एम्स के मानक अन्य संस्थान भी फॉलो करें। यहां जो लोग इलाज के लिए आते हैं, उनके लिए यह अंतिम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

### गुरु की मौलिक भूमिका



गुरु की मौलिक भूमिका शिक्षा और मार्गदर्शन देना नहीं है, बल्कि आपकी ऊर्जा को एक अलग संभावना में प्रज्वलित करना है। यदि आप हर किसी को और हर चीज़ को प्रेमपूर्वक देख सकते हैं, तो आपको परम तक ले जाना आसान होगा।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### अहंकार की पराकाष्ठा



संसद में सुरक्षा चूक पर एक टीवी चैनल से बात करने के लिए गृहमंत्री के पास समय था, लेकिन सदन में बयान देने से इनकार कर रहे हैं। यह अहंकार की पराकाष्ठा है जो उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है।

-जयराम रमेश, कांग्रेस नेता

### शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक



हमारी सनातन संस्कृति की कथाओं का प्रतीक शास्त्र बड़ा वैज्ञानिक है। उनका विस्तार इतना वृहद है कि हमारी चेतना बहुधा उन कथाओं के प्रतीकों में फंसकर रह जाती है। उनकी सार्थकता प्रतीकों को समझ कर जीवन मंगलमय बनाने में है।

-कुमार विश्वास, कवि

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

पीएम मोदी, गृहमंत्री शाह, भाजपाध्यक्ष नड्डा समेत कई दिग्गज रहे मौजूद

# राजस्थान के नए 'लाल' बने भजनलाल, सीएम पद की ली शपथ

## दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने ली उप मुख्यमंत्री पद की शपथ

एजेंसी ▶▶ जयपुर

भाजपा विधायक दल के नेता भजन लाल शर्मा ने शुक्रवार को राजस्थान के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।



राज्यपाल कलराज मिश्र ने जयपुर के ऐतिहासिक अल्बर्ट हॉल पर शर्मा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा ने उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत अनेक केंद्रीय मंत्री और कई राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा करेंगे

भाजपा नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ग्रहण की। उन्होंने शपथ ग्रहण से पहले कहा कि राजस्थान हमारा अग्रणी राज्य बने। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो गारंटी दी है, उसे पूरा किया जाएगा।



### सरपंच से बन गए प्रदेश के मुखिया

भजनलालअपने सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन की शुरुआत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से की थी। एक कार्यकर्ता के रूप में वह 1992 में श्रीराम जन्मभूमि भूमि आंदोलन के दौरान जेल भी जा चुके हैं।वह पहली बार विधायक बने हैं। इससे पहले वे लंबे समय भाजपा में पार्टी के प्रदेश महासचिव रहे।



### भजनलाल सरकार में संभावित मंत्री

6 विधायकों को संभावित सूची में रखा गया है। इनमें डॉ. किरोड़ीलाल मीणा, सिद्धि कुमारी, महंत प्रतापपुरी, बाबा बालकनाथ, ताराचंद जैन और फूलसिंह मीणा बताया है।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

भाजपा सरकार विकास में जी-जान से जुटी रहेगी

पीएम मोदी ने कहा कि शर्मा के साथ ही दीया कुमारी और प्रेमचंद को बहुत-बहुत बधाई! मुझे विश्वास है कि वीर-वीरांगनाओं का यह प्रदेश आपके नेतृत्व में सुशासन, समृद्धि और विकास के नित-नए मानदंड स्थापित करेगा। लोगों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए भाजपा सरकार जी-जान से जुटी रहेगी।



### भजनलाल को मिला बर्थडे गिफ्ट

भजनलाल शर्मा का आज ही जन्मदिन भी है। पीएम मोदी ने उन्हें बधाई दी है। पीएम ने कहा भजनलाल शर्मा को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।

## खबर संक्षेप

### मोइत्रा के निष्कासन पर 3 जनवरी को सुनवाई

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 3 जनवरी के लिए टल गई है। महुआ ने लोकसभा सदस्यता खत्म होने के खिलाफ कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



सुनवाई शुरू होते ही बेंच के अध्यक्ष जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि उन्होंने याचिका को नहीं पढ़ा है। वे इसे पढ़ने के बाद ही सुनवाई करना चाहेंगे। इस तरह फैसला टल गया है।

### ड्राइवर ने बस में युवती के साथ किया दुष्कर्म

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में दिल दहला देने वाला एक मामला सामने आया है। चलती बस में ड्राइवर ने एक युवती के साथ दुष्कर्म किया है।



कंडक्टर बस चलाता रहा और ड्राइवर स्पीकर की तेज आवाज के बीच युवती के साथ दुष्कर्म करता रहा। पुलिस जांच कर रही है। दुष्कर्म का मामला 9 दिसंबर की शाम का है। पीड़िता यूपी के कानपुर की रहने वाली है। पुलिस जांच कर रही है।

### पीएम मोदी ने सरदार पटेल को किया नमन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय एकता के प्रति सरदार पटेल की शुक्रवार को पुण्यतिथि है। सरदार पटेल स्मृति दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर याद किया। पीएम मोदी ने कहा कि महान सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि। उनके दूरदर्शी नेतृत्व और देश की एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता ने आधुनिक भारत की नींव रखी।



### धमकी देने के मामले में मुख्तार को कैद, जुर्माना

**आगरा।** कोयला व्यवसायी नंद किशोर रुंगटा के भाई महावीर प्रसाद रुंगटा को धमकाने के मामले में मुख्तार अंसारी को कोर्ट ने दोषी करार दिया है। मुख्तार को 5 साल 6 माह की सजा सुनाई है। 10 हजार जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला अपर सिविल जज सीनियर डिवीजन प्रथम/एमपी एमएलए अदालत के प्रभारी उज्वल उपाध्याय की अदालत ने सुनाया। जुर्माना न देने पर अतिरिक्त सजा होगी।



### बेटे की गवाही ने पिता को दिलाई उम्रकैद

**कानपुर।** यहां 5 साल पहले सिपाही पत्नी की हत्या करने वाले पति को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। जिला जज प्रदीप कुमार सिंह ने उस पर 20 हजार जुर्माना भी लगाया है। इस मामले में 10 गवाह पेश किए गए, लेकिन बेटे की गवाही अहम रही। वह हत्या का चश्मदीद गवाह था और उसी ने पिता के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। बताया जा रहा है कि नौबस्ता क्षेत्र के खाड़ेपुर का यह मामला है।



## विपक्ष के प्रदर्शन के कारण संसद सोमवार तक के लिए स्थगित

# संसद सुरक्षा मामले पर विपक्षी मांग: गृह मंत्री बयान दें, सांसदों को विश्वास में लें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

संसद के दोनों सदनों में शुक्रवार को भारी हंगामा हुआ। विपक्ष संसद सुरक्षा मामले में केंद्रीय गृह मंत्री का सदन में बयान को ले कर अड़ गया है। हंगामे की वजह से विपक्षी सांसदों पर राज्यसभा और लोकसभा में कार्रवाई हुई, लेकिन उसका असर कुछ देखने को नहीं मिला। कांग्रेस ने संसद सुरक्षा चूक मामले में सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए कहा कि विपक्ष चाहता है संसद ठीक तरह से चले, पर सरकार संसद सुरक्षा चूक मामले में बहस नहीं चाहती। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव और सांसद जयराम रमेश ने पत्रकारों से कहा कि गृह मंत्री सदन में बोलने को तैयार नहीं हैं, जब तक गृह मंत्री बयान नहीं देते, तब तक सदन चलने की संभावना कम है। गृह मंत्री भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की भूमिका से ध्यान भटकाना चाहते हैं। सिम्हा की अनुशंसा पर ही सदन में कूदने वाले युवक पहुंचे थे। विपक्षी दल प्रताप सिम्हा पर भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।





### सांसदों के निलंबन की वजह पूछी

*सांसदों के निलंबन पर जयराम रमेश ने कहा कि 14 सांसदों को निलंबित किया गया है। इन सांसदों की क्या गलती थी। ये सभी सांसद एक ही मांग कर रहे थे कि गृहमंत्री सदन में आकर बयान दें और मैसूर से भाजपा सांसद की भूमिका एवं उनके खिलाफ क्या कार्यवाही होगी, इसकी जानकारी दें। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस की मांग है कि गृह मंत्री सदन के अंदर आकर जवाब दें। जब तक गृहमंत्री दोनों सदनों में आकर बयान नहीं देंगे, तब तक दोनों सदनों में कार्यवाही की संभावना बेहद कम है।19 को होगी विपक्षी गठबंधन की बैठक: इंडिया गठबंधन की बैठक के बारे में जानकारी देते हुए जयराम रमेश ने बताया कि आगामी 19 दिसंबर को दोपहर तीन बजे इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठक है। इस बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता भी आयोजित की जाएगी। माना जा रहा है कि बैठक में समन्वय समिति बनाने और सीट बंटवारे पर विस्तार से चर्चा होगी।*

### सदन में आकर बोलना चाहिए

जयराम रमेश ने कहा कि जब भी ऐसी घटना घटती है, खासतौर से जब संसद चल रहा हो तो एक संसदीय परंपरा रही है कि मंत्री संसद के अंदर बयान देते हैं। मगर गृह मंत्री अहंकारी हैं। वो सदन की सुरक्षा के चूक के मामले में टीवी चैनल के शो में बात करते हैं। लेकिन वही बात गृह मंत्री सदन के अंदर बोलने को तैयार नहीं हैं। विपक्षी गठबंधन के सांसदों ने यह मांग की है कि गृह मंत्री सदन में बयान दें, लेकिन सरकार ने इसे माना नहीं है। इस वजह से दो दिन से सदन की कार्यवाही नहीं चल पाई है। जयराम रमेश ने कहा कि देश के गृहमंत्री टीवी चैनल पर जाकर संसद में हुई घटना पर बात करते हैं, लेकिन वे सदन में बोलने को तैयार नहीं हैं। सरकार की तरफ से पहले इसे एक छोटी घटना बताया गया था, लेकिन फिर संसद में घुसने वालों पर यूएपीए का केस डाला गया है। इससे यह साफ है कि यह देश की सुरक्षा से जुड़ा एक गंभीर मामला है, जिस पर चर्चा होनी चाहिए।

अनुराग ने दिया जवाब

### गंभीर विषय पर राजनीति न करें और बहाने न ढूंढें

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि राज्यों में चुनाव हारने के बाद विपक्ष सदन की कार्यवाही रोकने के लिए बहाने ढूंढ रहा है। वे बाधाएं पैदा कर रहे हैं, जबकि सदन के अध्यक्ष ने विपक्षी दलों के प्रतिनिधियों से बात की, उनके सुझाव लिए और सुरक्षा में सुधार का आश्वासन भी दिया। यह स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है, वे राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं।



विपक्ष की मांग पर बोले गिरिराज

### हर बात का जवाब देंगे गृहमंत्री शाह

केंद्रीय मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता गिरिराज सिंह ने कहा है कि समय आने दीजिए वो हर एक चीज का जवाब देंगे। विपक्ष के लोग तो संसद को गिरवी रखना चाहते हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, टुकड़े-टुकड़े गैंग गृह मंत्री से जवाब मांग रहा है। जांच पूरी होने दीजिए, टुकड़े-टुकड़े गैंग को करारा जवाब मिलेगा। पटना में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, टीएमसी और कांग्रेस वाले संसद नहीं चलने देना चाहते हैं। यह टूलकिट है सब सच सामने आएगा। आतंकवादी और उग्रवादी का कोई जात नहीं होता है।



दुबे ने कांग्रेस को सुनाई खरी-खरी

### डूब मरो कांग्रेसियों....

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि डूब मरो कांग्रेसियों। 11 अप्रैल 1974 में पिस्तौल के साथ घुसने वाले शख्स की कहानी को भाजपा, जनसंघ या तत्कालीन विपक्ष ने इसे राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया। स्पीकर का इस्तीफा नहीं मांगा? पीएम, गृहमंत्री का जिक्र तक नहीं किया। संसद की सुरक्षा लोकसभा सचिवालय की है।



# फार्मास्युटिकल कंपनी और प्रमोटरों के यहां मारा छापा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को चंडीगढ़ की एक फार्मास्युटिकल कंपनी और उसके प्रमोटरों के खिलाफ मनी लॉड्रिंग के तहत छापा मारा है। दिल्ली-एनसीआर और पंजाब में लगभग 12 जगहों पर छापेमारी की है। यह छापेमारी कथित बैंक धोखाधड़ी के मामले में हो रही है। अक्टूबर में भी ईडी ने छापेमारी की थी। केंद्रीय एजेंसी पहले ही पैराबोलिक ड्रग्स के प्रमोटरों विनीत गुप्ता और प्रणव गुप्ता और सीए सुरजीत कुमार बंसल को गिरफ्तार कर चुकी है। ये जाली और मनगढ़ंत दस्तावेजों के आधार पर ऋण या वित्तीय सुविधाएं प्राप्त करके बैंकों को धोखा देने में शामिल थे। दोनों ने जानबूझकर ऋण निधि का रंग देनदारियों से परिसंपत्तियों में बदल दिया और अपने समूह की कंपनियों के मंच का उपयोग करके सर्किट लेनदेन के माध्यम से उक्त धनराशि को हटा दिया।


## विशेष रेलगाड़ियाँ

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दर्शाई गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएगी:–

**04085/04086 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04085 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04086 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:30 | नई दिल्ली | 06:25 | -- |
| 11:25 | -- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 18:30 |

**चलने की तिथि : 04085 नई दिल्ली** से दिनांक 22.12.2023 एवं 29.12.2023 को (शुक्रवार) एवं **04086 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 24.12.2023 एवं 31.12.2023 को (रविवार)।
**स्थान:** 3टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलन्धर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**04071/04072 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04071 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04072 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 23:30 | नई दिल्ली | 06:25 | -- |
| 11:25 | -- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | -- | 18:30 |

**चलने की तिथि : 04071 नई दिल्ली** से दिनांक 23.12.2023 एवं 30.12.2023 को (शनिवार) एवं **04072 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 25.12.2023 एवं 01.01.2024 को (सोमवार)।
**स्थान:** 3 टियर वाता. शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र, अम्बाला कैंट, लुधियाना, जलन्धर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**02351/02352 पटना जं. – आनन्द विहार (ट.) – पटना जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन)** 14 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02351 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02352 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 16:00 | पटना जं. | 21:55 | -- |
| 06:00 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 08:00 |

**चलने की तिथि : 02351 पटना जं.** से दिनांक 17.12.2023 से 31.12.2023 तक (रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार) को एवं **02352 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 18.12.2023 से 01.01.2024 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को ।
**स्थान:** प्रथम वाता., 2टियर वाता, 3टियर वाता. एवं 3टियर वाता. इकानमी, शयनयान सामान्य।
**ठहराव:** दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

**05565/05566 सहरसा जं. – अम्बाला कैंट जं. – सहरसा जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (साप्ताहिक)** 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 05565 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05566 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 19:30 | सहरसा जं. | 09:45 | -- |
| 23:15 | -- | अम्बाला कैंट जं. | -- | 03:40 |

**चलने की तिथि : 05565 सहरसा जं.** से दिनांक 21.12.2023 से 28.12.2023 तक (गुरूवार) को एवं **05566 अम्बाला कैंट जं.** से दिनांक 23.12.2023 से 30.12.2023 तक (शनिवार) को ।
**स्थान:** सामान्य।
**ठहराव:** सिमरी बख्तियारपुर, मानसी जं., खगड़िया जं., हसनपुर रोड, समस्तीपुर जं., दरभंगा जं., कमतौल, जनकपुर रोड, सीतामढ़ी जं., बैरगनियां, रक्सौल जं., नरकटियागंज जं., बगहा, गोरखपुर जं., सीतापुर, जं., मुरादाबाद जं. एवं सहारनपुर जं. स्टेशन।

**03227/03228 आरा जं. – आनन्द विहार (ट.) – आरा जं. स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में तीन दिन)** 12 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03227 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03228 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| -- | 15:45 | आरा जं. | 04:00 | -- |
| 07:15 | -- | आनन्द विहार (ट.) | -- | 09:30 |

**चलने की तिथि : 03227 आरा जं.** से दिनांक 18.12.2023 से 29.12.2023 तक (सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार) को एवं **03228 आनन्द विहार (ट.)** से दिनांक 19.12.2023 से 30.12.2023 तक (मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार) को ।
**स्थान:** शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** बिहिया, डुमराँव, बक्सर, गहमर, दिलदार नगर जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं.,प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App. देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
3939/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


आम आदमी पार्टी को पड़ी 'दोहरी मार'

# अब गुजरात में एक साथ 43 पदाधिकारियों ने दिया इस्तीफा

एजेंसी ▶▶ भरूच

मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में चुनावी नतीजों में आप का उतना अच्छे परणिाम नहीं ला सकी जितनाा पार्टी की तरफ से दावा किया जा रहा था। 3 राज्यों में विधानसभा चुनाव में आप को नोटा से भी कम वोट मिले। लोकसभा चुनावों की तैयारियों में जुटने ही वाली थी कि गुजरात से पार्टी से एक साथ 40 से ज्यादा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफे गुजरात के भरूच जिले से आए हैं। आप के गुजरात प्रमुख इशुदान गढ़वी और आप अल्पसंख्यक विंग के अध्यक्ष अमजद खान पठान ने यह जानकारी दी है।



### विधायक बयानी ने गुरुवार को ही किया था 'टाटा'

यह इस्तीफा विसावदर विधानसभा क्षेत्र से आप विधायक भूपत भयानी के विधानसभा से इस्तीफा देने के ठीक एक दिन बाद आए हैं। भरूच में आप के जिला अध्यक्ष पीयूष पटेल ने इस्तीफों पर कहा कि इस्तीफा देने वाले कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव के बाद पार्टी में निष्क्रिय थे। नतीजतन, उन्हें नए संगठनात्मक ढांचे में समायोजित नहीं किया गया। पटेल ने कहा कि ये इस्तीफे पार्टी के लेटर हेड का दुरुपयोग करके दिए गए थे। मामले की सूचना राज्य स्तर पर दी गई है और प्रतिक्रिया में उचित कार्रवाई की जाएगी।

## नागपुर से लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेगी कांग्रेस 28 को करेगी बड़ी रैली

**नई दिल्ली।** कांग्रेस 28 दिसंबर को अपना 139वां स्थापना दिवस समारोह नागपुर में आयोजित करने जा रही है। इस अवसर पर पार्टी नागपुर में एक बड़ी रैली का आयोजन भी करेगी, जिसमें पार्टी के सभी सीनियर नेता शिरकत करेंगे। माना जा रहा है कि इस रैली से कांग्रेस लोकसभा चुनाव-2024 का शंखनाद भी करेगी। कांग्रेस पार्टी के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाली रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी शामिल होंगी। इसमें करीब 10 लाख से ज्यादा लोगों के शिरकत करेंगे।



## छापेमारी में निकला 20 करोड़ का सोना और कैश

**जोधपुर।** राजस्थान के जोधपुर जिले में इनकम टैक्स की छापेमारी की कार्रवाई तीसरे दिन भी जारी रही। यह छापेमारी टेक्सटाइल और पैकेजिंग से जुड़े व्यापारी के यहां की गई है। अब तक 3 करोड़ कैश और 20 करोड़ का सोना बरामद हुआ है। नामचीन व्यापारी गोगड़ के शास्त्री सर्किल में बने घर पर इनकम टैक्स के अधिकारी पहुंचे। व्यापारी के पाली के पिपलिया कलां गांव में बने उद्योग इकाई पर छापेमारी की। उमा पॉलिमर के साथ ब्यावर और जोधपुर के ग्रामीण इलाकों में बनी टेक्सटाइल और पैकेजिंग से जुड़ी उद्योग इकाई पर भी इनकम टैक्स की टीम ने छापेमारी की गई है।

संस्कृति मंत्रालय छात्रों सहित आमजन के लिए दे रहा सुविधाएं

# देश में विज्ञान संस्कृति को बढ़ावा देने नए विज्ञान संग्रहालय खोल रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संस्कृति मंत्रालय विज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा देने की स्कीम के तहत देश भर में नए विज्ञान केंद्र और संग्रहालय विकसित कर रहा है। सभी विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित आम जनता के लिए खुले हुए हैं। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जी. किशन रेड्डी ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। संस्कृति मंत्रालय ने बताया कि विशेष दिनों में स्थानीय स्कूलों के छात्रों को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, प्रतियोगिताओं, हेरिटेज वॉक आदि में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया जाता है। 15 वर्ष से कम उम्र के छात्रों को संग्रहालयों में निशुल्क प्रवेश मिलता है।

सभी विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों सहित आम जनता के लिए खुले हैं। केंद्रीय संस्कृति, पर्यटन मंत्री रेड्डी ने राज्यसभा में जानकारी दी।

### राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद एक स्वायत्त संगठन



राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन है। भारत सरकार, एसपीओसीएस योजना के तहत विज्ञान केंद्र, शहर, संग्रहालय, नवाचार केंद्र विकसित करने के लिए कार्यान्वयन एजेंसी है। यह संगठन समाज में वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना, पूरे देश में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करना, साइंस सिटीज, साइंस सेंटर्स, इनोवेशन हब, मोबाइल साइंस एग्जीबिशन (एमएसई) आदि जैसी सुविधाएं देना, साइंस सेमिनार, साइंस ड्रामा और साइंस एंड साइंस आउटरीच कार्यक्रम स्थापित करने के काम में लगा हुआ है।

### बढ़ावा देने के सतत प्रयास कर रहे

मंत्रालय ने बताया कि विभिन्न एनसीएसएम विज्ञान केंद्र स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए विज्ञान मेले, विज्ञान संगोष्ठी, विज्ञान नाटक, विज्ञान प्रदर्शन व्याख्यान, यात्रा विज्ञान प्रदर्शनी आदि जैसे कई वार्षिक कार्यक्रम भी आयोजित करते हैं।

### 4 वर्ष में देशभर में खोले गए कई विज्ञान संग्रहालय

पिछले 4वर्षों के दौरान एनसीएसएम द्वारा स्थापित किए गए विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केंद्र एनसीएसएम के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहे हैं। इनमें से पालमपुर विज्ञान केंद्र, पालमपुर (हिमाचल प्रदेश), जिसकी स्थापना 14 मई, 2022 को की गई थी, एनसीएसएम के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत है। इनमें तीन विज्ञान संग्रहालय और विज्ञान केंद्र, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा निर्देशित किए जाते हैं, जिनमें बरगढ़ विज्ञान केंद्र, बरगढ़ (ओडिशा) 21 जनवरी 2020 में स्थापना की गई। उदयपुर विज्ञान केंद्र, त्रिपुरा 28 फरवरी 2021में और उप-क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र, बोधगया में 20 जुलाई 2023 को स्थापित किया गया।

## खबर संक्षेप

### 2,500 करोड़ जुटाएगा बैंक ऑफ बड़ौदा

**मुंबई।** बैंक ऑफ बड़ौदा की बेसल-III अनुपालन बॉन्ड जारी करके 2,500 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना है। बैंक ने बीएसई को दी जानकारी में बताया कि ''कैपिटल रेजिंग कमेटी' ने 1,500 करोड़ रुपये तक के अधिक अभिदान को बनाए रखने के लिए ग्रीन-शू विकल्प के साथ 1,000 करोड़ रुपये के आधार निर्गम आकार से बेसल III अनुपालन टियर II बांड की किश्त I बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### स्टर्लिंग एंड विल्सन ने जुटाए 1500 करोड़

**नई दिल्ली।** स्टर्लिंग एंड विल्सन रिन्यूएबल एनर्जी ने पात्र संस्थागत निवेशकों को शेयर जारी कर 1,500 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, निदेशक मंडल की प्रतिभूति निर्गम समिति ने 14 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को 347 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के निर्गम मूल्य पर 4,32,27,665 इक्विटी शेयर के निर्गम और आवंटन को मंजूरी दे दी।

### महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी में मिली मंजूरी

**नई दिल्ली।** खान मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने अधिसूचित निजी अन्वेषण एजेंसियों को उनके द्वारा खोजे गए महत्वपूर्ण और गहरे खनिज ब्लॉकों की नीलामी में भाग लेने की अनुमति दे दी है। इस कदम से खनिज अन्वेषण में बड़ी खनन कंपनियों को आकर्षित करने में मदद मिलने और दुनिया भर से छोटी खनन कंपनियों को भारत आने का प्रोत्साहन मिलने की संभावना है। अन्वेषण कार्यों के लिए राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट के वित्तपोषण के साथ अन्वेषण परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहन दिया जाता है।

### आजाद इंजीनियरिंग का आईपीओ 20 को खुलेगा

**नई दिल्ली।** आजाद इंजीनियरिंग लिमिटेड ने 740 करोड़ रुपये के अपने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए मूल्य दायरा 499-524 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने घोषाणा की कि आईपीओ 20 दिसंबर को खुलेगा और 22 दिसंबर को बंद होगा।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 606.86 अरब डॉलर

## दिसंबर के समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार आठ दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 2.82 अरब डॉलर बढ़कर 606.86 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह देश का कुल मुद्रा भंडार 6.11 अरब डॉलर बढ़कर 604.04 अरब डॉलर हो गया था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्राभंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ।



### 19.9 करोड़ डॉलर घटा स्वर्ण भंडार

आरबीआई के अनुसार स्वर्ण भंडार का मूल्य 19.9 करोड़ डॉलर घटकर 47.13 अरब डॉलर रह गया। विशेष आहरण अधिकार 6.3 करोड़ डॉलर घटकर 18.19 अरब डॉलर रह गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.84 अरब डॉलर रह गया।

# सोना 150 रुपए मजबूत चांदी में 700 की उछाल

## सोना 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 78,100 रुपए प्रति किलो

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में मजबूती के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 150 रुपये की तेजी के साथ 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोने की कीमत 62,950 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 700 रुपए उछलकर 78,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर जा पहुंची। पिछले कारोबार में यह 77,400 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बाद शुक्रवार को दिल्ली के बाजारों में सोना 150 रुपए मजबूत होकर 63,100 रुपए प्रति 10 ग्राम पर रहा।'



### वैश्विक बाजारों में भी तेजी

वैश्विक बाजारों में सोना बढ़कर 2,037 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी उछाल के साथ 24.19 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,037 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव के मुकाबले पांच डॉलर अधिक है। गांधी ने कहा कि अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के अगले साल नीतिगत दर में कटौती के संकेत से सोने की कीमतों में तेजी आई।

# रुपया 27 पैसे उछलकर 83.03 प्रति डॉलर पर बंद

## संस्थागत निवेशकों की लिवाली से रुपया मजबूत

**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 27 पैसे के उछाल के साथ 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू शेयरों में रिकॉर्ड तेजी आने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार निवेश बढ़ने के बीच रुपये में तेजी आई। बाजार सूत्रों ने कहा कि शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी का दौर जारी रहा। बीएसई सेंसेक्स पहली बार 71,000 अंक पार गया है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी लिवाली से भी रुपये की धारणा मजबूत हुई।



### रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला

अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर अपरिवर्तित रुख लिए खुला। शुरूआती कारोबार में 83.32 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को छूने के बाद 82.94 प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर जा पहुंचा। रुपया अंत में पिछले बंद भाव के मुकाबले 27 पैसे की तेजी के साथ 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर रुपये में 37 पैसे की तेजी देखी गई।

## दो लाख करोड़ रुपए बढ़ी निवेशकों की पूंजी

नई दिल्ली। सेंसेक्स के पहली बार 71,000 अंक के स्तर पर पहुंचने से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में निवेशकों की पूंजी दो लाख करोड़ रुपए बढ़ गई। वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख और विदेशी कोषों के सतत प्रवाह से घरेलू बाजार में तेजी आई। बीएसई सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण शुरुआती कारोबार में 357 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। सेंसेक्स सोमवार को शुरुआती कारोबार में पहली बार 70,000 के स्तर को पार कर गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, विप्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील के शेयर सुबह के सौदों के दौरान लाभ में रहे। नेस्ले, भारती एयरटेल, एक्सिस बैंक आईटीसी के शेयरों को नुकसान हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने गुरुवार को 3,570.07 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

## 969 अंकों की छलांग सेंसेक्स ने लगाई, 21,456.65 अंक से निफ्टी ऑलटाइम हाई

# 71,483.75 अंक पहली बार नए शिखर पर शेयर बाजार

एजेंसी ⏭ मुंबई

अनुकूल घरेलू वृहद-आर्थिक आंकड़ों और अमेरिका में ब्याज दर को लेकर चिंताएं कम होने से स्थानीय शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक शुक्रवार को नए शिखर पर पहुंच गए। बीएसई सेंसेक्स 969 अंक से अधिक उछलकर पहली बार 71,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबारियों ने कहा कि विदेशी निवेशकों की निरंतर खरीदारी के बीच सूचना प्रौद्योगिकी, प्रौद्योगिकी एवं धातु शेयरों में भारी खरीदारी होने से घरेलू इक्विटी बाजार की तेजी को रफ्तार मिली। घरेलू बाजारों में लगातार तीसरे दिन बढ़त रही। बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 969.55 अंक यानी 1.37 प्रतिशत की बड़ी छलांग लगाते हुए 71,483.75 के अपने रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,091.56 अंक यानी 1.54 प्रतिशत तक बढ़कर 71,605.76 पर पहुंच गया था जो इसका उच्चतम कारोबारी स्तर है।



**7वें हफ्ते में बढ़त** : एलकेपी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ तकनीकी विश्लेषक रूपक डे ने कहा, /"निफ्टी का ऊपर की तरफ बढ़ने का सिलसिला बाजार पर तेजड़ियों के नियंत्रण से मेल खाता है। एक नया सर्वकालिक उच्च स्तर हासिल कर सूचकांक ने लगातार सातवें हफ्ते में बढ़त के साथ समापन किया है।/"

### बढ़त के लिए कारण

1. विश्लेषकों के मुताबिक, अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर को अपरिवर्तित रखने और अगले साल दर में कटौती के संकेत देने से भारतीय इक्विटी बाजारों में लगातार विदेशी पूंजी का प्रवाह बढ़ा है और इसने शेयरों में तेजी को बढ़ावा दिया है।
2. घरेलू स्तर पर कई सकारात्मक आर्थिक आंकड़ों ने भी तेजी को बल दिया है। सितंबर तिमाही की वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही है और विनिर्माण क्षेत्र का पीएमआई 56 पर जा चुका है।
3. कच्चे तेल की कीमतें 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब आने से भी धारणा को मजबूती मिली है।

### एचसीएल में सर्वाधिक तेजी

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एचसीएल टेक्नोलॉजीज में सर्वाधिक 5.58 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। इसके बाद टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, एनटीपीसी और विप्रो का स्थान रहा। इसके उलट नेस्ले, भारती एयरटेल, मारुति और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### स्मालकैप सूचकांक चमका

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मालकैप सूचकांक में 0.58 प्रतिशत की तेजी रही लेकिन मिडकैप सूचकांक में 0.07 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में आईटी खंड में 4.41 प्रतिशत, प्रौद्योगिकी खंड में 3.64 प्रतिशत और धातु खंड में 1.78 प्रतिशत का उछाल रहा। हालांकि एफएमसीजी, वाहन, रियल्टी एवं सेवा क्षेत्रों में गिरावट रही।

### एशियाई बाजार में भी उत्साह

एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग चढ़कर बंद हुए जबकि चीन का शंघाई कंपोजिट सूचकांक निचले स्तर पर बंद हुआ।
यूरोपीय बाजार मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे। गुरुवार को अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए थे।



## घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या 9 फीसदी बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या नवंबर में नौ प्रतिशत बढ़कर 1.27 करोड़ से अधिक रही। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इंडिगो देश की सबसे बड़ी घरेलू विमानन कंपनी बनी रही। हालांकि नवंबर में इसकी बाजार हिस्सेदारी घटकर 61.8 प्रतिशत हो गई, जो अक्टूबर में 62.6 प्रतिशत थी। नवंबर में किसी भी अनुसूचित विमानन कंपनी का 'ऑन-टाइम परफॉर्मेंस' अंक 80 प्रतिशत से अधिक नहीं रहा। नागरिक विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में सालाना आधार पर 9.06 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ हवाई यात्रा करने वालों की संख्या 1.27 करोड़ रही, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह संख्या 1.17 करोड़ थी। डीजीसीए के मुताबिक, 'जनवरी-नवंबर 2023 में घरेलू हवाई यात्रियों की संख्या सालाना आधार पर 25.09 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 1,382.34 लाख रही, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 1,105.10 लाख थी।'

**सूचना**

इस सूचना के द्वारा सूचित किया जाता है कि 4000 इक्विटी शेयरों के लिए शेयर सर्टिफिकेट नंबर 245577 विशिष्ट नंबर वाले 4125581-4129580 (दोनों सम्मिलित), जो GE T&D India Ltd., के है और इसका पंजीकृत कार्यालय ए-18, प्रथम तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, चरण-2, नई दिल्ली-110020 है, जो नर्गेश बहमन्शा सिधवा, जालू नोगी करंजवाला और दारा बहमन्शा सिधवा के नाम पर पंजीकृत है वो खो/गुम हो गए हैं। शेयरों को निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण कोष (IEPF) प्राधिकरण को हस्तांतरित कर दिया गया है।
हम, दावेदार होने के नाते, IEPF नियमों के अनुसार हस्तांतरित शेयरों के पुनः क्रेडिट के लिए IEPF प्राधिकरण को आवेदन करेंगे। किसी भी व्यक्ति को उक्त मूल शेयर प्रमाण पत्र में शामिल शेयरों को दावेदारों को पुनः क्रेडिट करने पर कोई आपत्ति है, तो उससे अनुरोध है कि वह उपरोक्त पते पर कंपनी के साथ या उनके रजिस्ट्रार, CB MANAGEMENT SERVICES (P) LTD., पी-22, बॉन्डेल रोड, कोलकाता-700019 के पास अपनी आपत्ति दर्ज कराएं। इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर लिखित रूप में।
स्थान: नई दिल्ली
तारीख: 16.12.2023
दावेदारों का नाम
फ़रहिज़ नोगी करंजावाला
रायन नोगी करंजावाला

### भारत का निर्यात 2.83 फीसदी घटकर 33.9 अरब डॉलर

**नई दिल्ली।** भारत का निर्यात इस साल नवंबर में 2.83 प्रतिशत घटकर 33.90 अरब अमेरिकी डॉलर रह गया, जो एक साल इसी महीने 34.89 अरब अमेरिकी डॉलर था। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह बात सामने आई। आंकड़ों के अनुसार, नवंबर में आयात भी घटकर 54.48 अरब डॉलर रह गया, जबकि नवंबर 2022 में यह 56.95 अरब डॉलर था। देश का व्यापार घाटा नवंबर में 20.58 अरब डॉलर रहा। चालू वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-नवंबर अवधि में निर्यात 6.51 प्रतिशत घटकर 278.8 अरब डॉलर रहा।

## आचार्य महाश्रमण ने दिलाया ड्रग्स का सेवन न करने का संकल्प

**मुंबई।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी (अणुविभा) के तत्वावधान में संचालित नशामुक्ति अभियान ''एलीवेट एक्सपीरियंस द रियल हाई'' के अन्तर्गत 11 दिसंबर को एसएनडीटी वीमेंस यूनिवर्सिटी, सांताक्रूज वेस्ट में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य श्री महाश्रमण जी के सान्निध्य में आयोजित इस सेमिनार में देशभर के विशिष्ट बुद्धिजीवी शामिल हुए और इस बात पर चिंतन-मनन किया कि कैसे हमारी युवा पीढ़ी को ड्रग्स के चंगुल से बताया जा सके। सेमिनार में आचार्य श्री महाश्रमण ने कहा कि अज्ञान और मोह के कारण व्यक्ति गलत कार्य कर सकता है। अज्ञान एक बड़ा अभिशाप है। अज्ञान का पर्दा हट जाये तो बात समझ में जाये तो व्यक्ति गलत आचरण को छोड़ भी सकता है। उन्होंने कहा कि पुलिस, प्रशासन, चिकित्सक समेत समाज के विभिन्न महत्वपूर्ण वर्गों का साथ मिले तो इस कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के साथ ही युवाओं को ड्रग्स के व्यसन से मुक्त कराया जा सकता है। आचार्य प्रवर ने कहा कि अहिंसा, संयम और तप उत्कृष्ट मंगल है। इन्हें सभी धर्मों ने स्वीकार किया है। गृहस्थों के लिए अणुव्रत अर्थात छोटे-छोटे नियमों का प्रावधान किया गया है।

## रबी सीजन के लिए पीएमएफबीवाई का पंजीकरण सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में जारी है

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (PMFBY) का पंजीकरण रबी सीजन के लिए भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशोंमें लगातार जारी है। किसानों को इस व्यापक फसल बीमा योजना में पंजीकरण करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है ताकि उनके कृषि निवेश की सुरक्षा हो सके।

**ज्योतिष**

फोन करते ही जिन्दगी संवारे
खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूगां
खुला चैलेंज 2 घंटो में घर बैठे
फोन पर गारंटिड लाभ



7 इल्मों के माहिर
आपके विश्वास का एक ही नाम
21 सालों से एक ही स्थान पर
मियां पठान बंगाली
गोल्ड मेडलिस्ट
स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
7500542070
https://www.miyapathanjibangali.com

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## बीडब्ल्यू डिसरप्ट 40 अंडर 40 अचीवर्स अवार्ड-2023, मोशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय फ्यूचर मास्टर्स ऑफ़ इंडियन स्टार्टअप की सूची में



**कोटा।** मोशन एजुककेशन के संस्थापक और सीईओ नितिन विजय को बिजनेसवर्ल्ड (बीडब्ल्यू ) ने बीडब्ल्यू डिसरप्ट 40 अंडर 40 अचीवर्स अवार्ड-2023 दिया है। बीडब्ल्यू के 40 अंडर 40 समिट के सातवें एडिशन में नितिन विजय को इस सम्मान से नवाजा गया। नितिन विजय को बीडब्ल्यू डिसरप्ट 40 अंडर 40 फ्यूचर मास्टर्स ऑफ़ द इंडियन स्टार्टअप सेक्टर-2023 की सूची में शामिल किया गया है। नितिन विजय ने इस अवसर पर कहा कि हम शिक्षा के ऐसे मॉडल पर काम कर रहे हैं जिससे सबको अफोर्डेबल प्राइस पर क्वालिटी और कस्टमाइज एजुकेशन मिल सके। सीखने की प्रक्रिया कस्टमाइज करने के लिए मोशन ने अडेप्टिव कांसेप्चुअल प्रॉब्लम शीट मशीन- सीपीएस बनाई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एमआईसीएडीए डिवीजन, कैथल | ओ/एल आरडी 86010/एल सुडकान डिस्टी. पर यूजीपीएल बिछाकर वाटरकोर्स की पुनः स्थापना / रिमॉडलिंग + 1 कार्य। | 13.12.2023 03.01.2024 | 1.42 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 01746-224337 xenkaithalcad@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23422/1/88/7 दि. 15.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएएमबी पानीपत | गांव गोयला खेड़ा से अधमी तक नये सम्पर्क रोड के निर्माण हेतु डीएनआईटी। रोड आईडी एच-9024 + 1 कार्य। | 01.12.2023 21.12.2023 | 2.35 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 180266236 xenpnp2022.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23426/1/88/7 दि. 15.12.23

## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य मिलेगा। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं।

**वृष** — आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है। आय में भी वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे।

**मिथुन** — आत्मसंयत रहें। आय में वृद्धि होगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी परिवर्तन होगा। ऑफिस में उच्चाधिकारियों का सहयोग रहेगा।

**सिंह** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी पैतृक सम्पत्ति से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**कन्या** — परिवार का साथ मिलेगा। कुछ पुराने मित्रों से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी। भाइयों का सहयोग रहगा।

**तुला** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक कार्यों में अड़चनें आ सकती हैं।

**वृश्चिक** — धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाहन के रख-रखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**धनु** — वाणी में मधुरता रहेगी। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार में भी वृद्धि होगी। धनलाभ के अवसर मिलेंगे।

**मकर** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। नौकरी में विदेश जाना हो सकता है। वाहन सुख में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन परेशान हो सकता है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें।

**मीन** — नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़ेंगे। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु संयत रहें।

## शब्द पहेली - 5365



**बाएँ से दाएँ**
1. बादलों की गड़गड़ाहट-4
3. नीरस, रस विहीन-4
8. नेपाल की इस नायिका ने फिल्म 'सौदागर' से अपना कैरियर शुरु किया था-3,4
10. कंठस्थ करना-3
11. जुड़वा-3
13. उक्ति,काव्य कृति-3
15. आने वाला दिन-2
17. पर,पराया,दूसरा-2
18. हाथ-2
19. कविता लिखने वाल-2
21. बजाने वाला-3
25. कक्ष,रूम-3
26. ठिकाना,नीड़-3
27. हमारे देश के पूर्व प्रधानमंत्री-5,2
30. अभिप्राय-4
31. आतंकित होना-4

**ऊपर से नीचे**
2. तरुणाई,लड़कपन-3
4. सहायता,आधार-3
5. बीताना,यापन करना-4
6. दिखावा,पाखंड-4
7. जरुरत,स्वार्थ-3
8. राजी करना-3
9. योग्य-3
12. मसलना-3
13. इस चौथ को सुहागिन पति की रक्षा हेतु उपवास रखती हैं-3
14. सुगंध,लास-3
16. रोकड़ राशि-3
20. रुकना, स्थिर होना-3
22. विजय दशमी -4
23. भोर,सवेरा-3
24. सना हुआ,तर-4
25. छल,धोखा-3
28. अनुकृति-3
29. श्रंगार -3

### शब्द पहेली - 5364 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ति | आ | व | श्य | क | | का | रा | वा | स |
| ज | ल | | र | | म | छ | ली | | र | मा |
| र | | अ | दा | का | र | | न | र | | धा |
| अ | र | मा | न | | बं | द | | ज | मी | न |
| म | | न | | म | द | म | स्त | | रा | |
| र | ज | त | प | ट | | क | र | म | ज | ला |
| | प | | ट | क | रा | ना | | स | | ल |
| मु | ना | दी | | ना | ग | | द | ल | ह | न |
| ला | | प | री | | गा | ड़ी | वा | न | | पा |
| का | का | | त | न | य | | घ | | न | ल |
| त | र | सा | ना | | न | ग | र | भ | व | न |

## सूडोकु नवताल - 5375

✱✱✱✱✩ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | | 1 | 8 |
| | | | 6 | 7 | | | | 2 |
| | | | 8 | | | | | |
| | 8 | 5 | | | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | |
| | | | | | | 3 | 5 | |
| | | | | | 5 | | | |
| 1 | | | | 4 | 7 | | | |
| 9 | 6 | | | | | | | 4 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5374 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 4 | 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 6 | 8 |
| 2 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 4 |
| 5 | 3 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 9 | 2 | 4 | 8 | 6 | 1 | 5 | 7 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 |

## खबर संक्षेप



### अहलावत सऊदी ओपन में 22वें स्थान पर

**रियाद।** वीर अहलावत ने पहले दौर में एक अंडर 70 का कार्ड खेला, जिससे वह 10 लाख डॉलर इनामी सऊदी ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 22वें स्थान पर हैं जो भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ है। भारत के ही एस चिक्करांगप्पा और युवराज संधू ने इवन पार 71 का कार्ड खेला और यह दोनों संयुक्त 32वें स्थान पर हैं। थाईलैंड के चैपचाई नीरत सात अंडर 64 का स्कोर बनाकर पहले दौर के बाद बढ़त पर हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अजितेश संधू दो ओवर 73 का कार्ड खेलकर हनी बैसोया और करणदीप कोचर के साथ संयुक्त 60वें स्थान पर हैं।

### अफ्रीका की पिचें स्पिनरों के अनुकूल

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव ने कहा कि अपनी तेजी और उछाल के लिए मशहूर रहे दक्षिण अफ्रीका के विकेट वर्तमान दौरे में स्पिनरों के भी अनुकूल हैं। कुलदीप ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 17 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भुवनेश्वर कुमार के बाद दूसरे भारतीय गेंदबाज हैं जिन्होंने टी20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में दूसरी बार 5 विकेट लेने का कारनामा किया। अपना 29वां जन्मदिन मना रहे कुलदीप की शानदार गेंदबाजी से भारत ने यह मैच 106 रन से जीत कर तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर की।



### भारत फीफा रैंकिंग में 65वें पायदान पर

**ज्यूरिख।** भारतीय टीम शुक्रवार को जारी फीफा रैंकिंग में चार स्थान के नुकसान के साथ 65वें पायदान पर लुढ़क गई है। महिला विश्व कप विजेता स्पेन यूएफा नेशंस लीग के अंतिम चार में पहुंचने के बाद एक स्थान के सुधार के साथ शीर्ष पर पहुंच गया। स्वीडन महिला विश्व कप के बाद अगस्त में जारी पिछली फीफा रैंकिंग में शीर्ष पर था लेकिन अब पांचवें स्थान पर खिसक गया है। स्पेन इस महीने नेशंस लीग में अपने ग्रुप में शीर्ष पर रहा। चार टीमों के इसी ग्रुप में स्वीडन तीसरे स्थान पर था। स्पेन पहली बार महिला फुटबॉल में शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचा है। फीफा ने बताया कि 211 सदस्यों में से इस रैंकिंग में 192 को जगह मिली है।



### मानवजीत, अंजुम राष्ट्रीय टीम में करेंगे वापसी

**नई दिल्ली।** अनुभवी निशानेबाज मानवजीत सिंह संधू और अंजुम मौदगिल अगले महीने क्रमश: जकार्ता और कुवैत सिटी में होने वाले एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी करेंगे। राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं के लिए क्वालीफायर पांच से 18 जनवरी तक जकार्ता तो वहीं शॉटगन क्वालीफायर 12 से 23 जनवरी तक कुवैत सिटी में होंगे। भारत ने 20 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम को मैदान में उतारा है। इसके अलावा 12 निशानेबाज शॉटगन क्वालीफायर में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे।



### पाकिस्तान को भारत से सीख लेने की जरूरत

**कराची।** पूर्व टेस्ट कप्तान सलमान बट का मानना है ऑस्ट्रेलिया को उसकी सरजमीं पर शिकस्त देने के लिए पाकिस्तान को पड़ोसी भारत से सीख लेनी चाहिए। पाकिस्तान मौजूदा समय में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहा है। श्रृंखला का पहला टेस्ट गुरुवार को पर्थ में शुरू हुआ। भारत 2016-17 सत्र से लगातार चार बार दोनों देशों के बीच खेली जाने वाली टेस्ट मैचों की श्रृंखला बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का विजेता रहा है।



# जोकोविच ने आठवीं बार जीता आईटीएफ वर्ल्ड चैंपियन अवार्ड



*लंदन। नोवाक जोकोविच और आर्यना सबालेंका को इस सत्र में चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल वर्ग में कम से कम सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ के 2023 के विश्व चैंपियन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। जोकोविच ने रिकॉर्ड आठवीं बार एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहते हुए सत्र का अंत किया। उन्होंने इस सत्र में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के खिताब जीतकर अपने कुल ग्रैंडस्लैम खिताब की संख्या 24 पर पहुंचाई। वह विंबलडन में उपविजेता रहे थे। जोकोविच ने आठवीं बार आईटीएफ विश्व चैंपियन का पुरस्कार हासिल किया और यह भी रिकॉर्ड है।*



### सबालेंका को पहला खिताब

सबालेंका ने पहली बार यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के रूप में अपना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह अमेरिकी ओपन में उपविजेता रही जबकि फ्रेंच ओपन और विंबलडन के सेमीफाइनल में पहुंची थी। वह सितंबर में पहली बार अपने करियर में डब्ल्यूटीए रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची थी। उन्होंने सत्र का अंत इगा स्वियातेक के बाद दूसरे नंबर पर रहते हुए किया।

# मेसी की छह जर्सी 78 लाख डॉलर में बिकी



**न्यूयॉर्क।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी की पिछले साल विश्व कप के दौरान पहनी गई छह जर्सी नीलामी में 78 लाख डॉलर में बिकी। नीलामी करने वाली संस्था सोथबी ने यह घोषणा की। सोथबी ने बताया कि मेसी ने इन शर्ट को कतर में 2022 में खेले गए फीफा विश्व कप के पहले चरण के मैचों में पहना था। इस साल खेल से जुड़ी वस्तुओं की नीलामी में यह सर्वाधिक कीमत पर बिकने वाली वस्तु रही। अर्जेंटीना ने विश्व कप फाइनल में फ्रांस को पेनल्टी शूटआउट में हराकर अपना तीसरा खिताब जीता था। निर्धारित समय तक दोनों टीम 3-3 से बराबरी पर थी जिसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया था। मेसी की इन शर्ट के लिए विजेता बोली लगाने वालों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

## क्रिकेट : महिला टीम ने पहली पारी में 428 और दूसरी पारी में बनाए 186/6 का स्कोर

# दीप्ति के पंजे में इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत के पास 478 रन की बड़ी बढ़त

एजेंसी ▸▸ नवी मुंबई

दीप्ति शर्मा के हरफनमौला खेल से भारतीय महिला टीम इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र महिला टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को अपनी स्थिति बेहद मजबूत कर ली। अभी दो दिन का खेल बचा है और दूसरी पारी में अब तक 478 रन की बढ़त बनाने के बाद भारत के पास घरेलू सरजमीं पर पहली बार इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट जीतने का मौका है। भारत ने पहली पारी में 428 रन और दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बनाए। इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई।

दीप्ति ने भारतीय टीम की पहली पारी में 113 गेंद में 67 रन बनाकर टीम के स्कोर को 428 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने के बाद अपनी शानदार फिरकी से इंग्लैंड की बल्लेबाजी क्रम को झकझोर दिया। उन्होंने 5.3 ओवर में चार मेडन और सात रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे इंग्लैंड की पहली पारी महज 136 रन पर सिमट गई। इंग्लैंड की टीम एक समय तीन विकेट पर 108 रन बनाकर अच्छी स्थिति में थी लेकिन इसके बाद दीप्ति के कहर से उसकी पारी सस्ते में निपट गयी। टीम ने 10 रन के अंदर आखिरी छह विकेट गंवा दिए। स्नेह राणा ने 25 रन देकर दो जबकि रेणुका सिंह और पूजा वस्त्राकर ने एक-एक विकेट चटकाए।



### दूसरे दिन गिरे 19 विकेट

दिन का खेल आगे बढ़ने के साथ पिच से स्पिनरों को अधिक मदद मिल रही थी। असामान्य उछाल के कारण बल्लेबाजों को परेशानी कर सामना करना पड़ रहा था। भारत को दूसरी पारी में स्मृति मंधाना (26) और शेफाली वर्मा (33) ने 61 रन की साझेदारी कर अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इंग्लैंड की स्पिन गेंदबाजों ने इसके बाद भारतीयों को परेशान किया। चार्ली डीन (68 रन पर चार विकेट) और अनुभवी सोफी एक्लेस्टोन (76 रन पर दो विकेट) ने विकेट लिए। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी बल्ले से 27 रन का योगदान दिया। मैच के दूसरे दिन कुल 19 विकेट गिरे जिसमें भारत की पहली पारी के तीन विकेट शामिल है। इसमें से 15 विकेट स्पिनरों के नाम रहे।

### भारत के चार विकेट शेष

भारत ने पहली पारी में 292 रन की बड़ी बढ़त लेने के बाद इंग्लैंड को फालोऑन करने की जगह दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने का फैसला किया। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक अपनी दूसरी पारी में छह विकेट पर 186 रन बना लिए।

**स्कोर बोर्ड**

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| स्मृति मंधाना बो बेल | 17 | 12 | 3 | 0 |
| शेफाली वर्मा बो क्रॉस | 19 | 30 | 4 | 0 |
| शुभा का ब्रंट बो एक्सेलेटन | 69 | 76 | 13 | 0 |
| जेमिमा रौड्रिग्स बो बेल | 68 | 99 | 11 | 0 |
| हरमनप्रीत कौर रन आउट | 49 | 81 | 6 | 0 |
| यास्तिका का बेल बो डीन | 66 | 88 | 10 | 1 |
| दीप्ति का एक्लेस्टोन बो बेल | 67 | 113 | 10 | 1 |
| स्नेह राणा बो ब्रंट | 30 | 73 | 5 | 0 |
| पूजा वस्त्राकर नाबाद | 10 | 45 | 2 | 0 |
| रेणुका सिंह बो एक्लेस्टोन | 01 | 07 | 0 | 0 |
| राजेश्वरी का डंकली बो एक्लेस्टोन | 0 | 5 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 32, कुल : 104.3 ओवर में 428/10
गेंदबाजी : क्रॉस 14-0-64-1, बेल 19-3-67-3, ब्रंट 11-4-25-1, फिलेर 15-1-84-0, डीन 19-1-67-1, एक्लेस्टोन 26.3-5-91-3

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टैमी ब्यूमोंट रन आउट | 10 | 35 | 1 | 0 |
| सोफिया डंकली बो रेणुका | 11 | 10 | 2 | 0 |
| नाइट पगबाधा वस्त्राकर | 11 | 23 | 1 | 0 |
| नेट स्किवेर ब्रंट बो स्नेह | 59 | 70 | 10 | 0 |
| डेनी व्याट का जेमिमा बो दीप्ति | 19 | 24 | 4 | 0 |
| एमी जोन्स का शेफाली बो दीप्ति | 12 | 19 | 2 | 0 |
| सोफी एक्लेस्टोन बो दीप्ति | 00 | 02 | 0 | 0 |
| चार्ली डीन बो स्नेह | 00 | 09 | 0 | 0 |
| केट क्रॉस का एवं बो दीप्ति | 01 | 08 | 0 | 0 |
| लौरेन फिलर बो दीप्ति | 05 | 07 | 1 | 0 |
| लौरेन बेल नाबाद | 00 | 06 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 08, कुल : 35.3 ओवर में 136/10
गेंदबाजी : रेणुका 9-1-32-1, स्नेह राणा 6-0-25-2, वस्त्राकर 9-1-39-1, राजेश्वरी 6-0-25-0, दीप्ति 5.3-4-7-5

# आई-लीग : इंटर काशी ने दिल्ली को 2-0 से हराया



**कल्याणी।** मोहम्मद आसिफ और जोर्डन लामेला के गोल के दम पर इंटर काशी ने आई-लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां दिल्ली एफसी को 2-0 से हराया। आसिफ ने मैच के 14वें जबकि लामेला ने 36वें मिनट में गोल कर मैच के पहले हाफ में टीम का दबदबा कायम किया। स्पेन के लामेला का मौजूदा सत्र में टीम के लिए चौथा गोल है जबकि 22 साल के आसिफ का यह सत्र का दूसरा गोल था। कल्याणी म्यूनिसिपल स्टेडियम में इस जीत के बाद इंटर काशी की टीम 10 मैचों में 14 अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गयी है। दिल्ली की टीम इतने ही मैचों में 13 अंक के साथ आठवें पायदान पर है।

# प्रियंका को ऑस्ट्रेलिया में अभ्यास की मिली मंजूरी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल ने पैदल चाल की एथलीट प्रियंका गोस्वामी के ऑस्ट्रेलिया में कोच ब्रेंट वालेस की निगरानी में अभ्यास करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी*



*प्रियंका ऑस्ट्रेलिया के कैनबरा के निकट स्थित प्रशिक्षण केंद्र में अभ्यास करेंगी। उनको मिलने वाली वित्तीय सहायता में हवाई किराया, भोजन-आवास की लागत, खेल विज्ञान सहायता के लिए व्यय, कोचिंग शुल्क सहित अन्य खर्च शामिल होंगे।*

# आईडब्लएफ ग्रां प्री दो में 12वें स्थान पर रहे गुरदीप

***दोहा।** राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक गुरदीप सिंह ने यहां आईडब्लूएफ ग्रां प्री दो में पुरुषों के 109 किग्रा भार से अधिक के वर्ग में 12वें स्थान पर रहकर निराशाजनक प्रदर्शन किया। पंजाब के इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने कुल मिलाकर 340 किग्रा भार उठाया जो पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में उठाए गए वजन से 50 किग्रा कम था। गुरदीप ने राष्ट्रमंडल खेलों में 390 किग्रा भार उठाकर कांस्य पदक जीता था। कलाई की चोट के कारण इस साल अधिकतर प्रतियोगिताओं में नहीं खेल पाने वाले गुरदीप ने स्नैच वर्ग में 145 किग्रा और इसके बाद क्लीन एवं जर्क में 195 किग्रा वजन उठाया।*

**पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई**

# वेस्टइंडीज ने टी20 में बनाई 2-0 की बढ़त, इंग्लैंड को 10 रन से दी मात

एजेंसी ▸▸ सेंट जॉर्ज

*ब्रैंडन किंग के नाबाद अर्धशतक और अलजारी जोसेफ की शानदार गेंदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इंग्लैंड को 10 रन से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त बनाई।*

*इंग्लैंड ने टॉस जीत कर वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और जल्द ही उसका स्कोर 4 विकेट पर 54 रन कर दिया। सलामी बल्लेबाज किंग ने ऐसे में 52 गेंद पर नाबाद 82 रन बनाए जबकि कप्तान रोवमैन पावेल ने 28 गेंद पर तीन चौकों और पांच*



*छक्कों की मदद से 50 रन बनाए जिससे वेस्टइंडीज ने 7 विकेट पर 176 रन का चुनौती पूर्ण स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 7 विकेट पर 166 रन ही बना पाई। उसकी तरफ सैम करेन ने सर्वाधिक 50 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से जोसेफ ने 39 रन देकर तीन और अकील हुसैन ने 24 रन देकर दो विकेट लिए। ऑलराउंडर आंद्रे रसेल काफी महंगे साबित हुए। उन्होंने चार ओवर में 66 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इंग्लैंड को अंतिम ओवर में 28 रन की जरूरत थी और उसने रसेल के इस ओवर में 17 रन बनाए।*

# जमाल के छह विकेट से ऑस्ट्रेलिया 487 पर आउट, संभला पाकिस्तान

एजेंसी ▸▸ पर्थ

तेज गेंदबाज आमिर जमाल ने अपने पदार्पण टेस्ट मैच में ही पारी में छह विकेट लेने का कारनामा करके ऑस्ट्रेलिया को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में शुक्रवार को यहां 500 रन तक पहुंचने से रोका। इसके बाद पाकिस्तान ने सतर्क शुरुआत करते हुए दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 53 ओवर में दो विकेट पर 132 रन बनाए। ऑलराउंडर मिशेल मार्श ने 90 रन की शानदार पारी खेली, लेकिन जमाल ने 111 रन देकर छह विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 487 रन ही बनाने दिए।

ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी का आकर्षण सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर का शतक रहा। उन्होंने पहले दिन 211 गेंद पर 164 रन की पारी खेली थी। पाकिस्तान की टीम अभी ऑस्ट्रेलिया से 355 रन पीछे है। उसके बल्लेबाजों ने किसी तरह का जोखिम नहीं लिया। अब्दुल्ला शफीक (42) और इमाम उल हक (नाबाद 38) ने पहले टिकट के लिए 36.2 ओवर में 74 रन जोड़कर पाकिस्तान को सधी शुरुआत दिलाई। ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने शफीक को वॉर्नर के हाथों कैच कराकर ऑस्ट्रेलिया को पहली सफलता दिलाई। पाकिस्तान के आउट होने वाले दूसरे बल्लेबाज कप्तान शान मसूद (30) थे जिन्हें तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने विकेट के पीछे कैच कराया। स्टंप उखड़ने के समय इमाम 38 और नाइट वॉचमैन खुर्रम शहजाद सात रन पर खेल रहे थे।



### अनोखे रिकार्ड की बराबरी

जमाल ने अपना पांचवा विकेट लेने के बाद पिच को चूमा। यह 1967 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी विदेशी खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण करते हुए पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। जमाल से पहले भारत के आबिद अली ने 1967 में एडिलेड ओवल में 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

# स्पेन ने भारतीय महिला टीम को 3-2 से हराया

एजेंसी ▸▸ वालेंशिया

*भारतीय महिला हॉकी टीम को शुक्रवार को यहां पांच देशों के टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में बढ़त बनाने के बावजूद स्पेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत के लिए गुरजीत कौर (13वें मिनट) और संगीता कुमारी (14वें मिनट) ने एक-एक गोल किए। स्पेन के लिए सारा बैरियोस नवारो (दूसरे), पेट्रीसिया अल्वारेज नार्डिज (30वें) और जूलिया स्ट्रेपाटो गैरटा (53वें) ने गोल दागे। स्पेन की टीम ने मैच की शुरुआत आक्रामक तरीके से की जिसका फायदा उन्हें दूसरे मिनट में ही मिल गया। नवारो के गोल से टीम में अपना खाता खोला। भारत ने*



*हालांकि इसके बाद समय गंवाये बिना जवाबी हमला कर पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया। गुरजीत कौर गोलकर इस अवसर को भुनाने में सफल रहीं। इसके तुरंत बाद संगीता कुमारी ने स्पेन की रक्षापंक्ति में सेंध लगाकर भारत को बढ़त दिला दी। पहला क्वार्टर भारत के पक्ष में 2-1 से समाप्त हुआ। स्पेन ने दूसरे क्वार्टर के आखिरी क्षणों के खेल में नार्डिज के गोल से बराबरी हासिल की।*

## जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप : मजबूत स्पेन से सामना आज

# कांस्य पदक मैच में पूरा दमखम दिखाएगा भारत

एजेंसी ▸▸ कुआलालंपुर

अब तक मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही भारतीय टीम को अगर जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप के शनिवार को होने वाले कांस्य पदक के मैच में मजबूत स्पेन को हराना है तो उसे जल्द से जल्द अपने खेल में सुधार करना होगा।

भारत ने गुरुवार को जर्मनी के खिलाफ सेमीफाइनल में 12 पेनल्टी कॉर्नर गंवाए जिससे इस मैच में उसे 1-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस पराजय से भारतीय टीम का मनोबल गिरा होगा, लेकिन अगर उसे पोडियम पर पहुंचना है तो उसे स्पेन के खिलाफ अवसरों को भुनाना होगा। पूल चरण के मैच में स्पेन ने



भारत को 4-1 से हराया था। स्पेन की टीम भी दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस के हाथों 1-3 से हार के कारण आहत होगी लेकिन वह कांस्य पदक जीतने के लिए किसी तरह की कसर नहीं छोड़ेगी। भारतीय टीम भी इस प्रतियोगिता में चौथी बार पोडियम पर पहुंचने की कोशिश करेगी। उसने इस टूर्नामेंट में दो बार (होबार्ट में 2001 और लखनऊ में 2016) स्वर्ण पदक और 1997 में इंग्लैंड के मिल्टन केंस में रजत पदक जीता था। लेकिन उत्तम सिंह की अगुवाई वाली टीम को अगर इस सूची में शामिल होना है तो उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारत के लिए यह प्रतियोगिता मिश्रित सफलता वाली रही है।

उसने क्वार्टर फाइनल में विश्व की नंबर चार टीम नीदरलैंड को 4-3 से हराया था लेकिन छह बार के चैंपियन जर्मनी के खिलाफ उसके खिलाड़ी यह लय बरकरार नहीं रख पाए। भारतीय कप्तान उत्तम ने स्वीकार किया कि उन्होंने कई मौके गंवाए लेकिन साथ ही कहा कि उनके पास अब भी पोडियम पर पहुंचने का मौका है और वह इसके लिए अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।

### स्पेन का पलड़ा भारी

*जहां तक स्पेन की बात है तो उसकी टीम अभी तक इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह नहीं बना पाई है। उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2005 में रहा था जब उसकी टीम ने कांस्य पदक जीता था। भारत और स्पेन ने पुरुष जूनियर विश्व कप में अभी तक एक दूसरे के खिलाफ आठ मैच खेले हैं। इनमें से स्पेन ने पांच मैच में जीत दर्ज की है। इस बीच 2021 में भुवनेश्वर में उप विजेता रही जर्मनी की टीम फाइनल में फ्रांस का सामना करेगी। फ्रांस ने पिछले बार कांस्य पदक जीता था।*




आसियान-जापान सहयोग के 50 वर्ष पूरे...आज

# शिखर सम्मेलन में समुद्री सुरक्षा और ऊर्जा के खुलेंगे रास्ते

*आसियान-जापान मित्रता और सहयोग की 50वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 16 से 18 दिसम्बर के बीच जापान के टोक्यो शहर में होगा। शिखर सम्मेलन में आसियान-जापान संबंधों की उपलब्धियों जिक्र किया जाएगा।*

एजेंसी ▶▶ टोक्यो

आसियान-जापान मित्रता और सहयोग के 50 वीं वर्षगांठ पर दो दिवसीय शिखर सम्मेलन 16 से 18 दिसम्बर के बीच जापान के टोक्यो शहर में आयोजित किया जाएगा। जापान के प्रधानमंत्री किशिदा फुमियो ने आसियान के महासचिव डॉ. काओ किम होर्न को सम्मेलन में आमंत्रित किया है। शिखर सम्मेलन में आसियान-जापान संबंधों में पिछले 50 वर्षों की उपलब्धियों जिक्र किया जाएगा। यह सम्मेलन आसियान-जापान व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा तय करेगा। दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के नेता सुरक्षा संबंधों को बढ़ावा देने के साथ ऊर्जा सहयोग पर पर भी बातचीत होगी। बीजिंग लगभग पूरे दक्षिण चीन सागर पर अपना दावा करता है, जो एक महत्वपूर्ण व्यापार गलियारा है, दक्षिण पूर्व एशियाई देशों द्वारा दावा किए जाने वाले क्षेत्रों में चीन के बढ़ते प्रभाव ने क्षेत्रीय तनाव को बढ़ा दिया है। सम्मेलन में इसे भी एक महत्वपूर्ण मुद्दे के रूप में शामिल किया जाएगा।

**खास बातें**

- जापान के टोक्यो शहर में आज शुरू हुआ शिखर सम्मेलन
- आसियान-जापान संबंधों की उपलब्धियों का होगा जिक्र
- आसियान-जापान व्यापक रणनीतिक साझेदारी की दिशा तय करेगा

### विवादों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर

*इस शिखर सम्मेलन में जापान और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) समुद्री सुरक्षा सहयोग सहित नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक क्षेत्र जो स्वतंत्र और खुला हो और विवादों के शांतिपूर्ण समाधान व क्षेत्रीय अखंडता पर जोर दिया जाएगा। सितंबर में आसियान देशों की सेनाओं ने अपना पहला संयुक्त अभ्यास आयोजित किया। मेजबान इंडोनेशिया ने जोर देकर कहा कि वे गैर-लड़ाकू अभ्यास थे।*

**एशियाई नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन समुदाय**

एशियाई नेट जीरो कार्बन उत्सर्जन समुदाय मंच की बैठक ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथनी अल्बानीज के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से होने वाली है। ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं।

### आसियान के बारे में जानिए



दक्षिणपूर्व एशियाई देशों का संगठन (आसियान) एक क्षेत्रीय समूह है, जिसका उद्देश्य अपने 10 सदस्यों: ब्रुनेई, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, म्यांमार, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड और वियतनाम के बीच आर्थिक और सुरक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। आसियान देशों की कुल आबादी 662 मिलियन है और संयुक्त सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 3.2 ट्रिलियन डॉलर है। समूह ने एशियाई आर्थिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाई है।

## भारत की पहली राजकीय यात्रा पर आज आएंगे ओमान के सुल्तान



ओमान के सुल्तान हैथम बिन तारिक भारत की तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर 16 दिसंबर को नई दिल्ली पहुंचेंगे। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, ओमान के राष्ट्राध्यक्ष के साथ वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों का उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत दौरे पर आएगा। बताना चाहेंगे ओमान के सुल्तान की भारत की पहली राजकीय यात्रा हैं, जो भारत और ओमान के बीच राजनयिक संबंधों में नए आयाम को दर्शाती है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि ओमान के सुल्तान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मु उनका औपचारिक स्वागत करेंगे।

### भारत के ओमान के साथ सदियों पुराने संबंध

उल्लेखनीय है कि भारत के ओमान के साथ सदियों पुराने संबंध हैं। भारत और ओमान के बीच ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक संबंधों पर आधारित दीर्घकालिक मित्रता है। साल 2018 में, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओमान यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों में एक महत्वपूर्ण अध्याय को जोड़ा।

अंतर्राष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने सरकार का बड़ा कदम

# भारत में विदेशी फिल्म बनाने पर मिलेगी 30 करोड़ रुपए तक की प्रोत्साहन राशि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने भारत में शूटिंग के लिए अधिक विदेशी फिल्म निर्माताओं को आकर्षित करने के लिए नई प्रोत्साहन योजना की घोषणा की है। जिसमें इस वर्ष नवंबर 2023 तक 35 विदेशी फिल्म परियोजनाओं को भारत में फिल्म निर्माण की अनुमति दी गई।

संसद में उत्तर देते हुए कहा कि वर्ष 2022 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 28 और वर्ष 2021 के लिए स्वीकृत फिल्मों की संख्या 11 थी। उन्होंने संसद को बताया कि बड़े बजट की अंतर्राष्ट्रीय फिल्म परियोजनाओं को आकर्षित करने के लिए इस प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा को पहले के 2.5 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है, वहीं प्रोत्साहन का अधिकतम प्रतिशत 35% से बजाय बढ़ाकर 40% कर दिया गया है।



### प्रोत्साहन योजना अप्रैल 2022 से है प्रभावी

संसद में जानकारी देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऑडियो-विजुअल सह-निर्माण संधि के तहत फिल्मों के सह-निर्माण के लिए और भारत में विदेशी फिल्मों के निर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना 01 अप्रैल 2022 से प्रभावी है। इस योजना का जिसका उद्देश्य भारत को अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों के निर्माण के लिए एक पसंदीदा डेस्टिनेशन बनाना है, और इसके साथ ही रोजगार सृजित करना और भारत में विदेशी मुद्रा का प्रवाह बढ़ाना है।



### भारतीय कंटेंट होना जरूरी

यही नहीं विदेशी फिल्मों की लाइव शूटिंग के दौरान 15% या अधिक भारतीय क्रू को रोजगार देने पर 5% बोनस लिया जा सकता है। शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन के लिए ऐसी फिल्म अतिरिक्त 5% का दावा कर सकती है जिसमें भारतीय संस्कृति, प्रतिभा और पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण भारतीय कन्टेंट हो। बड़े बजट की परियोजनाओं इस प्रोत्साहन की अधिकतम सीमा को पहले के 2.5 करोड़ रुपए से बढ़ाकर 30 करोड़ रुपए कर दिया गया है।

### सिंगल विंडो सुविधा

*विदेशी फिल्म निर्माताओं के लिए एक ऑनलाइन सिंगल विंडो सुविधा एवं मंजूरी तंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से नवंबर 2018 में वेब पोर्टल की शुरुआत की। एफएफओ वेब पोर्टल को उसके बाद से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के पोर्टल और रेल मंत्रालय के साथ एकीकृत किया गया है। ज्ञात हो कि भारत में फिल्म बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय फिल्म निर्माताओं, कलाकारों और फिल्म निर्माण दल से जुड़े अन्य सदस्यों के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए वैध एक से अधिक बार प्रवेश की सुविधा के साथ फिल्म वीजा की शुरूआत की गई है।*

### परियोजनाएं आकर्षित करने प्रोत्साहन योजना को और अधिक सरल बनाया गया

*उन्होंने बताया कि ज्यादा अंतर्राष्ट्रीय परियोजनाएं आकर्षित करने के लिए मंत्रालय द्वारा इस प्रोत्साहन योजना को बढ़ाया और सरल बनाया गया है। 20 नवंबर 2023 को घोषित संशोधित प्रोत्साहन योजना के अनुसार, विदेशी फिल्म निर्माण की सभी पात्र परियोजनाएं और ऑडियो विजुअल सह-निर्माण संधि के तहत बनाई जा रही सब फिल्में, भारत में किए गए योग्य खर्च पर 30% का नकद प्रोत्साहन ले सकती हैं।*

मालदीव समेत 5 देशों में मच गया हाहाकार

# भारत ने 5 देशों पर प्याज निर्यात पर लगाया प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में प्याज की उपलब्धता और इसकी कीमत को नियंत्रण में रखने के लिए भारत सरकार ने मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर रोक लगा दी है। भारत के इस कदम का पड़ोसी देशों पर भी असर पड़ा है। भारत द्वारा प्याज के निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंध के बाद पड़ोसी देश बांग्लादेश, नेपाल, भूटान, श्रीलंका और मालदीव में प्याज की कीमत आसमान छू रही है।

8 दिसंबर को विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) की ओर से जारी आदेश के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध रहेगा। अगस्त में भारत ने त्योहारी सीजन को देखते हुए प्याज निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगा दिया था। अक्टबूर में भारत ने प्याज निर्यात के लिए न्यूनतम मूल्य 800 डॉलर प्रति टन कर दिया था। 31 दिसंबर को यह मियाद खत्म हो रही थी।

### मालदीव और नेपाल प्याज के लिए भारत पर निर्भर



भारत द्वारा बैन लगाने से पहले मालदीव में जो प्याज 200 से 350 रूफिया प्रति पैकेट बिक रहा था। वही प्याज अब 500 रूफिया प्रति बोरी से लेकर 900 रूफिया प्रति बोरी बिक रहा है। मालदीव के आर्थिक मंत्री मोहम्मद सईद ने आश्वस्त किया है कि बैन के कारण प्याज खरीद में व्यवधान का सामना नहीं करना पड़ रहा है। दरअसल, भारत ने मालदीव सहित कुछ देशों को छूट भी दी है, लेकिन वर्तमान में मालदीव प्याज के लिए पाकिस्तान और चीन पर ज्यादा निर्भर है। मालदीव के नए राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू और उनकी पार्टी को चीन समर्थक के रूप में देखा जाता है।

### बांग्लादेश में प्याज 200 टका किलो

बांग्लादेश में प्याज की कीमत 200 टका प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। पहले प्याज की कीमत 130 टका प्रति किलोग्राम थी। भूटान में प्याज 150 नगुल्ट्रम प्रति किलोग्राम बिक रहा है। यही प्याज पहले 50 से 70 नगुल्ट्रम प्रति किलो बिक रहा था। नेपाल में प्याज की कीमतें लगभग दोगुनी हो गई है। जो प्याज 100-100 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा था, जो अब प्याज 200 रुपए प्रति किलोग्राम बिक रहा है। नेपाल और मालदीव प्याज आयात के लिए भारत पर निर्भर है। मालदीव में जो प्याज 200 से 350 रुफिया प्रति पैकेट बिक रहा था।




यात्रा करना हुआ आसान

# केन्या और ईरान में भारतीयों से नहीं मांगा जाएगा वीजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने 12 दिसंबर को घोषणा की कि जनवरी 2024 से विदेशी आगंतुकों को देश में प्रवेश करने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं होगी। विदेश यात्रा पर जाने वाले भारतीय लोगों को अब केन्या और ईरान के लिए वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी। दोनों देशों ने खुद को वीजामुक्त देश बनाने का ऐलान कर दिया है। ईरान ने भी अपने देश में आने वाले 33 देशों के यात्रियों के लिए वीजा की जरूरत को खत्म कर दिया है।

### यहां भी यात्रा वीजामुक्त



श्रीलंका, थाईलैंड और मलेशिया ने भारतीयों को वीजा-मुक्त प्रवेश देने का फैसला किया था। भारतीय पासपोर्ट धारक अब 57 देशों की यात्रा बिना वीजा की समस्या के कर सकते हैं। इस सूची में वीज़ा-मुक्त यात्रा, वीज़ा-ऑन-अराइवल सुविधाएं और इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल ऑथराइज़ेशन की पेशकश करने वाले देश शामिल हैं।

# दो ट्रेनों की भीषण टक्कर, 515 घायल, 102 की टूटी हड्डियां

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन की राजधानी बीजिंग में इन दिनों भारी बर्फबारी हो रही है। भारी हिमपात के बीच दो सबवे ट्रेन में भिड़ंत होने से 515 लोग घायल हो गए और 102 लोगों की हड्डियां टूट जाने की खबर है।

घायलों को भर्ती कराया गया है। बीजिंग के चांगपिंग लाइन पर एक सबवे ट्रेन के डिब्बे अलग हो गए। जिससे यह हादसा हुआ है। बीजिंग नगर परिवहन आयोग ने कहा कि दुर्घटना गुरुवार शाम को लगभग 7 बजे हुई। पटरियों पर फिसलन के कारण आगे चल रही ट्रेन खुद रुक गई। पीछे से आ रही ट्रेन समय रहते ब्रेक नहीं लगा पाई और वह फिसल गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109